मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.5 | 11.8 |
| जमशेदपुर | 27.2 | 12.6 |
| डालटनगंज | 26.0 | 12.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * *






www.lagatar.in | शुक्रवार, 05 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 1, अंक : 258 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


# अवैध खनन मामले में ईडी की छापेमारी में मिले 36.99 लाख

डीसी के ठिकानो से 21 कारतूस भी मिले

## साहिबगंज डीसी को जल्द समन जारी करेगी ईडी

सौरभ सिंह। रांची



साहिबगंज में अवैध खनन मामले को लेकर बुधवार को ईडी की टीम ने 12 ठिकानों पर छापेमारी की. इस दौरान आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और नकदी बरामद हुई. साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपए सहित 36.99 लाख रुपए बरामद किए गए. इसके अतिरिक्त डीसी राम निवास यादव के आवास परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और .45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी मिले हैं.

तलाशी में 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया है. अवैध खनन मामले में ईडी ने अब तक 51 ठिकाने पर छापेमारी की है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया है.

**सैलरी से पैसे नहीं निकाले :** ईडी पता चला कि साहिबगंज में पोस्टिंग के बाद डीसी ने अपनी सैलरी अकाउंट से पैसे नहीं निकाले. सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा.

ईडी के हाथ लगे हैं कई अहम सबूत

## रौशन की डायरी में अफसरों के नाम व रुपये का जिक्र

संवाददाता। रांची



इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बुधवार को चुटिया के कृष्णा पुरी में रहने वाले रौशन सिंह उर्फ रौशन सरदार के घर पर छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी को यहां से कई अहम जानकारियां मिली हैं.

छापेमारी के बाद जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक ईडी को रौशन के घर से एक डायरी मिली है. डायरी में आईपीएस और डीएसपी रैंक के कुछ पुलिस अधिकारीयों के नाम दर्ज हैं. साथ ही रुपए का जिक्र है. एजेंसी के अधिकारियों को शक है कि रौशन के तार अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से भी जुड़ा हो सकता है. क्योंकि बड़ी-बड़ी रकम का कच्चा हिसाब किताब डिजिटल डिवाइस में लिखा मिला है. सूत्रों के मुताबिक रौशन बहुत ज्यादा दिन से सक्रिय नहीं है. वह कुछ दिन पहले ही सत्ता शीर्ष से संपर्क रखने वाले लोगों के संपर्क में आया और उसने लाइजनिंग का काम शुरू किया. रौशन द्वारा कई आईपीएस और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को फोन भी किया गया है.

### रौशन के करीबी एक चर्चित सीओ, अब ईडी के रडार पर

संवाददाता। रांची

ईडी ने बुधवार को जिस रौशन कुमार उर्फ रौशन सरकार के घर छापेमारी की है, उसके संबंध जमीन के कारोबारियों से रहे हैं. रांची के एक चर्चित सीओ उसकी मदद करते रहे हैं. शुरुआत में जब जिले के अफसर रौशन को भाव नहीं देते थे, तो उसी सीओ ने रौशन की पावर और हनक के बारे में अपने साथी अफसरों को बताया. रेवेन्यू सेक्शन में शायद ही कोई अफसर होगा, जिसे सीओ साहब ने रौशन की पैरवी के लिए फोन न किया हो. आलम यह था कि जब रौशन का कोई काम फंसता था, तब सीओ साहब खुद उसकी पैरवी करने उसके साथ चले आते थे. ईडी की रेड के बाद इस बात की चर्चा काफी तेज है कि एजेंसी अब उस सीओ के यहां भी दबिश दे सकती है, क्योंकि फिलहाल चतरा जिले में तैनात वह अफसर रौशन का सबसे बड़ा राजदार है.

विनोद सिंह के ठिकाने पर पहुंची ईडी

## रोस्पा टावर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी की रेड

संवाददाता। रांची



राजधानी के मेन रोड स्थित रोस्पा टावर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी ने छापेमारी की. गुरुवार को विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट कार्यालय में ईडी की टीम ने देर शाम तक कागजातों की जांच-पड़ताल की. इससे पहले बुधवार को ईडी ने कार्रवाई करते हुए ग्रिड कंसल्टेंट को सील कर दिया था.

ईडी ने छापेमारी के दौरान विनोद सिंह के रातू रोड स्थित घर से 25 लाख रुपए नकद और निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किये थे.

**विनोद के मोबाइल से व्हाट्सऐप चैट डिटेल मिले :** विनोद सिंह के मोबाइल से नेताओं और अफसरों के साथ व्हाट्सऐप चैट डिटेल मिले हैं. बताया जा रहा है, कि ईडी की छापेमारी से पहले विनोद सिंह का कर्मचारी राकेश कुमार कई दस्तावेज लेकर फरार हो गया. ईडी की टीम ने अवैध खनन मामले में बुधवार को सीएम के प्रेस सलाहकार समेत अन्य लोगों के 12 ठिकाने पर छापेमारी की थी.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,300 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

### ब्रीफ खबरें

**केजरीवाल को लगा नया झटका**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को नया झटका लगा है. उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक प्रयोगशाला में कथित फर्जी परीक्षणों की सीबीआई से जांच की सिफारिश की है. राज निवास के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी है.

**मुझे गिरफ्तार कराना चाहती है भाजपा**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार कराना चाहती है.

**कांग्रेस विधायक के परिसरों में छापेमारी**

**चंडीगढ़।** ईडी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत गुरुवार को राज्य के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की.

**एनसीपी विधायक पर केस दर्ज करने की मांग**

**शिरडी।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा- शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र अव्हाड के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि भगवान राम "मांसाहारी" थे और पशुओं का शिकार करते थे. भाजपा ने उनके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है.


**ज्ञानवापी पर आज आएगा फैसला**

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब 5 जनवरी को फैसला सुनाएगी. इसको लेकर दोनों पक्षों की निगाहें अदालत के फैसले लगी हैं.

**अविनाश को विकास व राजीव को सदस्य राजस्व पर्षद का प्रभार**

**रांची।** राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार को विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है. वहीं राजीव अरूण एक्का को सदस्य राजस्व पर्षद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. अविनाश कुमार अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग के साथ गृह विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। वहीं अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग रांची के पद पर पदस्थापित राजीव अरुण एक्का को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सदस्य राजस्व परिषद झारखंड रांची का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. राजीव अरुण एक्का अपर मुख्य सचिव कल्याण विभाग के भी प्रभार में रहेंगे.

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 3 हफ्ते में अधिसूचना जारी करने का दिया निर्देश



# झारखंड में नगर निकाय चुनाव का रास्ता साफ




विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने तीन 3 सप्ताह के भीतर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने को कहा है. हाईकोर्ट में पार्षद रोशनी खलखो बनाम झारखंड सरकार के मामले में गुरुवार को जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में सुनवाई हुई. सरकार ने केस में विकास किशन राव बनाम महाराष्ट्र सरकार की रिट याचिका संख्या 980/2019 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय का स्पष्ट निर्देश है कि बिना ट्रिपल टेस्ट कराए निकाय/पंचायत चुनाव न कराए जाएं. यही वजह है कि अभी तक झारखंड में नगर निकाय चुनाव नहीं कराए जा सके हैं.

प्रार्थी के अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का उक्त आदेश मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों के लिए था. विनोद सिंह ने कहा कि इस मामले में झारखंड सरकार का जवाब अधूरा है. चुनाव न कराकर हेमंत सोरेन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भी अवहेलना की है. आखिर में फैसला सुनाते हुए जस्टिस आनंदा सेन ने याचिका निष्पादित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने स्थानिक और संवैधानिक ब्रेकडाउन किया है. कोर्ट ने राज्य सरकार को 3 हफ्ते में चुनाव की घोषणा कर नोटिफिकेशन जारी करने को कहा है.

### रोशनी खलखो की रिट याचिका पर जस्टिस आनंदा सेन ने सुनाया फैसला

**याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने क्या दलील दी**

सरकार की दलील के प्रत्युत्तर में याचिकाकर्ता रोशनी खलखो के अधिवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि सरकार न केवल 74वें संविधान संसोधन का उल्लंघन कर रही बल्कि आधा जवाब देकर कोर्ट को गुमराह कर रही है. अधिवक्ता ने कहा कि सरकार चुनाव न कराने को लेकर विकास किशन राव गवली बनाम महाराष्ट्र सरकार वाले केस का जिक्र तो करती है, लेकिन सुरेश महाजन बनाम एमपी सरकार की रिट याचिका संख्या 278/2022 का जिक्र नहीं करती, जहां सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट करा कर निकाय/पंचायत चुनाव कराना चाहिए. लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि चुनाव कराए ही न जाएं. दलील दी कि किसी भी परिस्थिति में चुनाव नहीं कराना गलत है. सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बिना चुनाव हो ही नहीं सकते. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार चुनाव कराने का आदेश जारी करती है, तो कोई नहीं रोक सकता.

**याचिकाकर्ता रोशनी खलखो ने क्या कहा**

हाईकोर्ट ने कहा है कि 3 हफ्ते में घोषणा करनी होगी. सरकार चुनाव कराना नहीं चाहती थी, लेकिन कोर्ट ने हमारी बात सुनी. जिस चीज को मुख्यमंत्री और सरकार नहीं समझ पा रहे थे, उसे कोर्ट ने समझा. जनता की मूलभूत जरूरत क्या होती है. जनता की बातें कहां से आएगी. न्यायालय ने हमारी बात सुनी. यह केवल हमारी ही नहीं बल्कि पब्लिक की जीत है. सरकार का स्वार्थ नहीं था तो चुनाव क्यों नहीं कराती थी. सरकार केवल अपना हित सोच रही थी.

**साल 2020 से ही पेंडिंग हैं निकाय चुनाव**

झारखंड में साल 2000 से ही 14 नगर निकायों के चुनाव लंबित हैं. रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, मेदिनीनगर, गढ़वा, चतरा, मधुपुर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, मिहिजाम, आदित्यपुर नगर निगम, चिरकुंडा, फुसरो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़, चाईबासा के अलावा कपाली, नगर उंटारी, हुसैनाबाद, छतरपुर, लातेहार, डोमचांच, राजमहल, बरहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, खूंटी, बुंडू और सरायकेला-खरसांवा का भी निकाय बोर्ड भंग कर दिया गया है. यहां बता दें कि साल 2020 के मई महीने में ही देवघर,चास नगर निगम,धनबाद के अलावा विश्रामपुर, झुमरी तिलैया, गोमिया, चक्रधरपुर नगर परिषद व कोडरमा, बड़की सरिया, धनवार, हरिहरगंज, बचरा व महगामा नगर पंचायत का कार्यकाल पूरी हो गया था. जबकि उसी साल मई महीने में ही बाकि 34 नगर निकायों का कार्यकाल भी पूरा हो गया था. फिलहाल निकायों का कार्य धिकारियों की देखरेख में हो रहा है. लेकिन चुनाव की तारीख के ऐलान के हाईकोर्ट के आदेश बाद सभी ने राहत की सांस ली है.

### ओबीसी आरक्षण पर आजसू फिर जा सकती है सुप्रीम कोर्ट



हाईकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड में निकाय चुनाव की नयी आस जगी है. लेकिन राज्य में होनेवाले निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण सबसे बड़ा रोड़ा बना हुआ है. पूर्व में जारी निकाय चुनाव की अधिसूचना पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए ओबीसी आरक्षण पर झारखंड सरकार को स्थिति साफ करने का निर्देश दिया था. निकाय चुनाव में ओबीसी चुनाव को लेकर शुभम संदेश संवाददाता ने गोमिया से आजसू विधायक लंबोदर महतो से बात की. विधायक ने साफ कहा कि आजसू पार्टी पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी. ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. जिसमें झारखंड सरकार की तरफ से शपथ पत्र देकर बताया गया था कि उसकी ओर से ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट राज्य पिछड़ा आयोग की ओर से कराया जाएगा. जबकि राज्य में पिछड़ा आयोग कई वर्षों से नहीं है.ऐसे में ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ है. इस तरह से राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का काम किया है. आजसू पार्टी फिर से सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी.

भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरा टेस्ट

## 107 ओवर चला इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच, भारत सात विकेट से जीता

सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी। केपटाउन



दूसरी पारी में बुमराह ने झटके 6 विकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच टीम इंडिया ने सात विकेट से अपने नाम किया. इस मैच में जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज 1-1 से ड्रॉ करा ली. सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीता था. इस मैच में जीत के साथ ही रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ कराने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए. इससे पहले 2011 में महेंद्र सिंह धोनी ने अफ्रीका में सीरीज ड्रॉ कराई थी. भारत ने 31 साल के इतिहास में पहली बार केपटाउन में कोई टेस्ट मैच जीता है. यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे छोटा मैच रहा, जिसमें कोई टीम विजेता साबित हुई. यह मुकाबला सिर्फ 107 ओवर में खत्म हो गया. इसका मतलब है कि इस मुकाबले में सिर्फ 642 मान्य गेंदें (नो और वाइड बॉल को छोड़कर) की गईं. इससे पहले 1932 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 109.2 ओवर में खत्म हो गया था. यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था.

-पेज 14 भी देखें

| दक्षिण अफ्रीका | | भारत | |
|---|---|---|---|
| पहली पारी : 55/10 | दूसरी पारी : 176/10 | पहली पारी : 153/10 | दूसरी पारी : 80/3 |
| एडेन मार्करम | जसप्रीत बुमराह | रोहित शर्मा | नांद्रे बर्गर |
| 2, 106 रन | 2, 6 विकेट | 39, 17* रन | 3, 1 विकेट |

यात्रा का नाम बदला गया, इंडिया गठबंधन को भेजेंगे न्यौता

## अब होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

प्रमुख संवाददाता। रांची




लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिर यात्रा पर निकलने वाले हैं. 14 जनवरी से शुरू होनी वाली इस यात्रा का नाम 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' होगा. इस बात की जानकारी कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दी. इससे पहले इस यात्रा नाम 'भारत न्याय यात्रा' दिया गया था. जयराम रमेश ने कहा, यात्रा की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी. यात्रा 14 जनवरी दोपहर 12 बजे से शुरू होगी. यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हरी झंडी दिखाएंगे. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर विचार जनता के समक्ष रखेंगे. 6,700 किमी लंबी यात्रा 15 राज्यों से होकर गुजरेगी. इस दौरान राहुल बस और पद यात्रा करेंगे. -शेष पेज 13 पर

**राहुल गांधी ओडिशा से ज्यादा झारखंड में रहेंगे**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद 14 जनवरी से राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा पर निकलेंगे. इस दौरान राहुल 14 राज्यों से होकर गुजरेंगे. ये यात्रा 20 मार्च तक चलेगी. इस दौरान राहुल गांधी फरवरी माह में झारखंड आएंगे. राहुल गांधी झारखंड में 8 दिनों तक रुकेंगे. इस दौरान 13 जिलों से होकर उनकी यात्रा गुजरेगी. राहुल गांधी झारखंड में 804 किलोमीटर की यात्रा करेंगे. गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बीच महत्वपूर्ण बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव और भारत न्याय यात्रा पर चर्चा हुई.

# उगिलत-लीलत प्रीत घनेरी



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**संविधान में यह शब्द है ही नहीं, जिस सेक्युलर शब्द की चर्चा हर सियासी मोड़ और बुद्धि विलासी जलसे में बार-बार होती है.वह भी मूल संविधान में नहीं है.**

प्रसंगवश

राम जी जो न करायें. उनकी मर्जी के आगे किसी की चलने वाली नहीं है. तुलसीदास ने लिखा ही है-होइहिं सोइ जो राम रचि राखा, को करि तर्क बढ़ावहिं साखा. इतना ही नहीं राम तर्क से परे हैं-राम अतर्क बुद्धि मन बानी. उनकी व्याप्ति सर्वत्र है, लेकिन उनकी प्राप्ति प्रेम और श्रद्धा से ही संभव है-प्रभु व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम ते प्रकट होंहि मैं जाना. उसी राम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने जा रही है. यह विघ्नसंतोषियों को रास नहीं आ रहा है. लेकिन वे निरुपाय हैं. वे मंदिर निर्माण के विरुद्ध सारे प्रयत्न कर चुके हैं. यह मंदिर न कोई सरकार बनवा रही है और न कोई पार्टी. इसे बनवा रहा है सुप्रीम कोर्ट से अधिसूचित एक ट्रस्ट. अलबत्ता इस निर्माण कार्य की देख रेख में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगे हैं और प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे. इसलिए सियासत होनी ही थी. पहले कहा गया कि प्रधानमंत्री संवैधानिक पद पर रहते हुए यह कार्य कैसे कर सकते हैं. यह धर्मनिरपेक्षता के विरुद्ध है. लेकिन यह सवाल ठहर ही नहीं पाया, क्योंकि सोमनाथ मंदिर के नवनिर्माण कार्य के मुख्य यजमान तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद थे और उस निर्माण कार्य के प्रणेता गृह मंत्री सरदार पटेल थे. जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है, संविधान में यह शब्द है ही नहीं. जिस सेक्युलर शब्द की चर्चा हर सियासी मोड और बद्धि विलासी जलसे में बार-बार होती है, वह भी मूल संविधान में नहीं है. संविधान सभा में बहस के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर सहित कतिपय विद्वानों ने कहा था कि संविधान में माइनॉरिटी और सेक्युलरिज्म दोनों कैसे रह सकते हैं. इनमें से किसी एक को हटाना पड़ेगा. चूंकि जवाहरलाल नेहरु माइनॉरिटी पर अड़ गये, इसलिए सेक्युलर शब्द हटा दिया गया था. इसे प्रस्तावना में जोड़ा गया 1976 में जब इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगा कर पूरे देश को जेलखाना बना दिया था और लोकतंत्र को हवा में टांग दिया गया था. खैर जब धर्मनिरपेक्षता का पटाखा फुस्स हो गया, तब यह कहा गया कि प्रधानमंत्री के बदले मुख्य अतिथि राष्ट्रपति को बनाया जाना चाहिए. लेकिन मुख्य अतिथि कौन होगा, इसका फैसला तो ट्रस्ट को ही करना था. हां गनीमत यह रही कि इस फैसले के खिलाफ अदालत की कुंडी नहीं खटखटाई गयी. शायद पता था कि इससे केवल भद्द ही पिटती.

पहले राउंड में पिछड़ने के बाद विपक्ष ने एक नया शिगूफा छोड़ा कि राम पर भाजपा का एकाधिकार नहीं है. राम सबके हैं. इसलिए दूसरे दलों को भी निमंत्रण मिलना चाहिए. ट्रस्ट ने यह मांग मान ली या यों कहें कि विपक्ष ने यह मांग रखने में हड़बड़ी कर दी. अब देश की नामचीन हस्तियों तथा विपक्षी नेताओं को नेवता मिल गया है. जिन्हें नहीं मिला है, उन्हें भी शायद मिल ही जाये. लेकिन इससे विपक्ष फंस गया है. उसकी हालत भइ गति सांस छछूंदर केरी, उगिलत लीलत प्रीत घनेरी यानी स्थिति दुविधा की है. सांप छूछूंदर को निगले या उगले गंवाना उसे ही है. जिन्हें निमंत्रण नहीं मिला है या नहीं मिलेगा उनकी मौज है. लेकिन जिन्हें ट्रस्ट ने आदरपूर्वक बुलाया है, वे क्या करें? -शेष पेज 13 पर

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को

संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- पहले 16-17 दिसंबर को होनी थी परीक्षा, लेकिन हुई स्थगित
- परीक्षा के लिए जल्द जारी होगा एडमिट कार्ड

जेएसएससी सचिवालय सहायक की परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होगी. यह परीक्षा कई जिलों में होगी. इसके लिए जेएसएससी ने पत्र जारी किया है. परीक्षा तीन पालियों में होगी. इसके लिए जेएसएससी ने शुक्रवार को सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है.

इससे पहले परीक्षा 16- 17 दिसंबर को होनी थी, लेकिन किसी कारण से स्थगित हो गयी थी. परीक्षा के लिए जल्द एडमिट कार्ड जारी होगा. परीक्षा को ले जेएससससएससी को कई जिलों ने सीट मैट्रिक्स दे दिया है. वहीं जिन जिलों ने सीट मैट्रिक्स नहीं दी है, उनमें लातेहार, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा, गिरिडीह गोड्डा, लोहरदगा, देवघर एवं सरायकेला-खरसावां शामिल हैं. उन्हें सीट मैट्रिस जल्द देने को कहा गया है. शुक्रवार की बैठक में बाकी चीजों को तय कर लिया जाएगा और परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा ली जाएगी. इससे पहले परीक्षा 16 और 17 दिसंबर 2023 को परीक्षा होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित कर दी गई थी. बताते चलें कि इस परीक्षा में लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है.

# झारखंड सरकार और हॉकी इंडिया के बीच एमओयू साइन






एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को झारखंड सरकार और हॉकी इंडिया के बीच एमओयू साइन हुआ. झारखंड की ओर से हॉकी इंडिया को 5 करोड़ (स्पॉन्सरशिप) का चेक सौंपा गया. मौके पर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर खेल सचिव मनोज कुमार और खेल निदेशक सुशांत गौरव मौजूद रहे. वहीं हॉकी झारखंड की ओर से हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

## हॉकी इंडिया के महासचिव ने आभार व्यक्त किया

एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर के बाद हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है. यह भारत में हॉकी को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. उन्होंने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया. भोला नाथ सिंह ने एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम को टूर्नामेंट की मेजबानी देने के लिए आभार व्यक्त किया.

### सफल आयोजन के लिए पूरा सहयोग करेंगे : मनोज कुमार

खेल सचिव मनोज कुमार ने कहा कि एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से जुड़ने पर गर्व है. यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो खेल भावना को दर्शाता है. झारखंड इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है. कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं. उन्होंने झारखंड को मेजबानी देने के लिए हॉकी इंडिया का आभार जताया. साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग करने की बात कही. कहा कि सुरक्षा से सफाई तक सभी सुविधाएं दी जाएंगी.

### जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी आज झारखंड में, टटोलेंगे नब्ज

**रांची।** झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी पांच जनवरी से झारखंड दौरे पर रहेंगे. वे पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे. 21 जनवरी को नीतीश कुमार के रामगढ़ में होने वाली जनसभा की तैयारियों पर भी पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे. डॉ चौधरी शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे.

## सभी पावर कंपनियों का बकाया किया चुकता

# कर्ज से उबर गया झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम

रवि भारती। रांची

राज्य गठन के बाद पहली बार झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम कर्ज से उबर गया है. वितरण निगम ने सभी पावर कंपनियों का बकाया चुकता कर दिया है. एनटीपीसी, डीवीसी, टीवीएनएल सहित अन्य निजी कंपनियों का भी बकाया दे दिया है. सिर्फ हर महीने के करेंट बिल का ही पेमेंट करना है. हालांकि डिस्प्यूट मैटर नहीं सुलझने के कारण लगभग 200 करोड़ का बकाया है. यह मामला साल 2014 से चला आ रहा है.

**2024-25 के टैरिफ के लिए सौंपा 10 हजार करोड़ का प्रस्ताव :** बिजली वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को 10 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव सौंपा है. वितरण निगम के अनुसार नए टैरिफ से रेवेन्यू गैप को पाटा जा सकेगा. फिलहाल वितरण निगम का रेवेन्यू गैप घट कर 6200 करोड़ रुपये हो गया है.

**दिसंबर में 385 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली :** दिसंबर 2023 में बिजली वितरण निगम को बिजली बिल से 385 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई. इसके अलावा राज्य सरकार से 200 करोड़ रुपये सब्सिडी के रूप में मिले. इस हिसाब से वितरण निगम के खाते में 585 करोड़ रुपये आए.

## एनटीपीसी, डीवीसी, टीवीएनएल का बकाया नहीं

### नयी बिजली दर से कितने राजस्व प्राप्ति का है प्रस्ताव

| श्रेणी | प्रस्ताव करोड़ में |
|---|---|
| घरेलू | 5276.31 |
| कॉमर्शियल | 1080.29 |
| एसएस कटेगरी | 81.92 |
| एलटी कनेक्शन | 371.14 |
| सिंचाई | 161.49 |
| एचटी | 2735.01 |
| रेलवे | 74 |
| एमईएस | 12.80 |


### वित्तीय वर्ष 2023-24 में कितने करोड़ की खरीदी बिजली

| कंपनी का नाम | कितने करोड़ की बिजली |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2092.06 करोड़ |
| एनएचपीसी | 93.89 करोड़ |
| पीटीसी | 119.06 करोड़ |
| सेंट्रल सेक्टर | 2305.01 करोड़ |
| डीवीसी | 1556.30 करोड़ |
| टीवीएनएल | 877.46 करोड़ |
| आधुनिक पावर | 421.37 करोड़ |
| सोलर | 286.43 करोड़ |
| पवन | 244 करोड़ |

### सिर्फ करेंट पेमेंट ही बाकी

किस क्षेत्र में कितना किया खर्च

1. वित्तीय वर्ष 2023-24 में इंफ्रास्ट्रक्चर पर 2780.87 करोड़ रुपए खर्च किए गए
2. आरडीडीएसएस स्कीम के तहत 1322.52 करोड़ रुपए खर्च किए गए
3. रांची में स्मार्ट मीटरिंग में 90 करोड़ रुपये खर्च किए गए.
4. मीटिरंग में 153.73 करोड़ रुपये खर्च किए



> अब किसी भी पावर कंपनी का बकाया नहीं है. सिर्फ करेंट बिल का ही पेमेंट होना है. दिसंबर के 385 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई है.
>
> – ऋषि नंदन, जीएम कॉमर्शियल रेवेन्यू

### सरफराज का इस्तीफा अस्वाभाविकः बाबूलाल

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरफराज अहमद का संदिग्ध परिस्थितियों में विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देना अस्वाभाविक है. झारखंड में किसी गैर विधायक को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास चल रहा है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने गिरफ्तारी की आशंका से बौखलाहट में हैं. गुरुवार के बाबूलाल ने उक्त बातें एक्स पर एक पोस्ट में कही है. उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिए ये सीट खाली करायी गयी है.

**सीएम पर साधा निशाना :** बाबूलाल मरांडी ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो उन्हें ईडी के समक्ष पेश होना चाहिए और ईडी के सवालों का जवाब देना चाहिए. अगर सीएम हेमंत सोरेन सही हैं, तो फिर ईडी के समक्ष हाजिर होकर जवाब देने में परेशानी क्यों हो रही है? सीएम को गिरफ्तारी का डर सता रहा है. इसीलिए गांडेय विधानसभा सीट खाली करवा कर विकल्प तैयार कराया गया है.

## राज्य सरकार की पहल

# प्रशासनिक सेवा का होगा पुनर्गठन

- बीडीओ का पदस्थापन होगा ग्रामीण विकास विभाग
- चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित



प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में अब राज्य प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन किया जाएगा. चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में इसके लिए एक कमेटी भी गठित कर दी जाएगी. कमेटी में फाइनांश सेक्रेटरी, सेक्रेटरी ग्रामीण विकास और सेक्रेटरी राजस्व विभाग को सदस्य बनाया गया है. कार्मिक विभाग के सेक्रेटरी को मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है. कार्मिक ने इससे संबंधित संकल्प जारी कर दिया गया है.

### क्यों पड़ी प्रीमियर सेवा की जरूरत

दूसरे राज्यों की अपेक्षा राज्य प्रशासनिक सेवा के सदस्य काफी उम्र होने पर एसडीओ एवं एडीएम एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं अपर सचिव, स्पेशल सेक्रेटरी तथा आइएएस में पूर्णतया होकर पहुंच पाते हैं. कार्मिक विभाग के 24 दिसंबर 2020 के आदेश द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के लिए विभिन्न स्तर के संवर्गीय पदों की संख्या निर्धारित एवं चिन्हित है.

### नए सिरे से तय किए जाएंगे पोस्ट

प्रीमियर सेवा के तहत नए सिरे से पद तय किए जाएंगे. सीओ की पोस्टिंग राजस्व सेवा एवं बीडीओ के लिए ग्रामीण विकास सेवा का अलग से गठन होगा. राज्य सरकार ने इसके लिए झारखंड प्रशासनिक सेवा संपर्क का पुनर्गठन कर प्रीमियर सेवा बनाने के साथ-साथ झारखंड राजस्व सेवा एवं झारखंड ग्रामीण विकास सेवा का गठन करने का निर्णय लिया है.

- अब जानी जाएगी प्रीमियर सेवा रूप में
- राजस्व सेवा में होगी सीओ की पोस्टिंग

## स्वास्थ्य और वन विभाग में हेड ऑफ डिपार्टमेंट ही नहीं

# बदले जाएंगे कई सचिव, विकास आयुक्त

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विकास आयुक्त और सदस्य राजस्व पर्षद का पद रिक्त हो गया है. 31 दिसंबर को 2023 को अरुण सिंह के रिटायरमेंट के बाद यह पद खाली हो गया है. अरुण सिंह स्वास्थ्य विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में थे. इस कारण स्वास्थ्य विभाग में भी हेड ऑफ डिपार्टमेंट का पद रिक्त है. वहीं एल खियांग्यते को मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद वन विभाग में भी हेड ऑफ डिपार्टमेंट का पद रिक्त हो गया है. वन विभाग एल खियांग्यते के पास था. वहीं सदस्य राजस्व पर्षद का पद नवंबर 2023 से ही रिक्त है. इस पर अपर मुख्य सचिव रैंक के अफसर एपी सिंह पदस्थापित थे. वे नवंबर 2023 में रिटायर हो गए.

### राजस्व पर्षद सदस्य का पद खाली





चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार को भी बदला जा सकता है. इसकी वजह यह है कि वह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मूल पद पर भी हैं. चुनाव आयोग द्वारा जारी सरकुलर में कहा गया है कि आम चुनाव के मद्देनजर आयोग में पदस्थापित वैसे अफसर जो किसी विभाग के प्रभार में हैं, उनको चुनाव के छह माह पूर्व प्रभार वाले विभाग से हटाया जाना है. के रवि कुमार स्कूली शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार में भी हैं.

### हटाए जा सकते हैं कृषि सचिव

चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में कृषि सचिव को भी बदला जा सकता है. 23 अप्रैल 2020 को खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव बने अबु बकर सिद्दीकी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था. 15 जुलाई 2020 से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव की पूरी जिम्मेदारी मिल गई. कृषि विभाग के बाद भी उनके पास खान विभाग के सचिव और जेएसएमडीसी के चेयरमैन का भी अतिरिक्त प्रभार रहा. यह पद अगस्त 2020 में तब उनके हाथ से निकला जब पूजा सिंघल खान सचिव बनीं. लेकिन पूजा सिंघल की गिरफ्तारी व निलंबन के बाद एक बार अबु बकर सिद्दीकी को खान विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई.

CLASSIFIED














































# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शुक्रवार, 05 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 258 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




पेज 14

ओलंपिक क्वालीफायर्स

## रांची पहुंची इटली की टीम



**रांची।** पहली बार ओलंपिक में जगह बनाने के इरादे से इटली महिला हॉकी टीम गुरुवार को रांची पहुंची. एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलीफायर्स 2024 में अपनी शुरूआत इटली टीम फेडेरिका कार्टा और सारा पुग्लीसी के नेतृत्व में 13 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी. रांची पहुंचते ही कैप्टन सारा पुग्लीसी ने आगामी टूर्नामेंट के बारे में उत्साह व्यक्त किया और अपकमिंग मैचों के लिए टीम की तैयारियों पर खुलकर बातचीत की. उन्होंने कहा कि हमने कुछ महीनों की साझा तैयारियां की हैं.

तेजी से घट रहा सीतारामपुर डैम का **जलस्तर**

# जनवरी में ही 16 फीट पहुंचा जलस्तर

संवाददाता। आदित्यपुर

आदित्यपुर के रिहायशी इलाकों को जलापूर्ति का लाभ देने वाला सीतारामपुर डैम का जलस्तर तेजी से घट रहा है.अभी जनवरी का माह ही चल रहा है. ऐसे में 16 फीट पर जलस्तर पहुंचना खतरे की घंटी है. पीएचईडी के अभियंता ने कहा कि मुश्किल से 6 महीने तक जलापूर्ति करने का स्टॉक बचा है. इस बीच अगर बारिश होती है, तो जलापूर्ति निरंतर जारी रहेगी, अन्यथा हमें मार्च से ही राशनिंग व्यवस्था के तहत जलापूर्ति करनी पड़ेगी. बता दें कि डैम की क्षमता 21 फीट है, जिसमें 7 फीट से ज्यादा गाद भरी हुई है. हालांकि गाद को हटाने के लिए सामाजिक संस्था जन कल्याण मोर्चा ने पीआईएल दर्ज कराई थी. इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 14.76 करोड़ रुपए की सीतारामपुर डैम का गाद हटाने की योजना बनी थी, लेकिन फिलहाल मामला ठंडे बस्ते में है.

### डैम की गाद हटाने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

बता दें कि सीतारामपुर डैम की कुल क्षमता 21 फीट का है. डैम में 7 फ़ीट गाद भरी हुई है, जिसे निकालने के लिए सामाजिक संगठन झारखंड लीगल एंड एडवायजरी डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के द्वारा हाईकोर्ट में पीआईएल दर्ज कराया गया था. इसके बाद कोर्ट के आदेश पर 14.76 करोड़ रुपए की योजना सीतारामपुर डैम की गाद हटाने की बनी, लेकिन वर्तमान में प्रस्ताव ठंडे बस्ते में है.

### पीएचईडी के अभियंता ने कहा- 6 महीने तक जलापूर्ति का है स्टॉक

- डैम की क्षमता 21 फीट, 7 फीट से ज्यादा भरा हुआ है गाद
- कोर्ट के आदेश पर 14.76 करोड़ रुपए की लागत से बनी थी गाद हटाने की योजना



### सीतारामपुर डैम का निर्माण 1963 में हुआ था

बता दें कि सीतारामपुर डैम का निर्माण 1963 में हुआ था. तब डैम से आसपास सिंचाई और जलापूर्ति करने का उद्देश्य बना था. लेकिन डैम आज जर्जर स्थिति में है. डैम का रखरखाव शून्य है. वर्ष 2018 में डैम का क्षतिग्रस्त स्पिलवे गेट भी जनहित याचिका दायर करने के बाद बनी, जिसका परिणाम है कि आज डैम में पानी का स्टोरेज बढ़ा है अन्यथा हर वर्ष जुलाई अगस्त तक डैम पानी देने की स्थिति में नहीं होता था.

### 13000 परिवारों और 1000 उद्योगों को होती है जलापूर्ति

बता दें कि सीतारामपुर डैम से आदित्यपुर के करीब 13 हजार परिवारों और 1000 उद्योगों को पाइप लाइन से जलापूर्ति का लाभ मिलता है. पिछले दिनों डैम के घटते जलस्तर को देखते हुए तत्कालीन नगर निगम के अपर आयुक्त ने डैम और फ़िल्टर प्लांट का निरीक्षण कर डैम के गाद की सफाई का प्रस्ताव पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मांगा था. बता दें कि डैम के निर्माण के बाद से ही इसकी कभी सफाई नहीं हुई है. 19.2 वर्ग किलोलीटर का यह डैम घटकर 1000 वर्ग किलोलीटर पर आ गया है.

### डैम में 7 मीटर गाद भर गयी

डैम की गहराई करीब 7 मीटर गाद से भर गया है. ऐसे में डैम से होनेवाली जलापूर्ति की क्षमता भी 5 मिलियन गैलन से घट कर 3.5 मिलियन गैलन पर आ गया है. इससे पाइप लाइन जलापूर्ति में फ़ोर्स नहीं रहता है. लोगों को भरपूर पानी नहीं मिलता है. पूर्व में मीटर आधारित बिल लिया जाता था, जिसे विभाग को फिक्स करना पड़ा है. इन्हीं कारणों से वर्ष 2017 में झारखंड लीगल एडवाइजरी डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने जनहित याचिका दायर की थी. तब हाईकोर्ट ने सही समय पर डैम का गाद हटाने का आदेश विभाग को दिया था. विभाग के ईई ने 14 करोड़ 76 लाख 7 हजार 900 रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा भी, लेकिन वह ठंडे बस्ते में चला गया है.

## ब्रीफ खबरें

### हाईवा की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र स्थित पचगावां मोड़ के समीप हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी. वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार, नवलशाही बाजार निवासी राहुल साव (17 वर्षीय) और विंडोमोह नवलशाही निवासी अनस खान (17 वर्षीय) डोमचांच से जिम करके अपनी बाइक से घर जा रहे थे. इसी क्रम में पचगावां मोड़ के समीप हाइवा ने अचानक टर्न ले लिया. जिसकी वजह से बाइक उसकी चपेट में आ गयी. हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये.

### डीसी के पास इटखोरी मंदिर की वित्तीय शक्तियां

**रांची।** हाईकोर्ट ने चतरा स्थित प्रसिद्ध इटखोरी मंदिर की वित्तीय शक्तियों के इस्तेमाल के लिए वहां के डीसी को अधिकृत किया है. मंदिर समिति की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा नयी कमिटी की शक्तियों पर भी रोक लगा दी है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल इटखोरी मंदिर की पुरानी समिति को भंग कर धार्मिक न्यास बोर्ड ने नयी कमिटी का गठन किया है. जिसमें अलग-अलग राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हैं. पुरानी कमिटी पांच दशक से ज्यादा समय से सक्रिय थी.

### छात्रा के साथ मकान मालिक ने किया दुष्कर्म

**रांची।** शहर के तुपुदाना ओपी क्षेत्र में 12 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने पुलिस से इसकी शिकायत की. उसने कहा कि उसके साथ घर के मालिक ने पहले छेड़छाड़ की बाद में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पीड़िता की शिकायत पर तुपुदाना प्रभारी मीरा सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी घर मालिक को गिरफ्तार कर लिया है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**धनबाद।** धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने गुरुवार को शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भवती होने पर शादी से इन्कार करने के आरोपी पूर्वी टुंडी निवासी छोटेलाल मुर्मू को 20 साल कैद की सजा सुनाई है. साथ ही उस पर 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है. पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत पर 29 मार्च 2023 को दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी युवक छोटेलाल मुर्मू पीड़िता के साथ वर्ष वर्ष 2018 से मोबाइल पर बात करता था. इस दौरान दोनों में प्रेम हो गया. अप्रैल 2019 में छोटेलाल ने पीड़िता को फोन कर सुंदर पहाड़ी के पास बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया. इसके बाद भी कई बार उसके साथ संबंध बनाया था.पीड़िता गर्भवती हो गई और उसे सात महीने का गर्भ था. जब उसने आरोपी से शादी की बात कही, तो उसने इंकार कर दिया. अनुसंधान के दौरान उसने डीएनए जांच कराने से भी इंकार कर दिया था.

जेल आईजी ने धनबाद जेल अधीक्षक को चेताया

# जेल में खूनी संघर्ष की आशंका

अमित सिन्हा। धनबाद



जेल आईजी उमा शंकर सिंह ने धनबाद जेल अधीक्षक को पत्र लिख कर चेताया है कि जेल के भीतर कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है. इसको लेकर पहले से सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है. जेल अधीक्षक ने कहा है कि प्राप्त सूचना के अनुसार वर्तमान में जेल के भीतर तीन गुट बन गए हैं. अमन सिंह गुट, आशीष रंजन गुट एवं प्रिंस खान गुट बन गए हैं. इसके साथ ही जेल के भीतर अमन सिंह की हुई हत्या के बाद से तनातनी की स्थिति बनी हुई है. इन दिनों तीनों गुटों के बीच कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है.

जेल आईजी ने इस आशंका को लेकर सतर्कता बरतने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा है कि जेल के भीतर किसी प्रकार की कोई घटना न हो इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किये जाएं. इसके साथ ही सतर्कता के लिए किए गए इंतजाम की पूरी रिपोर्ट जेल अधीक्षक से मांगी गई है. वहीं स्पेशल ब्रांच ने धनबाद उपायुक्त, एसएसपी, कोयला क्षेत्र के डीआईजी एवं आईजी को पत्र लिख कर जेल में खूनी संघर्ष होने की आशंका जताई है. जिले के अधिकारियों को पत्र लिख कर यह आशंका जताई गई है कि जेल के भीतर बने तीन गुटों अमन सिंह गुट, आशीष रंजन गुट एवं प्रिंस खान गुट के बीच कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है. मालूम हो कि जेल के भीतर ही अमन सिंह को गोलियों से भून दिया गया था. इससे पहले अमन सिंह गैंग एवं प्रिंस खान गैंग के बीच भी हिंसक झड़प हो चुकी है. जेल प्रशासन एहतियातन अब तक 9 कैदियों को दूसरे जिले के जेलों में भेज चुका है. इसके बावजूद जेल के भीतर खूनी संघर्ष की आशंका बनी हुई है.

धनबाद जेल के कैदियों ने की भूख हड़ताल

### कोर्ट में हाजिरी को आए कैदियों ने बताया अंदर के हालात

**धनबाद।** अमन सिंह की हत्या के बाद से धनबाद जेल लगातार सुर्खियों में बना हुई है. कभी धनबाद जेल आराम परस्ती के लिए जाना जाता था, लेकिन अब प्रशासन का डंडा खूब जमकर चल रहा है. नतीजा गुरुवार को धनबाद जेल के दर्जनों कैदी प्रशासनिक व्यवस्था से नाराज होकर भूख हड़ताल पर बैठ गए. जेल से बाहर कोर्ट में हाजिरी देने आए कैदियों ने अपने अधिवक्ताओं से खुलासा किया कि कैदी गुरुवार को हड़ताल पर बैठ गए हैं. बताते चलें कि धनबाद जेल के अस्पताल वार्ड में बंद यूपी के शूटर अमन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. इस वारदात के बाद प्रशासन ने जेल पर निगाह टेढ़ी कर दी है. धनबाद जेल में प्रतिदिन मुलाकातियों की लइन लगी रहती थी. जो फिलहाल पूरी तरह से बंद है. वहीं कैदियों का गुट अलग-अलग मेस बनाकर अपना-अपना मनचाहा भोजन बनाकर खाते थे, ये भी जेल प्रबंधन की तरफ रोक दिया गया है. इसके साथ ही वार्ड से नियत समय पर बाहर निकाला और फिर समय से ही वार्ड अंदर किया जा रहा है. ऐसे में रंगदार किस्म के लोग परेशान हैं. साथ ही प्रसासन की सख्ती का असर आम कैदियों पर भी पड़ रहा है. जेल में कैदियों से मुलाकात न हो पाने के कारण परिजनों में भी नाराजगी देखी जा रही है.

# हड़ताल जारी रही तो राशन वितरण के लिए होगी वैकल्पिक व्यवस्था : मंत्री

संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- 1 जनवरी से 25 हजार दुकानदार हड़ताल पर
- राज्य के 65 हजार लाभार्थी हो रहे प्रभावित

झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने गुरुवार को कहा कि यदि उचित मूल्य की दुकानें बंद रहती हैं, तो सरकार को राशन वितरण के लिए ''वैकल्पिक व्यवस्था'' करनी होगी. राज्य में उचित मूल्य की दुकान कारोबारियों ने अपनी बेमियादी 'राशन बंद' हड़ताल जारी रखी. 1 जनवरी को 25,000 एफपीएस कारोबारी ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन द्वारा दिए गए राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन 'राशन बंद' आह्वान में शामिल हुए. हड़ताल से केंद्र और राज्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं के 65 लाख लाभार्थी प्रभावित हैं.

राज्य के खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, रामेश्वर उरांव ने बताया कि राज्य सरकार मामले के समाधान के लिए एफपीएस कारोबारियों के साथ बातचीत कर रही है. हमारे विभाग के सचिव अमिताभ कौशल ने उनकी मांगों को लेकर उनके साथ चर्चा की है और वे सरकार के जवाब से संतुष्ट हैं. उनकी मांगें पहले से ही विचाराधीन हैं. इसलिए कोई समस्या की बात नही है. उन्होंने बताया कि यदि डीलर अड़ियल रवैया अपनाते हैं और हड़ताल जारी रखते हैं तो राशन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर भी चर्चा हो है. हमें गरीबों के बीच राशन वितरित करना है. इसलिए, एक वैकल्पिक योजना पर भी विचार किया जा रहा है, उन्होने कि मैं इसका खुलासा नहीं करूंगा.

**हमें आश्वासन नहीं समाधान चाहिए :** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसो. की झारखंड इकाई के महासचिव संजय कुंडू ने कहा कि हमने सरकारी अफसरों के साथ चर्चा की है, लेकिन हम समस्याओं का मजबूत समाधान चाहते हैं, न कि आश्वासन. इसलिए, हमने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री के साथ बैठक का अनुरोध किया है. उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को जिला डीलर एसो. के साथ बैठक होनी है. बैठक में रखे गए प्रस्तावों के आधार पर हम मंत्री से मिलेंगे. सरकार मांगों पर सहमत होती है, तो हम आंदोलन वापस ले लेंगे. कुंडू ने कहा, एफपीएस डीलर कमीशन को एक रुपए प्रति किलो से बढ़ा कर 3 रुपए प्रति किलो करने और कारोबारी की मृत्यु के मामले में अनुकंपा पर परिवार के सदस्य को दुकान की मांग कर रहे हैं. कारोबारी कोविड अवधि के दौरान राशन वितरण के एवज में 13 महीने के कमीशन की भी मांग कर रहे हैं. देशव्यापी आंदोलन का आह्वान डीलरों की विभिन्न मांगों जैसे कारोबारियों के लिए 50,000 की न्यूनतम मासिक आय गारंटी, विश्व खाद्य कार्यक्रम की सिफारिशों को लागू करने और ई-पीओएस उपकरणों के माध्यम से वितरण की अनुमति देने के लिए किया गया है.

# रांची में कोयला कारोबारी की गोली मारकर हत्या

संवाददाता। रांची

**खास बातें**

- स्कॉर्पियो से आए अपराधियों ने फॉर्च्यूनर पर की गोलीबारी

राजधानी रांची में दिनदहाड़े कोयला कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई. यह घटना गुरुवार की दोपहर जिले के रातू थाना के पिर्रा में हुई. जहां स्कॉर्पियो पर सवार होकर आए पांच अपराधियों ने कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की फॉर्च्यूनर गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की. गोलीबारी में बुरी तरह से घायल अभिषेक श्रीवास्तव को मेडिका अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी मौत हो गई है.

**अभिषेक को मारी गई कुल 11 गोलियां :** बताया जाता है कि अभिषेक श्रीवास्तव अपनी काले रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से अपने रातू रिंग रोड स्थित आस्थापुरम आवास लौट रहे थे. इसी दौरान पहले से घात लगाए पांच अपराधी काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में अभिषेक के आने का इंतजार कर रहे थे. जैसे ही अभिषेक अपने अपार्टमेंट वाली गली में घुसा, अपराधियों ने उसे निशाना बना अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. अभिषेक की कार के शीशे को छेदते हुए 11 गोलियां अभिषेक को लगीं, अभिषेक को गोली मारने के बाद अपराधी काले रंग की स्कॉर्पियो से ही रिंग रोड की तरफ से फरार हो गए. हत्या के पीछे किसी आपराधिक गिरोह का हाथ बताया जा रहा है. जिस तरह फ़िल्मी अंदाज में हत्या की है.

# एनसीसीएफ 60 रुपये किलो बेच रहा चना दाल

अमित सिंह। रांची

भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) प्रदेश में 65 रुपए किलो चना दाल बेच रहा है. इसके लिए मोबाइल वैन लगाई गई है. एनसीसीएफ की मोबाइल वैन गुरुवार को एचईसी जेपी मार्केट पहुंचा. वहां आम जनता को 65 रुपए किलो चना दाल उपलब्ध करायी गयी. बाजार में यह चना दाल 75 से 80 रुपए किलो बिक रही है. वहीं झारखंड सरकर की संस्था पलास ने चना दाल बिक्री की कीमत 90 रुपए तय किया है.

ऐसे में एनसीसीएफ उपभोक्ताओं को 15 से 20 रुपए किलो सस्ते दर पर उपलब्ध करा रहा है. एनसीसीएफ प्रदेश में जल्द 25 से 30 रुपए किलो आटा बेचने की तैयारी में लगा हुआ है.



### तीन विवि में परीक्षा का काम भी देख रही एजेंसी

एनसीसीएफ वही संस्था है, जो प्रदेश के तीन विवि में परीक्षा संचालित कराने का संपूर्ण कार्य करती है. इसके लिए विश्वविद्यालयों से एनसीसीएफ के सलाना करीब 10 करोड़ से ज्यादा का भुगतान होता है. रांची विवि रांची, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) धनबाद और विनोवा भावे विवि हजारीबाग के साथ एनसीसीएफ ने एमओयू किया है.

### सस्ता आटा-चावल भी उपलब्ध कराएगी एजेंसी

एनसीसीएफ के झारखंड ब्रांच मैनेजर बीबी सिंह ने इस संबंध में बताया कि एजेंसी हर कार्य में सक्षम है. प्रदेश में सस्ते दर पर उपभोक्ताओं के प्याज, आटा-दाल और चावल उपलब्ध कराने को लेकर काम चल रहा है. अभी प्याज और दाल सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है.

सिटी हॉस्पिटल में मिलीं भारी गड़बड़ियां

# हिमोग्लोबिन जांच में एक्सपायर्ड रेजिमेंट का हो रहा था इस्तेमाल

संवाददाता। जामताड़ा

राज्य स्तर पर गठित एंटी फ्रॉड स्कॉवायड टीम की ओर से समय-समय पर आयुष्मान भारत के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों की जांच की जाती है. जिले के दो निजी नर्सिंग होम सिटी हॉस्पिटल और पारस हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज किए गए मरीजों के भुगतान से संबंधित क्लेम किया गया है. क्लेम के भुगतान से पूर्व राज्य स्तर पर गठित एंटी फ्रॉड स्कॉवायड टीम स्वयं भी जांच करती है. इसके अलावे सिविल सर्जन से भी ओपनियन मांगा जाता है. गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण के निर्देश पर डीआरसीएचओ डॉ. डीसी मुंशी व सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दुर्गेश झा के नेतृत्व में गठित टीम ने सिटी हॉस्पीटल की जांच की. इस दौरान सिटी हॉस्पिटल में कई गड़बड़ियां मिली हैं. जहां जांच टीम को यह शिकायत मिली है कि बीते दिनों सिटी हॉस्पिटल में 25 वर्षीय एक महिला का ऑपरेशन किया गया था. उस दौरान महिला मरीज की बच्चादानी व ऑवेरी निकाल दी थी, जो गंभीर मामला है. इसके अलावे सिटी हॉस्पिटल के फ्रीज में ओ पॉजिटिव ग्रुप का एक युनिट ब्लड स्टोर कर रखा गया था, जिसमें मरीज का नाम भी अंकित नहीं था. इसके अलावे ब्लड चढ़ाने के बाद उसके पैकेट को भी फ्रीज में स्टोर कर रखा गया था.

**हाईकोर्ट का बड़ा फैसला** पॉक्सो एक्ट के तहत माना जाएगा यौन उत्पीड़न का अपराध

# किसी बच्ची का लगातार पीछा करना या घूरना यौन अपराध

विनीत आभा उपाध्याय। रांची



**खास बातें**

- हाईकोर्ट ने शिक्षक की जमानत अर्जी की खारिज
- छात्रा का लगातार पीछा करता रहा था शिक्षक

झारखंड हाईकोर्ट की ओर से एक बड़ा फैसला सुनाया गया है. हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी बच्ची का लगातार या बार-बार पीछा करना, घूरना या उससे जबरन संपर्क करने की कोशिश करना भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आने वाला अपराध है.

कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामले पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट 2012 की धारा 11 (4) के तहत संज्ञेय है. झारखंड हाईकोर्ट ने चतरा जिले की एक स्कूली छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोपी शिक्षक की जमानत अर्जी खारिज करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश दिया है. आरोपी शिक्षक राहुल यादव पर यह आरोप है कि वह स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से छेड़खानी करता था. पीड़िता ने स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की तो शिक्षक को स्कूल से हटा दिया गया. स्कूल से निकाले जाने के बाद बाद भी शिक्षक लगातार छात्रा का पीछा करता रहा. वह छात्रा से लगातार मिलने और जबरन बात करने का प्रयास भी करता था. इस मामले में केस दर्ज होने के बाद निचली अदालत में आरोपी शिक्षक के खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी. जस्टिस सुभाष चांद की बेंच ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शिक्षक की याचिका को खारिज कर दिया और उसके कृत्य को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत यौन उत्पीड़न का मामला करार दिया.

### हाईकोर्ट ने क्या कहा

दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपनी छात्रा पर बुरी नजर रखने वाले शिक्षक की डिस्चार्ज अर्जी को इस आधार पर खारिज कर दिया कि उसका कृत्य पॉक्सों अधिनियम की धारा 11(4) की परिधि में आता है. इस मामले में हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की बेंच में सुनवाई हुई. कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि पॉक्सो अधिनियम की धारा 11 के मुताबिक एक व्यक्ति यौन इरादे से बार-बार या लगातार किसी बच्चे का पीछा करता है या देखता है या फिर सीधे-सीधे या इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल डिवाइस के माध्यम से संपर्क करता है तो यह पॉक्सो अधिनियम की धारा 11(4) के मद्देनजर यौन उत्पीड़न माना जाएगा. इस मामले में पीड़िता की ओर से लोक अभियोजक अभय तिवारी ने बहस की.

### क्या है पॉक्सो एक्ट

दरअसल, बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए, उन्हें यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के लिए साल 2012 में पॉक्सो लागू किया गया था. इसका फुल फॉर्म होता है प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट. इस अधिनियम के तहत बालक को 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है. इस अधिनियम में लैंगिक भेदभाव नहीं है.

# जंगल से भागने के दौरान कुएं में गिरा हाथी, घायल

जुटा वन विभाग, रांची से आएगी विशेषज्ञों की रेस्क्यू टीम

दिलीप। चांडिल

चांडिल वन क्षेत्र अंतर्गत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के आंडा गांव में हाथी भगाओ दस्ता द्वारा हाथियों के झुंड को गांव से वापस जंगल की ओर भेजने के दौरान एक हाथी कुएं में गिर गया. घटना बुधवार देर रात की है. हाथी अंडा गांव के रोहिन मुंडा के कुएं में 30 फीट नीचे गिरा है. इससे हाथी के दाहिने पैर में चोट लगी है. कुएं में गिरने के बाद साथियों को साथ नहीं पाकर हाथी पूरी रात चिंघाड़ता रहा. हाथी की चिंघाड़ से ग्रामीण भयभीत हो गए. झुंड में 19-20 हाथी हैं, जिसे हाथी भगाओ दस्ता के चौका पालना टीम ने मुनीबेड़ा जंगल की ओर खदेड़ा जा रहा था.

### निकालने की जुगत में जुटा वन विभाग



हाथी के कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची. वन मैनेजर मिर्धा के साथ वनकर्मियों की टीम हाथी को निकालने की जुगत में है. 30 फीट नीचे गिरने के कारण कुएं के बगल में ही दो जेसीबी के सहारे गड्ढा खोदा जा रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### एटक का स्थापना दिवस मनाया गया

**बाघमारा।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) के 86 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार के दिन माटीगढ़ हाटमेंट कॉलोनी स्थित कार्यालय में मजदूरों एवं कामगारों के द्वारा यूनियन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर में 31जनवरी को सेवानिवृत होने वाले कर्मी एवं संघ के पदाधिकारी अजय कुमार पांडेय, अध्यक्ष बैजनाथ यादव एवं क्षेत्रीय सचिव तुलसी साव के द्वारा संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया गया. इसके उपरांत केक काटकर एवं मजदूरों के बीच मिठाइयां बांटकर स्थापना दिवस आपस में शेयर किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से यूनियन के अरसद हुसैन मुरारी पांडेय, भरत महतो, बीके बनर्जी उपस्थित थे.

### टीकाकरण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण

**महुदा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के पदाधिकारी व सिविल सर्जन डॉ. भानु चन्द्र प्रतापण गुरूवार को बाघमारा प्रखंड में चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे .इस दौरान प्रतापण महुदा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 141 राधानगर के भक्तुडीह पंहुचे. यहां वे आंगनबाड़ी केंद्र में साफ-सफाई, दवा का रजिस्टर सहित टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया. टीम में शामिल अधिकारियों ने वहां मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर टीकाकरण कार्यों की समीक्षा भी की. टीम के सदस्यों ने मौजूद सेविका, सहिया और एएनएम को आवश्यक निर्देश दिया. मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### बांग्ला भाषा की घोर उपेक्षा : बेंगू ठाकुर

**निरसा।** बांग्ला भाषी उन्नयन समिति की बैठक गुरुवार को निरसा काली मंदिर में शभीमचंद गोराई के अध्यक्षता में हुई. बैठक में समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि किसी भाषा के विकास के लिए उस भाषा का राजकीय समर्थन होना जरूरी है, परंतु सरकार ने बांग्ला भाषा के विनाश को मूल लक्ष्य बनाया है. नोबेल पुरस्कार विजेताओं की भाषा विलुप्त होने के कगार पर है. जबकि झारखंड के धार्मिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों में बांग्ला भाषा का प्रभाव है. आज भी गांव में बांग्ला जात्रा का मंचन होना, बंगला ज्योतिष कैलेंडर को मानना, पूजा पद्धति पर बंगला भाषा का प्रभाव है.

### दूसरे दिन भी क्षेत्र में तनाव बरकरार रहा

**झरिया ।** बुधवार की रात झरिया थाना क्षेत्र के ऊपरकुल्ही नूरी मस्जिद के समीप नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी . इस दौरान दोनों ओर से लाठी डंडे व ईट - पत्थर भी चले थे. वहीं मामले के बाद से ही क्षेत्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है. गुरुवार को भी क्षेत्र में काफी गहमा - गहमी देखी गई. यहां कभी भी बढ़ता हुआ तनाव हिंसक रूप ले सकता है. मामले में तीन एफआईआर दर्ज की गई है.

लोगों का कहना है कि जावेद वकील कुली स्थित कार्यालय के नाली पर स्लैब डलवा रहे थे, इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी मतीन इराकी बिस्कुट वाले और उनके बीच कहासुनी हो गई थी.

### सांसद ने जरूरतमदों के बीच कंबल बांटे

**धनबाद ।** धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने धनबाद प्रखण्ड अंतर्गत धोबनी बस्ती, कारिटांड़ बस्ती व गनसाडीह गांव में गुरुवार को कंबल वितरण किया . इस मौके पर सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल दिए गए. मौके पर नितिन भट्ट, सुरेश महतो, रमेश सिंह, संजय महतो, विकास मिश्रा, राजीव महतो, गौतम चौधरी, संतोष पासवान, बिनोद सिंह, सुधीर गोप, राधेश्याम गोप, रमेश महतो, चंडी पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### हटाए गए लाभुकों की पुन: जांच की मांग

**बाघमारा।** प्रखंड के माटीगढ़ पंचायत समिति सदस्या कल्पना देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक पत्र लिखकर अबुआ आवास योजना में काटे गए लाभुकों के नाम की पुन : जांच की मांग की है. ताकि जो जरूरत मंद हैं उन्हें सरकार की इस योजना का लाभ मिल सकें. पत्र में कहा गया है कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं उनमें अधिकांश के खपरैल के घर हैं.

---

भाई-बहन की 10 फरवरी को होनेवाली थी शादी, अब घर में पसर गया मातम

# ट्रेन हादसे में भाई ने गंवाए दोनों पैर

**संवाददाता। धनबाद**

**खास बातें**
- लाइन के किनारे-किनारे पैदल जा रहा था धनबाद स्टेशन
- पटरी पार करने के दौरान अचानक आ गई ट्रेन

बिहार के रफीगंज के रहनेवाले भाई-बहन की एक ही दिन यानी 10 फरवरी को शादी होनेवाली थी. शादी से पहले ही घर में मातम पसर गया. धनबाद स्टेशन के निकट गया पुल के पास गुरुवार को ट्रेन हादसे में भाई पप्पू आलम (25) ने अपने दोनों पैर गंवा दिया. अभी वह असर्फी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है.

हादसे की खबर पाकर घरवाले रफीगंज से असर्फी अस्पताल पहुंच चुके हैं, उनका रो-रो कर बुरा हाल है. जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व हिट एंड रन कानून के विरोध में देशभर में ट्रक चालकों की हड़ताल थी. हड़ताल के दौरान ट्रक चालक पप्पू आलम बरवाअड्डा में ट्रक खड़ा कर पांडरपाला स्थित अपने मालिक के घर पहुंच गया. दो दिन रहने के बाद गुरुवार को गांव से फोन आने पर अपने मालिक को सूचना देकर ट्रेन से रफीगंज जानेवाला था.

दोपहर में पांडरपाला से रेलवे लाइन के किनारे-किनारे पैदल धनबाद स्टेशन जा रहा था. गया पुल के पास रेलवे पटरी पार कर रहा था, तभी अचानक अप लाइन पर ट्रेन आ गई. जबतक वह कुछ समझ पाता और रेलवे लाइन के किनारे से हटता, उससे पहले उसके दोनों पैर ट्रेन के नीचे आ गए. पलक झपकते ही दोनों पैर कट गये और वह पटरी के किनारे दूर जा गिरा. वह दर्द से तड़पने लगा, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी. उसने किसी तरह उसी हालत में जेब से मोबाइल निकाला और अपने मालिक को फोन कर सूचना दी. खबर पाकर पप्पू का मालिक पांडरपाला से घटनास्थल पर पहुंचा. देखते ही देखते आरपीएफ-जीआरपी भी पहुंच गई. फिर उससे अस्पताल पहुंचाया गया.

### विधायक सिन्हा ने किया अक्षत- पत्रक का वितरण

**धनबाद ।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने चार जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक का वितरण बैंकमोड़ स्थित जमुनाबाई रोड में घर-घर जाकर किया. विधायक ने सभी से आग्रह है कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में कम से कम 5 दिए जरूर जलाएं और प्रभु श्रीराम के अयोध्या में विराजमान (प्राण-प्रतिष्ठा) होने के दिन को दिवाली की तरह मनाएं. इस अवसर पर मानस प्रसून, अमरकांत पांडेय, पिंटू वर्मा, कृष्ण वर्मा, छोटू सिंह, रमेश यादव, धीरज कुमार, छेदी भाई, अनिल सिंह, दिवाकर सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, रामकेश पांडेय, जितेंद्र मालाकार के साथ अन्य मौजूद थे.

### आओ जानें

## चौथी पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशेषताएं

- चौथी पीढ़ी के कम्प्यूटर का समय अवधि लगभग 1975 से 1990 तक माना जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में वीएलएसआई का उपयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में उच्च स्तरीय भाषा का प्रयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में बैच ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ साथ मल्टी प्रोग्रामिंग ऑपरेटिंग सिस्टम का भी उपयोग किया जाता है.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में स्टोरेज के लिए सेमीकंडक्टर मेमोरी का उपयोग किया जाता हैं.
- उदाहरण – PENTIUM-PC-XP

---

पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से की मुलाकात,ग्रामीणों के विरोध के बावजूद

# हंगामें के बीच जारी रही ओबी डंपिंग





**संवाददाता। कतरास**

**खास बातें**
- पूर्व मंत्री ने कहा- मिल बैठकर हल निकालना है
- ग्रामीणों पर पत्थरबाजी, दो घंटे मार्ग जाम किया गया

ग्रामीणों के हंगामे के बाद भी जोगता 15 नंबर में कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा गुरुवार को भी धड़ल्ले से ओबी डंपिंग होती रही.वही डंपिंग के दौरान आउटसोर्सिंग के कथित गुर्गे ओबी पहाड़ी के उपर हरवे हथियार के साथ डटे रहे.मामले को लेकर विधायक ढुल्लू महतो व जलेश्वर महतो भी पहुंचे और गहमागहमी का माहौल बना रहा.

इधर ग्रामीणों की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो अपने समर्थकों के साथ जोगता 15 नंबर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए. महतो ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सिजुआ एरिया के महाप्रबंधक से मोबाइल से बात की. महाप्रबंधक ने समस्या को लेकर आवेदन देकर वार्ता कर निदान करने की बात कही.वहीं ग्रामीणों के विरोध के बाद भी आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों की दुःसाहस इतनी थी कि जलेश्वर महतो के उपस्थित में ओबीआर की डंपिंग कार्य करवाते रहे .पूर्व मंत्री ने कहा कि दोनों ओर गरीबों के बाल बच्चे हैं. उनकी मानसिकता नहीं है कि दोनों को आपस मे लड़ाई करवा दे. इस मामले को आपस में मिल बैठकर निदान करना है. बताया जाता है कि बुधवार को जबरन ओबीआर डंपिंग के दौरान आउटसोर्सिंग के कथित गुर्गों के द्वारा ग्रामीणों के उपर पत्थरबाजी की गई. रोष में आकर ग्रामीणों ने जोगता, सिजुआ व जोगता , टाटा भेलाटांड मुख्य मार्ग को जाम करीब दो घंटे तक जाम कर दिया गया था.

**ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त :** बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा इस दौरान कॉलोनी की बिजली व्यवस्था बाधित कर दी थी. बिजली काटे जाने के बाद ग्रामीणों में काफी रोष था.करीब 300 क्वाटर में बिजली व्यवस्था अवरुद्ध हो गयी. मामला तनावपूर्ण बना हुआ है. ग्रामीणो ने प्रबंधन पर आरोप लगाया कि एक सोची समझी साजिश के तहत कुछ गुंडों के बल पर ओबीआर डंपिंग करवा रही है. साथ ही कॉलोनी के लोगों को परेशान करने की नीयत से बिजली व्यवस्था अवरुद्ध कर दी गई है. ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष बिकास सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की इस प्रकार की दोरंगी नीति किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

एक साजिश के तहत करीब दो हजार लोगों के समक्ष बिजली की किल्लत उत्पन्न कर दी गई है. जो मानवता को शर्मसार कर रहा है. कहा गया कि अगर समय रहते डंपिंग कार्य को उक्त स्थल से बंद कर बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की जाती है तो आरपार की लड़ाई होना तय है.मौके पर विकास सिंह, गोविंद चौहान, छोटू रवानी, कृष्णा राम, नूर आलम, धर्म तुरी, संजय तुरी, शंभु तुरी, लालबहादुर पासवान, हलीम अंसारी, अनीता देवी, मीना देवी, प्रताप चौहान, विकास चौहान उपस्थित थे.

### जोगता नागरिक समिति ने बीसीसीएल सीएडी का पुतला दहन किया

**कतरास।** जोगता नागरिक समिति ने बिजली, पानी की समस्या को लेकर गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीसीसीएल सीएडी समीरन दत्ता का पुतला जोगता मोड में जलाया. इस दौरान ग्रामीणों ने बीसीसीएल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की . समिति के सदस्यों ने बताया कि पहले पानी बिजली की समस्या के समाधान के लिए एक आवेदन जोगता नागरिक समिति ने सीएडी सहित कंपनी अधिकारियों को सौंपा था.पत्र के आलोक में कंपनी ने दस दिन का समय मांगा था. बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन ने कोई साकारात्मक पहल नहीं की .कहा गया कि अगर जल्द से जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो जोगता नागरिक समिति उग्र आन्दोलन करेगी. मौके पर जोगता नागरिक समिति अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, मुकेश गुप्ता,मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, मन्नु महतो, संतोष पासवान, अजय चौहान, हसीब खान, असगर मियां, महेश साव, भुनेश्वर रजवार,श्रीधर पाण्डेय, भोला पासवान, बिन्दवा देबी, शांति देवी, रीना देवी,सीता देवी, संजय गुप्ता,कारु पासवान, मोहम्मद मिनाज आलम मौजूद थे.

## झारखंड पुलिस मेंस एसो. का नामांकन खत्म, 7 को चुनाव

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड पुलिस मेंस एसोसिशन धनबाद शाखा का चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. गुरुवार को सभी प्रत्याशी अपना नामांकन केंद्र पदाधिकारी सह चुनाव पदाधिकारी के सामने नामांकन भरा. वहीं नाम वापसी की तिथि 5 जनवरी है. 7 जनवरी को मतदान एवं मतगणना होगी.चुनाव में विजेता प्रत्याशी भी मैदान में उतर गए हैं. सभी प्रत्याशी पुलिस लाइन से लेकर थाना और ओपी में पदस्थापित सिपाही व हवलदार का वोट अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं . इस बार कई नए प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं. वर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार रवि फिर से अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार हैं. वहीं वर्तमान पदाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, सचिव पद पर रमेश राम उपाध्यक्ष शंभू कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संयुक्त सचिव पर यमुना कुमार, केंद्रीय सदस्य चंदन कुमार, यादव अंकेक्षक पद पर मंजू देवी खड़ी हैं. दूसरे खेमे में अध्यक्ष पद पर हवलदार लोर सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष पद पर रितेश कुमार, सचिव पर हीरालाल महतो, कोषाध्यक्ष पर मस्त मौला यादव, संयुक्त सचिव पर विपुल कुमार, केंद्रीय सदस्य पर मोहम्मद साजिद वही अंकेक्षक पद पर जोहन उरांव खड़े हैं. तीसरी खेमे में उपाध्यक्ष पर रंजन महतो, संयुक्त मंत्री रमेश महतो, अंकेक्षक पर हामिद अंसारी खड़े हैं. वहीं कई लोग निर्दलीय भी चुनाव मैदान में खड़े हैं.

## बीसीसीएल के कर्मचारी पर लाखों रुपए की ठगी का आरोप

- बरोरा पुलिस से शिकायत

**संवाददाता। बरोरा**

बीसीसीएल में अप्रेंटिस कराने के नाम पर बीसीसीएल के कर्मचारी कुंदन सिंह द्वारा लगभग 80 लोगों ने बीस लाख रुपये फर्जी तरीके से ठगी करने की शिकायत बरोरा पुलिस से की गई है.शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है . ठगी को लेकर मुराईडीह निवासी कन्हाई कन्हाई कर्मकार ने बरोरा थाना में गुरुवार की शाम लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि मुराईडीह कालोनी कालोनी के रहने वाले कुंदन सिंह जो बीसीसीएल मुराईडीह ऑफिस में कार्यरत हैं. उपरोक्त कर्मी द्वारा बरोरा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके के आईटीआई पास युवकों से बीसीसीएल में अप्रेंटिस पास कराने के नाम पर 80 विद्यार्थियों से प्रति छात्र 25 हजार ठगी की गई है . ठगी में मानव संसाधन विकास विभाग के लेटर का इस्तेमाल किया गया . साथ ही बरोरा क्षेत्र के जीएम का फर्जी हस्ताक्षर कर सभी छात्रों को अप्रेंटिक्स के लिए भेजा गया है. प्रशिक्षण के दौरान पेमेंट नहीं होने पर जांच की गई तो ऑफर लेटर फर्जी पाया गया. कुंदन सिंह तथा उसकी पत्नी द्वारा गाली गलौज करते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई . उक्त आरोपी पर शंकर कुमार चौहान,दुर्गा चरण तिवारी,शुभम कुमार, राकेश कुमार,अमरजीत कुमार ,जितेंद्र रंजन,करन कुमार भारती ,सुमित तिवारी,अनुराग कुमार ,राजन साव,अरविंद नोनिया,हिमांशु कुमार साव,अमर जीत नोनिया आदि आई टी आई छात्रों से ट्रैनिंग के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है.

---

## हंगामे के बाद अंगारपथरा के 3 परिवार दूसरी जगह शिफ्ट

**संवाददाता। कतरास**



कतरास क्षेत्र के अंगारपथरा कांटा पहाड़ी पैच के समीप वर्षों से रह रहे आठ में से तीन परिवारों को बीसीसीएल प्रबंधन ने गुरुवार को दूसरी जगह शिफ्ट कराया. इससे पहले लोगों ने कोलियरी कार्यालय के समक्ष जमकर हंगामा किया.उनका कहना था कि एकेडब्लूएमसी कोलियरी के तत्कालीन पीओ संजय चौधरी ने उनलोगों को 25-25 हजार रुपए मुआवजा देने और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया था. तीन परिवार के लोग पहले ही अलग-अलग जगहों पर शिफ्ट हो चुके हैं. लेकिन अभी तक किसी को भी मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है. उनलोगों को अंगारपथरा स्थित सीआईएसएफ कैंप के बगल में शिफ्ट करने को कहा जा रहा है. वहां का आवास भी काफी छोटा है. ऐसे में परिवार का गुजारा कैसे करेंगे. कोलियरी प्रबंधक संजय सिंह ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया. रवि राउत, गणेश भुइयां समेत 3 परिवार के लोग वहां से दूसरी जगह शिफ्ट होने पर राजी हो गए. मौके पर कोलियरी प्रबंधक के अलावा सुरक्षा अधिकारी प्रेम लाल शर्मा, धौड़ा सुपरवाइजर अमित दुबे, इंचार्ज सतीश विद्यार्थी मौजूद थे.

### प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरुद्ध काम ठप करने की चेतावनी दी गई

**बाघमारा।** न्यू मधुबन कोल वाशरी में आउटसोर्सिंग के तहत राज्य सरकार एवं बीसीसीएल के दिशा-निर्देश एवं नियमावली के तहत स्थानीय बेरोजगार रैयत को प्रबंधन द्वारा आश्वासन के उपरांत भी नियोजन उपलब्ध नहीं कराने के खिलाफ 5 जनवरी से वाशरी का काम ठप करने की चेतावनी दी है. इस संबंध में वाशरी के समक्ष धरना पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि 19 दिसंबर के दिन वाशरी प्रबंधन एवं मेसर्स एचईसी तथा उसके सहयोगी आउटसोर्सिंग कंपनी चेन्नई राधा स्वामी के वार्ता हुई थी. जिसमें प्रबंधन द्वारा श्रमिकों, कामगारों की नियुक्ति संबंधी नियमावली के तहत 15 दिनों के अंदर नियोजन देने की सहमति दी गई थी. परन्तु प्रबंधन द्वारा दिया गया आश्वासन मात्र झूठा साबित हुआ.

कोयला मजदूरों ने झोड़ा हाथ में लेकर प्रदर्शन किया

## रोज 60-60 गाड़ी कोयला देना होगा : ढुल्लु

**संवाददाता। बाघमारा**



बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के अधीन नदखरकी, बेनीडीह एवं जमुनिया कोल डंप में लोकल सेल के तहत पर्याप्त एवं उन्नत किस्म का कोयला उपलब्ध कराने की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों का आंदोलन गुरुवार दूसरे दिन भी जारी रहा. इस मौके पर मजदूरों ने अपने हाथों में झोड़ा व तखतियां लेकर कोल डंप से लुती पहाड़ी, बाघमारा बाजार, डुमरा होते हुए ब्लॉक दो क्षेत्रीय जी एम कार्यालय पहुंचे जहां प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की. मौके पर मजदूरों को सम्बोधित करते हुए बाघमारा के विधायक ढुल्लु महतो ने कहा कि मजदूरों के रोजगार को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन को हर हाल में प्रतिदिन तीनों कोल डंप में 60-60 गाड़ी कोयला देना होगा. उन्होंने कहा कि प्रबंधन मजदूरों को आश्वासन देकर चुप्पी लगा देती है. परन्तु सिर्फ झूठा आश्वासन देने से काम नहीं चलेगा. उन्होंने मजदूरों से कहा कि आपलोगों ने अपनी एकता के बदौलत अपने हक व अधिकार के लिए प्रबंधन के खिलाफ जो जंग छेड़ी है उसमें उनका और उनकी पार्टी का सहयोग बराबर रहेगा. उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार बेरोजगारों एवं गरीब-दलितों के शोषण व अत्याचार को दूर करने में पूरी तरह विफल है. सत्ता की गद्दी पर बैठकर ऐसे लोग सिर्फ अपनी मनमानी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी जो मजदूर कोयला मजदूरी कर अपना पेट पाल रहे हैं. आज बीसीसीएल प्रबंधन उन मजदूरों का हक मारने में लगा है. उन्होंने 6 जनवरी को घोषित मशाल जुलूस में भारी से भारी संख्या में मजदूरों को भाग लेने व अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए आह्वान किया.

### नौकरी व पुनर्वास की मांग को लेकर रोका आउटसोर्सिंग का काम

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार की कांटा पहाड़ी में संचालित अम्बे आउटसोर्सिंग का विस्तारीकरण कार्य गुरुवार को बुट्टू बाबू बंगला कुम्हार टोला के ग्रामीणों ने रोक दिया. नौकरी और पुनर्वास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया. प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. ग्रामीणों ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी लगातार मिट्टी की कटाई कर रही है. ब्लास्टिंग से उनका रहना मुश्किल हो गया है. ग्रामीण इसी मिट्टी के बर्तन बेचकर घर-परिवार चलाते हैं. लेकिन, कंपनी बिना नियोजन व पुनर्वास किए जबरन बेघर करने में लगी हुई है. इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. खबर पाकर बीसीसीएल के महाप्रबंधक एमएस दुत मौके पर पहुंचे. रामकनाली ओपी पुलिस ने भी ग्रामीणों को समझाया.

---

**सम्मान** 68वें रेल सप्ताह समारोह में डीआरएम ने किया सम्मानित

# 80 रेल अधिकारी व कर्मी हुए पुरस्कृत

**संवाददाता। धनबाद**




धनबाद के डीआरएम केके सिन्हा ने गुरुवार को रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित 68वें रेल सप्ताह समारोह मंडल के 80 अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया. उन्हें यह सम्मान वित्तीय वर्ष में विशिष्ट कार्य के लिए मिला है. डीआरएम ने कहा कि धनबाद रेल मंडल में लगभग 26 हजार अधिकारी व कर्मी हैं, जिनकी बदौलत मंडल ने देशभर में नंबर वन मंडल का खिताब हासिल किया है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 मार्च तक 27 हजार करोड़ की कमाई करने का लक्ष्य है. हालांकि अप्रैल से दिसंबर माह तक 176 मिलियन टन ढुलाई कर मंडल ने 21900 करोड़ रुपए की कमाई की है. ट्रेन में सफर करनेवाले यात्रियों से 384 करोड़ रुपये की कमाई हुई है.

उन्होंने कहा कि यात्री सुविधा को लेकर इस वर्ष मंडल में कई विकास कार्य हुए हैं. नई रेल लाइन बिछाने से लेकर पटरियों की दोनों ओर कई जगह दीवारें भी बनायी गई हैं. पेपर लेस के लिए 68 टीटीई को ट्रेन में हैंड हेल्ड मशीन दी गई है. डीआरएम ने बेहतर कार्य करनेवाले अधिकारी व कर्मियों को बारी-बारी से स्टेज पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की. समारोह से पहले ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. जिसमें कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया.


### धनबाद से चलेगी स्पेशल ट्रेन

डीआरएम केके सिन्हा ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने को इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए उस दिन धनबाद से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी है. रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कई रेल मंडलों से ट्रेनें चल रही हैं. धनबाद से भी स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी, ताकि लोग कार्यक्रम में भाग ले सकें. इसके अलावा पुरी से भी अयोध्या के दर्शन नगर तक गोमो होकर स्पेशल ट्रेन चलेगी.

सदर में शुरू हुई आरएटी किट से जांच, उपलब्ध किट

# जनवरी में हो जाएगी एक्सपायर

**संवाददाता। धनबाद**



कोविड का नया वेरिएंट जेएन 1 को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य के सभी जिलों को एलर्ट किया गया है. कोविड से निबटने के लिए आवश्यक गाइडलाइन जारी की गई है. लेकिन धनबाद में विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है. क्योंकि धरातल पर इसकी तैयारी धीमी है. जिले में आरटीपीसीआर से कोविड टेस्ट बंद है. जिले के पास 7-8 हजार एंटीजन किट हैं, वह भी जनवरी के बाद एक्सपायर हो जाएंगे.

**वीटीएम किट के अभाव में एक साल से बंद है लैब :** एसएनएमएमसीएच में बना वायरोलॉजी लैब एक साल से अधिक समय से बंद है और आईसीएमआर ने अपने पोर्टल से लैब को ब्लॉक कर दिया है. ऐसे में आरटी पीसीआर जांच करने वाले लोगों को निजी लेबोरेटरी में जाना पड़ रहा है. लोगों को आर्थिक कठिनाई भी उठानी पड़ रही है. वहीं मुख्यालय की ओर से 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार रखने की हिदायत दी गई है, लेकिन धनबाद में अबतक आईसोलेशन वार्ड नहीं बना है. वार्ड कहां बनेगा कहां अबतक यह भी तय नहीं हो पाया है. फिलहाल आईडीएसपी की सक्रियता भी कम हो गई. क्योंकि स्वास्थ्य विभाग में आईडीएसपी को उपलब्ध कराया गया अतिरिक्त मैनपावर हटा लिया गया है.

> कोरोना को लेकर विभाग अलर्ट है. अभी जिले में कोविड का एक भी केस नहीं मिला है. संदिग्ध लोगों की जांच हो रही है. मुख्यालय से किट की मांग की गई है.
>
> **डॉ राजकुमार सिंह, प्रभारी, जिला महामारी रोग नियंत्रण विभाग.**

> मौजूदा आरएटी किट जनवरी में एक्सपायर हो जाएंगे. सभी किट जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराया गया है. एसएनएमएमसीएच को भी किट उपलब्ध कराया जाएगा. जांच क्यों नहीं की जा रही है, इसकी जानकारी लेकर जांच शुरू कराएंगे.
>
> **डॉ सीबी प्रतापन, सिविल सर्जन धनबाद.**

**ब्रीफ खबरें**

### बहाली में गड़बड़ी को लेकर कल होगी बैठक

**बेरमो।** बोकारो जिला में होमगार्ड बहाली में धांधली के विरोध में 6 जनवरी को गोमिया प्रखंड के सवांग नेहरू स्कूल मैदान में बैठक रखी गई है. इस संबंध में होमगार्ड के अभ्यर्थी अमरजीत कुमार और श्रवण कुमार ने बताया कि बोकारो जिला में होमगार्ड की बहाली में मेघा अभ्यर्थियों को दरकिनार कर वैसे अभ्यर्थियों को चयन किया गया है जो मेरिट लिस्ट में भी नहीं थे. इसी के विरोध में 6 जनवरी को गोमिया प्रखंड के वैसे सभी अभ्यर्थियों का बैठक रखा गया है जो टेस्ट में पास हुए थे. उन्होंने कहा कि सभी महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों के इस आंदोलन में साथ देने के लिए अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है. गोमिया प्रखंड में भी जो मेरिट लिस्ट बनाया गया है उसमें भी धांधली की गई है.

### डीलर एसो. प्रखंड कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**डुमरी (गिरिडीह)।** फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन प्रखंड कमेटी की एक बैठक पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को हुई. अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष चंदेश्वर महतो ने की. बैठक में संगठनात्मक मजबूती तथा आपसी एकता की प्रगाढ़ता पर चर्चा की गयी. साथ ही अपनी मांगों को लेकर एक जनवरी से चल रहे डीलरों की अनिश्चित कालीन हड़ताल की सफलता पर चर्चा की गयी. इस दौरान अध्यक्ष शिवचरण महतो, ललिन सिंह, केदार बरनवाल, अखिलेश राणा, अरुण, महेश रजक, नारायण मंडल, गुलाम मुर्तजा अंसारी, जागेश्वर किस्कू, भुनेश्वर रविदास, लिलो दास, बहादुर रविदास, सीताराम तुरी, अमृत रविदास, हरिहर मंडल, सुखदेव रजक, दीपक आदि शामिल थे.

### 100 ग्राम पंचायतों का जल्द होगा विकास

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी. की उपस्थिति में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं प्रदान संस्था के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ. एमयूओ पर हस्ताक्षर जिला योजना पदाधिकारी बोकारो एवं प्रदान संस्था के प्रतिनिधि द्वारा किया गया. इसके तहत बोकारो जिला अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में से 100 पंचायतों में विभिन्न आयामों पर विकास से संबंधित कार्य किये जाएंगे तथा इन पंचायतों को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का कार्य किया जाएगा. इन पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा, आजीविका एवं अन्य क्षेत्रों में विकास की गति में तीव्रता लाने का कार्य किया जाएगा,

### मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कि गई. बैठक में बीपीओ, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, कनीय अभियंता, जीपीएस, कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित हुए. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा व 15वें वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं की बारी बारी से समीक्षा की. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रत्येक पंचायत में संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर नए योजनाओं को शुरु करने का निर्देश दिया ताकि स्थानीय मनरेगा मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में काम मिल सके.

# अक्षत कलश के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## जय श्रीराम के लगाए गए जयकारे, बंद रहीं दुकानें



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां बाजार में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से अयोध्या से आये पवित्र अक्षत कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में राम-लक्ष्मण और हनुमान के साथ भव्य झांकी भी निकाली गई. शोभायात्रा गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर से निकाली गई जो पूरे गावां बाजार के साथ बाइपास रोड़ के अलावा गली मोहल्लों में भ्रमण कराया गया. मौके पर जय श्रीराम, हर घर भगवा छाएगा, राम राज आएगा के जयकारों से पूरा क्षेत्र में भक्तिमय उठा. मौके पर विहिप अध्यक्ष भगवान दास बरनवाल ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है. जिसको लेकर हर पंचायत में पूजित अक्षत, कलश के साथ शोभायात्रा निकाला जा रहा है. मौके पर यशवंत सिंह, अनुरूपा देवी, पूजा देवी, उषा देवी, बबली बरनवाल, आशा देवी, शीला देवी, पुक्कू सिंह, अमित बरनवाल, चंद्रशेखर आजाद, जीतू सिंह, ललित पांडेय, सुरेश साव, ललन बरनवाल, संदीप बरनवाल, बनारस सिंह, अनिल राम, गौतम आदि शामिल थे.

## आओ जानें

### पांचवी पीढ़ी के कम्प्यूटर की विशेषताएं

- पांचवी पीढ़ी के कम्प्यूटर की समय अवधि लगभग 1990 से अब तक मानी जाती हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में मुख्य प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में यूएलएसआई का उपयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में उच्च स्तरीय भाषा का प्रयोग किया जाता हैं.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में बैच ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ साथ मल्टी प्रोग्रामिंग ऑपरेटिंग सिस्टम का भी उपयोग किया जाता है.
- इस पीढ़ी के कम्प्यूटर में स्टोरेज के लिए सीडी का उपयोग किया जाता हैं.

## धान अधिप्राप्ति में प्रगति के लिए बैठक हुई आयोजित

# धान की खेती अच्छी, किसानों को इसका लाभ मिले : उपायुक्त

**संवाददाता। साहिबगंज**



गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता केएमएस 2023-24 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति में प्रगति हेतु बैठक आयोजित कि गयी. वहीं विभिन्न प्रखंडों केएटीएम, बीटीएम, वीएलडब्लू एवं जनसेवक लैंपस सचिव तथा अध्यक्ष उपस्थित रहे. जहां सभी को अधिक से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया.

उन्होंने बताया की 28 दिसंबर 2023 से जिले में धान अधिप्राप्ति कि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा जिलों को 02 लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य प्राप्त है. इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुरुवार को बैठक आयोजित की गई. इसी विषय पर उपायुक्त राम निवास यादव ने संबंधित प्रखंड स्तरीय कर्मियों कहा कि जिले में इस वर्ष धान की खेती अच्छी हुई है, तथा किसानों को इसका पूरा लाभ मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि किसानों को उनके धान कि सही कीमत उपलब्ध कराना है. इसमें जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय एवं पदाधिकारी एवं कर्मियों की भूमिका सुनिश्चित होगी तो निश्चित सभी किसान अपने धान का सही मूल्य ले सकेंगे.

उपायुक्त ने सभी जन सेवक, एटीएम, बीटीएम, बीएलडब्लू से कहा कि सीओ लॉगिन के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें. इस बैठक में मौजूद उपायुक्त रामनिवास यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सविता सिंह एवं अन्य उपस्थित थे.

### खरसान पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन



**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के खरसान पैक्स में गुरुवार को धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया. पैक्स अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद की उपस्थिति में फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरुआत की गई. इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषकों के आर्थिक उत्थान के लिए हमेशा तत्पर है. उन्होंने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार द्वारा इस दिशा में कई कारगर कदम उठाए गए हैं. इस अवसर पर पूर्व विधायक ने लोगों से कहा कि वह उनके सुख–दुख में हमेशा साथ है. जब भी किसी को हमारी जरुरत पड़े तत्काल संपर्क कर सकते हैं. पैक्स के अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद ने बताया कि केंद्र में किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीददारी की जाएगी. इससे बिचौलिए द्वारा किसानों से औने–पौने दर पर धान खरीद पर अंकुश लगेगा. धान की खरीददारी 31 मार्च तक की जाएगी. पहले दिन ही कई किसानों ने पैक्स में धान की बिक्री की. मौके पर पूर्व मुखिया मकसूद आलम, राजन सिंह, प्यारे सिंह, संजय दास, अंबिका यादव, बिनोद साव, भीखन यादव, मदन साव, कमलेश स्वर्णकार, भोला यादव आदि मौजूद थे.

### स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा, उधवा व राधानगर का किया निरीक्षण

**साहिबगंज।** गुरुवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. अरविंद कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राधानगर का औचक निरीक्षण किया गया. वहीं निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा ओपीडी, रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, पेशेंट वार्ड एवं अस्पताल में साफ-सफाई आदि को देखा. इस दौरान कुछ स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए जिसे देख सिविल सर्जन काफी रोष प्रकट किए और सभी अनुपस्थित कर्मियों को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया. वहीं, सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया.

# विज्ञान की छोटी-छोटी चीजों को इग्नोर ना करें : बीईओ

**संवाददाता। गिरिडीह**

सर जेसी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद दिल्ली और झारखंड विज्ञान प्रविधि की एवं नवाचार परिषद रांची के संयुक्त तत्वाधान में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस प्रदर्शनी में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलैंड टोप्पो और विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के संयुक्त अनुश्रवण के साथ हुआ. जिसमें संस्था के प्रतिनिधियों ने छात्राओं को इस प्रदर्शनी के आयोजन इसकी महत्ता इस प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा की.

इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलैंड टोप्पो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह छोटे-छोटे विज्ञान की चीज जिसे हम इग्नोर कर देते हैं और हम इन जानकारी से अनभिज्ञ हो जाते हैं. बाद में यही जानकारी हमारे जीवन के लिए, हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़े महत्वपूर्ण हो जाती हैं. इसलिए इस माध्यम से जो जानकारियां दी जा रही हैं निश्चित रूप से बहुत ही लाभकारी है. वहीं, प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा ने सरकार के इस पहल का अपने विद्यालय परिसर में अभिनंदन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से एक्सीलेंस विद्यालय में प्रतिदिन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक के साथ-साथ सह शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन छात्राओं के हित में है. मौके पर पपिया सरकार, अख्तर अंसारी, बम सर सहित छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी.

# सीबीआरएन सूट की मदद से पीड़ितों को बाहर निकाला

**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह स्टेडियम में गुरुवार को सीबीआरएन इमरजेंसी से संबंधित मॉक ड्रील अभ्यास किया गया. यहां एनडीआरएफ टीम बिहटा के द्वारा केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर इमरजेंसी से संबंधित मॉक ड्रिल का अभ्यास के दौरान किसी भी आपदा से निपटने हेतु कई जानकारियां दी गई. अभ्यास की शुरुआत आपातकालीन अलार्म के साथ हुई प्रभावित पीड़ितों को निकालने के लिए विशेष प्रतिक्रिया के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया. टीम ने जानकारी जुटाकर स्थिति का आकलन किया एवं इसके साथ ही ऑपरेशन बेस, मेडिकल पोस्ट और कम्युनिकेशन पोस्ट तैयार किया.

इस दौरान मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी भी रासायनिक केमिकल एवं बायोलॉजिकल आपदा के दौरान घायल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना सभी रिस्पांस एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना होता है. वहीं, एनडीआरएफ टीम पटना के इंस्पेक्टर राम कुमार सिंह ने बताया कि रासायनिक, जैविक व रेडियोधर्मी आपदा होते हैं, जिसके विषय में जानकारी ही बचाव का मूल मंत्र है.

**कोर्ट नोटिस**

ब, अदालत,
श्रीमान मुंशिफ साहब (जुनियर डिवीजन), लातेहार

Title Suit 15/2014

चिहर यादव ..... वादी
बनाम
राज्य वैगरह .... प्रतिवादी

**नोटिस बनाम :**
1. उपायुक्त महोदय, लातेहार 2. सुषमा देवी, पति अवध किशोर यादव, ग्राम टेमकी, थाना वो जिला लातेहार, 3. पुष्पा देवी, पति रवि यादव, ग्राम मुरपा, थाना वो जिला लातेहार, 4. रेखा देवी, पति बिनोद यादव, ग्राम सांसग, थाना चंदवा, जिला लातेहार, 5. अरविन्द्र यादव, 6. प्रमोद यादवा, दोनों पिता स्व. रामचरण यादव, दोनों ग्राम हेरहंज, थाना हेरहंज, जिला लातेहार, 7. बिन्देश्वर यादव, 8. बलराम यादवा, 9. रामजीवन यादव, तीनों पिता राजेन्द्र यादव, तीनों ग्राम – अम्बाझारण, पो. – मुरूप, थाना वो जिला लातेहार।

चूं वजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरुद्ध यह वाद मेरे न्यायालय में दायर किया है, जिसमें अग्रिम तिथि 06.01.2024 मुकर्रर है, तथा इस वाद में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.01.2024 को समय 10:30 AM बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एकपक्षीय कारवाई की जायेगी।

इसे ताकिद सख्त जानें।

आज दिनांक 03.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

ह/–श्रीमान मुंशिफ साहब
(जुनियर डिवीजन), लातेहार

# प्रखंड संसाधन केंद्र जरीडीह में विश्व ब्रेल दिवस मनाया



**संवाददाता। बोकारो**

प्रखंड संसाधन केंद्र जरीडीह में गुरुवार को विश्व ब्रेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में विभिन्न विद्यालयों के 10 दृष्टि बाधित दिव्यांग छात्र एवं 10 मानसिक दिव्यांग छात्र अभिभावकों के साथ सम्मिलित हुए. समारोह की मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुशीला टोप्पो ने लुई ब्रेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया. रिसोर्स शिक्षक लालबाबू सिंह ने कहा कि जरीडीह प्रखंड में अपने 14 वर्षों के कार्यकाल में सैकड़ों दिव्यांग बच्चों को चिंतित कर सही दिशा दिखाकर शिक्षित करने और आगे बढ़ाने का प्रयास किया है. इस माह मेरे रिटायरमेंट के बाद सरकार को एक अच्छा ब्रेल लिपी के जानकार शिक्षक को प्रतिनियोजित कर इस मुहिम को आगे बढ़ना चाहिए. कार्यक्रम में बीआरपी दीप नारायण सिंह, विनय कुमार महथा, सीआरपी अजय कुमार, नरेंद्र कुमार, भीम करमाली आदि का सराहनीय योगदान रहा.

### भाजपा के हर षड्यंत्र का माकूल जवाब दे रहे हैं सीएम : विधायक

**गिरिडीह।** गुरुवार को झामुमो जिला कार्यालय में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव एवं जिला समिति सदस्य, केंद्रीय सदस्यों के साथ एक बैठक आहूत की गई. बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने की एवं संचालन जिला सचिव महालाल सोरेन ने की. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह विधानसभा के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित रहे. बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा के हर तरह के षड्यंत्र का जवाब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दे रहे हैं. इसी बाबत में गांडेय के विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने अपना त्याग पत्र दिया. अब कार्यकर्ताओं पर भी उतनी ज़िम्मेदारी है कि भविष्य में अगर चुनाव का शंखनाद होता है तो केंद्रीय नेतृत्व के लिए यहां रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराने का काम करे. जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा कि जल्द की गांडेय प्रखंड के साथी प्रखंडों का पुनर्गठन कर बूथ लेबल तक संगठन को मजबूत करे.

# भूदान में मिली जमीन की लूट हो रही है: राजेश यादव

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

भाकपा माले ने बेंगाबाद अंचल के सोनबाद पंचायत क्षेत्र में भूमिहीन गरीबों को वर्षों पूर्व मिली भूदान की जमीन भू-माफियाओं की शह पर लूटे जाने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. माले नेता राजेश यादव ने कहा कि पंचायत में कई गरीब भूमिहीन परिवारों के पास जमीन नहीं है और सरकारी-वन भूमि को भू-माफिया लूट रहे हैं. भूमाफियाओं द्वारा कई गरीब दलित परिवार की मजबूरी का फायदा उठाकर भूदान में मिली उनकी जमीन गैर कानूनी तरीके से कथित खरीद-बिक्री कर ली गई है. उन्होंने कहा कि गरीबों को भूदान में मिली जमीन गरीबों के पास ही रहनी चाहिए. इसकी खरीद बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए. मौके पर उन्होंने भूमिहीन परिवारों को सरकारी और वन भूमि का पट्टा देने की मांग सरकार से की. माले नेता ने कहा कि 16 जनवरी शहादत दिवस के बाद भाकपा माले और सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच के बैनर तले इन बातों को लेकर संघर्ष शुरू किया जाएगा.

यह बातें माले नेता ने बेंगाबाद के सोनबाद स्थित तुरी टोला में आयोजित बैठक में कही. बताया गया कि 16 जनवरी को कॉमरेड महेंद्र सिंह शहादत दिवस पर बगोदर में संकल्प सभा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई थी. बैठक में संकल्प सभा में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की गई. बैठक में शंभू तुरी, अशोक कुमार तुरी, दिनेश राय, शनिचर तुरी, भुनेश्वर तुरी, तनिक तुरी, विजय तुरी, संजय तुरी, पूरन तुरी, चंपा देवी, सबिता देवी, अनिता देवी, इंदिया देवी, रूपा देवी, मोसेमत इन्दो, मोसेमत अदरी, रूपा देवी, झुना देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### अबुआ आवास को लेकर हुआ आयोजन

**बेरमो।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर गुरुवार को गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया शोभा देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान मुखिया शोभा देवी ने कहा कि ग्राम सभा के बाद भौतिक सत्यापन कर अबुआ आवास के लिए योग्य लाभुकों का चयन होना है, ताकि योग्य लाभुकों को आवास मिल सके.

**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन!**



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओ के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONALTOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

**कोयलांचल** सीसीएल को बेरमो कोयलांचल के कथारा, ढोरी व बीएंडके क्षेत्रों में उत्पादन कम हो रहा है

# तीन महीने में लक्ष्य पूरा करना प्रबंधन के लिए चुनौती

**अनंत कुमार। बेरमो**



बेरमो कोयलांचल के कथारा, ढोरी और बीएंडके क्षेत्र अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास में लगी हुई है. लेकिन मौजूदा समय में जो लक्ष्य है उसे तीन महीने में पूरा करना सीसीएल प्रबंधन के लिए एक चुनौती है. दरअसल 9 महीने में जितना उत्पादन किया जाना था उस अनुरूप आंकड़े नहीं बता रहे हैं. बता दें कि सीसीएल के ढोरी एरिया के चालू वित्तीय वर्ष में 46 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है. 31 दिसंबर तक 26 लाख 30 हजार टन उत्पादन हुआ है. जबकि ओबीआर का निस्तारण लक्ष्य 92 लाख घन मीटर का लक्ष्य है, जिसमें 89 लाख 47 हजार घन मीटर ही हुआ है. कोल डिस्पैच का लक्ष्य 46 लाख है, जिसमें 28 लाख 6 हजार टन कोयला डिस्पैच हुआ है. इसी प्रकार बीएंडके एरिया को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल मुख्यालय से 90 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है. 110 लाख घन मीटर ओबीआर और 90 लाख टन डिस्पैच करना है. लेकिन 31 दिसंबर तक 41.12 लाख टन कोयला उत्पादन, 52.29 लाख धनमीटर ओबी तथा 46.83 लाख टन कोयला डिस्पैच किया गया है.

कथारा क्षेत्र के चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल मुख्यालय द्वारा कोयला उत्पादन 27 लाख टन और ओबीआर का निस्तारण लक्ष्य 61 लाख घनमीटर निर्धारित किया गया है. 31 दिसंबर तक 18 लाख 6 हजार टन कोयला उत्पादन हुआ है, जबकि ओबीआर का 57 लाख 8 हजार टन क्यूबिक मीटर हुआ है. उक्त लक्ष्य के आंकड़ों के अनुसार तीनों क्षेत्र में उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीसीएल के स्थानीय प्रबंधन लगे हुए हैं लेकिन अगले तीन महीने में उत्पादन लक्ष्य को पूरा करना चुनौती भरा है.

**खास बातें**

- ढोरी एरिया के वित्तीय वर्ष में 46 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य
- 31 दिसंबर तक 26 लाख 30 हजार टन हुआ उत्पादन

### कसमार थाना के पुलिस अधिकारी भीम सिंह हुए सेवानिवृत्त

**कसमार (बोकारो)।** कसमार थाना परिसर में सहायक अवर निरीक्षक भीम सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर थाना प्रभारी उज्ज्वल कुमार पांडेय ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का असल जिंदगी की शुरुआत होती है. जिसमें सरकारी सेवा के दौरान घर परिवार से लेकर रिश्तेदारों को समय देने का भरपूर समय एवं अवसर मिलता है. उन्होंने कहा कि कसमार थाना में भीम सिंह के निष्ठापूर्वक कार्य को हमेशा याद किया जाएगा. साथ ही उनके द्वारा सभी पुलिसकर्मियों के साथ मधुर व्यवहार एवं मृदुभाषी चेहरा हमेशा लोगों की यादों में रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**धनबाद।** कतरास थाना की पुलिस ने हत्या मामले (कांड संख्या 298/21) में लंबे समय से फरार आरोपी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह के घर पर गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया. कतरास पुलिस धनबाद के जेसी मल्लिक रोड हीरापुर स्थित छोटू सिंह के आवास पर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया. कतरास थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश तिवारी ने बताया कि कतरास बस स्टैंड के पास वर्ष 2021 में नीरज तिवारी की हत्या हुई थी. नीरज तिवारी के परिजनों कतरास थाने में आशीष रंजन के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

### बेरमो में हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल

**बेरमो।** बेरमो थाना की पुलिस ने पिछले दिनों हुए हत्याकांड के आरोपी बेहराडीह घुटू धौड़ा निवासी रवि सिंह उर्फ मंझिया को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. ज्ञात हो कि बेरमो थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड तीन नंबर धौड़ा में 6 अक्टूबर 2022 को एक व्यक्ति की हत्या हो गई थी. थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि घटना के दिन दोनों के बीच शराब पीने के दौरान झगड़ा हुआ था. इसी क्रम में रवि सिंह ने उक्त व्यक्ति की हत्या कर दी थी. उसके बाद से वह फरार चल रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है.

### अलकतरा घोटाले में बयान किया गया दर्ज

**धनबाद।** 21 लाख 31 हजार 507 रुपए के अलकतरा घोटाला कांड में गुरुवार को कांड के नामजद आरोपी ठेकेदार सावित्री कंस्ट्रक्शन सुरेंद्रनाथ भारती, जूनियर इंजीनियर ब्रह्मानंद पांडे, आरडब्ल्यूडी चतरा एवं अशोक कुमार जूनियर इंजीनियर आरडब्लूडी चतरा का सफाई बयान दर्ज किया गया. तीनों ने कोर्ट को दिए अपने बयान में खुद को निर्दोष बताया. तीनों के खिलाफ सीबीआई ने वर्ष 2010 में केस दर्ज की थी. जिसमें आरोप लगाया था कि आरोपियों ने ठेकेदार के साथ मिलकर पांच जाली इनवॉइस बनाया और उसके आधार पर कुल 83.312 मैट्रिक टन अलकतरा का उठाव फर्जी बिल से किया था.

### अफवाह फैलाने के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** ऋण माफी का अफवाह फैलाकर अपने कंप्यूटर दुकान में फॉर्म भरने को लेकर बीडीओ के निर्देश पर पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि भवनाथपुर हाई स्कूल के सामने में आशुतोष लाल के द्वारा पिछले तीन दिनों से कर्ज मुक्ति अभियान नामक एक वेबसाइट पर समूह से लोन लिए महिलाओं का फॉर्म भरा जा रहा था. उक्त फॉर्म भराने को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का भीड़ उमड़ पड़ा था. जब इसकी सूचना भवनाथपुर बीडीओ को मिला तो उन्होंने दुकान पर जाकर जानकारी लिया. बीडीओ नंदजी राम ने दुकान संचालक आशुतोष लाल से पूछताछ किया.

### ट्रेन से लाखों के गहने चोरी, मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** टाटा-आरा ट्रेन में सफर करने के दौरान बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी निवासी गणेश लाल सिन्हा के लाखों रुपए के आभूषण की चोरी हो गई. ट्रेन के गम्हरिया पहुंचने पर उन्हें गहने चोरी होने का पता चला. जसीडीह स्टेशन पहुंच कर उन्होंने रेल थाना में मामला दर्ज कराया. घटना 05 दिसंबर 2023 की है. जसीडीह रेल थाना ने टाटानगर रेल थाने को केस ट्रांसफर कर दिया है. गुरुवार को केस रिसीव होने के बाद टाटानगर रेल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. गणेश लाल 5 दिसंबर को अपने परिवार के साथ टाटा-आरा ट्रेन से जसीडीह जाने के लिए निकले थे.

### पर्स चुरा कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़ा

**जमशेदपुर।** उलीडीह ओपी अंतर्गत डिमना रोड दरभंगा डेयरी के पास बाइक में लटके पर्स को चुराकर भाग रहे एक चोर को स्थानीय लोगों ने धर दबोचा. लोगों ने उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस उसे थाने ले गई जहां उससे पूछताछ की जा रही है. आरोपी की पहचान सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के छायानगर निवासी दीपक के रूप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार एक दंपती अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दरभंगा डेयरी के से सामान लेने गए थे. महिला ने बैग को बाइक में ही टांग दिया.

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरायी, रांची ले जाने के क्रम में नाबालिग की मौत

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

गावां पावर स्टेशन के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी. इस हादसे में गावां निवासी चंदन कुमार (14 वर्षीय) गंभीर रूप से घायल हो गया. आनन-फानन में उसे गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर रांची रेफर कर दिया. रांची ले जाने के क्रम में चंदन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. गुरुवार अहले सुबह उसका शव घर लाया गया और उसका अंतिम संस्कार किया है. हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव का माहौल गमगीन हो गया है. चंदन तीन भाइयों में सबसे छोटा था. वह प्लस टू उवि गावां में कक्षा 8 का छात्र था.

#### नाबालिग को वाहन न दें परिजन : जिप सदस्य



चंदन की मौत की सूचना पर जिप सदस्य पवन चौधरी, मुखिया कन्हाई राम, वार्ड सदस्य टिंकू सिंह, अमित बरनवाल, सोनू बरनवाल, उपेंद्र स्वर्णकार, जीतू राम, संगम कुमार, नवीन कुमार, बबलू बरनवाल समेत कई लोग घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी. पवन कुमार चौधरी ने कहा कि घटना अत्यंत दुखद है. अभिभावक अपने बच्चों का ध्यान रखें. उन्होंने नाबालिग से वाहन नहीं चलाने की अपील की.

# तिसरी पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को भेजा जेल

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

तिसरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के हेठली कन्हाय में अवैध पत्थर खदान संचालन मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को कोविड व मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे गिरिडीह जेल भेज दिया गया. गिरफ्तार अभियुक्त 42 वर्षीय वीरेंद्र विश्वकर्मा उर्फ विरू विश्वकर्मा पिता स्व. बद्री विश्वकर्मा है.

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी. गौरतलब हो कि 2 अगस्त 2022 को जिला टास्क फोर्स की टीम ने खोरीमहुआ के निवर्तमान एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो और खनन निरीक्षक अभिजीत मजूमदार के नेतृत्व में तिसरी थाना क्षेत्र के हेठली कन्हाय में संचालित अवैध पत्थर खदान में छापेमारी की गई थी. जिसमें दो पोकलेन मशीन, कंप्रेशर मशीन समेत तीन ट्रैक्टर, डीजल पंप समेत भारी मात्रा में डेटोनेटर जब्त किया गया था.

## आओ जानें

### थाना भवन के लिए किस जिले को कितने रुपये किये गये हैं स्वीकृत

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो | : 22.81 लाख | कोडरमा | : 30.40 लाख |
| चाईबासा | : 6.82 लाख | लातेहार | : 01 लाख |
| चतरा | : 10.84 लाख | लोहरदगा | : 24.41 लाख |
| देवघर | : 7.70 लाख | पलामू | : 1.50 लाख |
| धनबाद | : 32.71 लाख | पाकुड़ | : 3 लाख |
| दुमका | : 50.98 लाख | रामगढ़ | : 22.50 लाख |
| गिरिडीह | : 31.71 लाख | रांची | : 22.50 लाख |
| गोड्डा | : 15 लाख | साहेबगंज | : 1.74 लाख |
| गुमला | : 7.92 लाख | सराइकेला | : 14.28 लाख |
| हजारीबाग | : 40.10 लाख | सिमडेगा | : 4.30 लाख |
| जमशेदपुर | : 67.35 लाख | खूंटी | : 10.85 लाख |
| जामताड़ा | : 11 लाख | कुल | : 4.41 करोड़ |

## खंडोली पर्यटन स्थल पर हुड़दंगियों ने काटा बवाल, नशे में थे युवक

# जवानों पर हमला, 5 गिरफ्तार

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

गिरिडीह जिले के प्रसिद्ध खंडोली पर्यटन स्थल पर हुड़दंग करने से रोकने पर कुछ युवकों ने सुरक्षा में तैनात आईआरबी जवानों पर हमला कर दिया. हमले मे दो जवान नीरज कुमार और अरुण कुमार रजक घायल हो गए. नीरज कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि अरुण कुमार रजक के हाथ में चोट है. घटना बुधवार शाम की है. सूचना मिलते ही खंडोली पुलिस चौकी से पुलिस पदाधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे और हमला करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया. वहीं, घायल दोनों जवानों को इलाज के लिए अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. बेंगाबाद पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी और थाना प्रभारी विकास पासवान भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवकों को थाना ले गए. आरोपी युवकों में बोरोटांड़ निवासी प्रकाश सिंह, मुकेश यादव, रवींद्र यादव, काशीटांड़ निवासी पप्पू यादव और महादेव यादव शामिल हैं. घायल जवानों की शिकायत पर पांचों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया गया.

सैलानियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए खंडोली पर्यटन स्थल पर पुलिस चौकी बनाई गई है. पर्यटन स्थल पर पहाड़ी की तरफ कुछ युवक हुड़दंग कर रहे थे. सभी नशे थे और उधर से आने-जाने वालों पर भद्दी फब्तियां कस रहे थे. सूचना मिलते ही वहां गश्त कर रहे आईआरबी जवान मौके पर पहुंचे और युवकों को हुड़दंग करने से रोका. इस पर युवक जवानों से उलझ गए और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर से हमला कर दिया.



गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस जवान.

#### प्यार में धोखा मिलने पर प्रेमिका की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार



**खास बातें**

- प्रेमिका को पत्थर से कूचकर मार डाला
- प्रेमी मडैया कोहबारा का रहनेवाला है

**साहिबगंज।** मिर्जा चौकी थाना पुलिस ने प्रेमिका की हत्या के आरोपित प्रेमी को गुरुवार को गिरफ्तार किया है. आरोपित प्रेमी को प्रेमिका के दूसरे युवक के साथ रहना नागवार गुजरा. इसकी भनक लगी तो उसने पत्थर से कूचकर प्रेमिका की हत्या कर दी. आरोपित प्रेमी बबलू मडैया उर्फ कान्दना मडैया मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र स्थित ठाकुर टोला कोहबारा का रहने वाला है. पुलिस के समक्ष आरोपित ने दिए अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपराध स्वीकार किया है. आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर पुलिस ने बरामद कर लिया है. पुलिस ने बताया कि आरोपित बबलू मडैया प्रेमिका के साथ पांच वर्ष से रह रहा था. इस बीच किसी दूसरे युवक से उसका संबंध हो गया. इस बात की भनक पहले प्रेमी को लगी तो दोनों के बीच विवाद होने लगा. एक जनवरी को शराब के नशे में बबलू मडैया का उससे विवाद हो गया. इसी क्रम में आरोपित ने पत्थर से कूचकर प्रेमिका की हत्या कर दी. मृतका की बहन के फर्द बयान पर मिर्जा चौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी की लिस्ट

# 64 को मिलेगा एसीपी-एमएसीपी लाभ

**संवाददाता। रांची**

64 पुलिसकर्मियों को एसीपी (एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन) और एमएसीपी (मोडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन योजना) का लाभ मिलेगा. इनमें 24 पुलिसकर्मी सेवानिवृत हो चुके हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इन पुलिसकर्मियों की सूची जारी कर दी है. गौरतलब है कि डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी. जिसमें कुल 74 पुलिसकर्मियों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ देने पर विचार किया गया. इनमें से 64 पुलिसकर्मियों को इस योजना का लाभ देने का फैसला किया गया. बाकि 10 पुलिसकर्मियों के एसीपी और एमएसीपी के लाभ मामले को अलग-अलग कारणों से होल्ड पर रखा गया है.

#### क्या होती है एमएसीपी स्कीम

सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के मुताबिक, एमएसीपी स्कीम उन कर्मचारियों के लिए होता है, जिनका प्रमोशन नहीं होता है. इस स्कीम के तहत कर्मचारी को पूरे करियर में तीन बार फाइनेंशियल अपग्रेडेशन मिलता है. दरअसल एमएसीपी स्कीम के तहत कर्मचारियों को क्रमश: 10, 20 और 30 वर्ष की सेवा के बाद तीन अनिवार्य फाइनेंशियल अपग्रेडेशन मिलता है. योजना के तहत जब कभी कोई व्यक्ति एक ही लेवल-वेतन में लगातार काम करता है और इस दौरान उसका प्रमोशन नहीं होता तो उसे 10 वर्ष की अवधि के बाद ऑटोमैटिक फाइनेंशियल अपग्रेडेशन मिल जाता है. इसके बाद कर्मचारी को नये ग्रेड वेतन के तहत सैलरी मिलती है, जो प्रमोशन से मिलने वाले वित्तीय लाभ के बराबर ही होता है.

### बेलाजुड़ी में फायरिंग की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमजीएम थाना अंतर्गत बेलाजुड़ी निवासी तपन कुमार विषयी ने एमजीएम थाना में बस्ती के ही कुछ लोगों पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राथमिकी में राजेश कर्मकार, बांका कर्मकार, राजू कर्मकार, मंटू कर्मकार, संतोष कर्मकार और आकाश कर्मकार पर आरोप लगाया गया है. हालांकि एमजीएम थाना प्रभारी राजू ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है. घटना स्थल से खोखा भी बरामद नहीं किया गया है, वहीं आस-पास के लोग भी घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता रहे हैं. थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता का बेटा किशोर मानसिक रुप से बीमार है.

# हनुमान मंदिर से डेढ़ किलो चांदी के आभूषण की चोरी



**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के हीरापुर में रणधीर वर्मा चौक स्थित हनुमान मंदिर से चोरों ने बुधवार की देर रात करीब डेढ़ लाख रुपये के आभूषण की चोरी कर ली. मंदिर के पुजारी की सूचना पर गुरुवार को सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. पुजारी मुरलीधर मिश्रा ने बताया कि वह बुधवार की रात करीब 9 बजे मंदिर बंद कर चले गए. गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे मंदिर पहुंचे, तो गेट का ताला टूटा हुआ था. मंदिर का पर्दा हटाकर देखा, तो बजरंगबली का चांदी का मुकुट, गले की चेन, दोनों हाथ और पैर का कड़ा, अष्ट धातु की मूर्ति, शंकर जी का नाग समेत करीब डेढ़ किलो चांदी के गहने गायब थे.

### अपहरण मामले में मिली 20 साल की सजा

**गोड्डा।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अपहरण करने की घटना का दोषी पाते हुए आरोपी विवेक कापरी को प्रथम जिला न्यायाधीश जनार्दन सिंह ने बीस वर्ष की सश्रम कारावास एवं पचास हजार जुर्माना का आदेश दिया है. घटना गोड्डा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ग्राम नेमोतरी गांव की है. गांव के ही विवेक कापरी पिता जगदीश कापरी के खिलाफ लड़की के दादा ने थाना में लिखित शिकायत किया था कि रात में घर में सभी लोग खाना-पीना खाकर सो गए थे. सुबह जब उठा तो देखा की पोती नहीं है. खोजबीन के क्रम में जानकारी मिली कि गांव के ही विवेक कापरी ने बहला-फुसलाकर बच्ची को भगा ले गया है. इस घटना को लेकर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 175/ 23 दर्ज कर लिया गया. बाद में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. अनुसंधान के पश्चात न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किए जाने के बाद विचारण के दौरान लोक अभियोजन की ओर से गवाहों का परीक्षण कराया गया. जिसने घटना का समर्थन किया.

# सिरप बरामदगी मामले में सरगना को पुलिस ने छोड़ा

**संवाददाता। किरीबुरु**

हाटगम्हरिया थाना पुलिस ने दो दिन पूर्व विसेरेक्स कफ सिरप से भरा बोलेरो पिकअप वैन और उसे एस्कॉर्ट कर चल रही सफेद रंग की एक अन्य टाटा हैरियर वाहन को पकड़ा था. हालांकि पुलिस ने उस कार को रात में ही छोड़ दिया. इस कारण यह चर्चा का विषय बना हुआ है.

बताया जा रहा है कि उक्त वाहन में बिहार के रोहतास निवासी मुख्य ड्रग्स माफिया प्रदीप प्रसाद के अलावा अन्य माफिया भी सवार थे. यह ड्रग्स सिरप चम्पुआ निवासी झारखंड व ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्रों का मुख्य ड्रग्स माफिया इस्राफिल आलम के यहां जा रहा था. पकड़े गये वाहन का चालक चम्पुआ निवासी अनीश भी इस्राफिल का नाम पूछताछ में बताया है. इसके बावजूद प्राथमिकी में इस्राफील का नाम नहीं डालने से चर्चा का विषय बन गया है.

कुछ लोग तो हाटगम्हरिया पुलिस पर यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस ने विशेष वजह से टाटा हैरियर वाहन व उसमें सवार सरगना को रात में ही थाना से छोड़ दिया. हालांकि हाटगम्हरिया पुलिस के अधिकारी सूत्रों ने बताया कि यह सही है कि एक पिकअप वाहन व उसके साथ एक अन्य वाहन द्वारा स्कॉट कर आने की सूचना मिली थी. लेकिन सिर्फ सिरप लदा पिकअप वाहन ही पकड़ा गया था. दूसरा वाहन शायद पहले ही जानकारी मिलने के बाद भाग गया होगा. टाटा हैरियर वाहन को पुलिस ने नहीं पकड़ी थी. यह अफवाहें तेजी से उड़ रही है जो निराधार बात है. चालक ने पूछताछ में इस्राफील आलम व अन्य का नाम लिया है. मामले की जांच चल रही है.



### कर्ज लेकर नहीं चुकाने पर एक साल की सजा

**बोकारो।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाअधिकारी, तेनुघाट की अदालत ने गुरुवार को 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस के मामले) में सीपी केस संख्या 652/2021 में सुनवाई करते हुए अभियुक्त दिलीप साह को दोषी पाकर उन पर 5 लाख 50 हजार लाख रुपये के कंप्नसेशन एवं एक साल की सजा की सुनायी है. परिवादी की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता रितेश जायसवाल ने की. जानकारी के अनुसार, परिवादी धीरज अग्रवाल से आईईएल निवासी व्यवसायी दिलीप साहू ने व्यवसाय में पूंजी की कमी कहकर 3 अप्रैल 2019 को तीन लाख रुपये दोस्ताना कर्ज के रूप में लिया था. उन्होंने यह कहा था कि दो वर्षों के अंदर सारा रुपया वापस कर देंगे. इस संबंध में व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में नोटरी पब्लिक के समक्ष एक एग्रीमेंट तैयार कर इस शर्त के साथ एक-एक लाख रुपए का तीन चेक भी दिया था. यह कहकर कि समय पर वापस नहीं करने पर चेक से पैसा निकाल लेंगे. लेकिन समयवधि पूर्ण होने के बाद भी न तो पैसा लौटाया, न अधिवक्ता के नोटिस का कोई जवाब दिया.

## शिवा के परिजन ने किरीबुरु थाने में दर्ज की शिकायत

# सीएसपी संचालक शिवा एक जनवरी से लापता

**संवाददाता। किरीबुरु**



किरीबुरु के प्रोस्पेक्टिंग स्थित एसबीआई का ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन करने वाला मेघाहातुबुरु निवासी शिवा कुमार पासवान (28 वर्ष), पिता विजय पासवान बीते 1 जनवरी की रात से संदेहास्पद स्थिति में लापता है. शिवा का मोबाइल स्वीच ऑफ बताया जा रहा है तथा उसका कहीं भी अता-पता नहीं चल पा रहा है. शिवा के पिता, परिजन व दोस्त काफी खोजबीन किये, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल पाया.

अंत में शिवा के पिता विजय मेघाहातुबुरु के उप मुखिया इरशाद के साथ घटना की जानकारी किरीबुरु पुलिस को दी है. घटना के बाबत शिवा के पिता विजय ने बताया की वह 1 जनवरी की रात घर में खाना खाकर मेघाहातुबुरु स्थित सेल का आवास में सोने गया. वह अकेला इस आवास में सोता है. अगले दिन सुबह जब घर खाना खाने नहीं आया तो हम सभी उसे देखने उसके आवास गये तो वहां ताला लगा मिला. उसके बाद उसका कहीं भी अता पता नहीं चल रहा है. दूसरी तरफ शिवा के लापता होने को लेकर शहर में तरह तरह की चर्चाएं तेज है.

#### विवाहिता पांच दिनों से लापता, शिकायत

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना अंतर्गत बाहागढ़ की रहने वाली तुलसी मार्डी 31 दिसंबर से लापता है. इस संबंध में पति अदान मार्डी ने थाने में लिखित शिकयत की है. पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर महिला के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है. अदान मार्डी के अनुसार उनकी पत्नी 31 दिसंबर की सुबह लगभग 5 बजे के कचरा फेंकने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई. काफी देर तक खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया. रिश्तेदारों के यहां भी उन्होंने पूछताछ की परंतु कोई सफलता नहीं मिली. इसके बाद वे थाना पहुंचे और पुलिस को गुमशुदगी की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पत्नी के लापता होने के बाद से उनके दो छोटे-छोटे बच्चे काफी परेशान हैं. कुछ जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 7488752722 नंबर पर संपर्क करने की अपील की है.



## अदालत | पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित चार लोगों की हत्याकांड का मामला

# संजीव ने आवेदन देकर कहा, अंगरक्षकों से ली जाए गवाही

**संवाददाता। धनबाद**

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड की सुनवाई गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान आरोपी संजीव सिंह की ओर से आवेदन देकर कहा गया कि घटना की तारीख ,स्थान व समय पर वह अपने आवास पर सरकारी पांच अंगरक्षकों के साथ बैठे थे. उन सरकारी अंगरक्षकों का बयान पुलिस ने अनुसंधान के दौरान दर्ज किया था, परंतु मुकदमें की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने उन सरकारी अंगरक्षकों का बयान अदालत में दर्ज कराने से इनकार कर दिया, इसलिए उन अंगरक्षकों में हवलदार गंसा कच्छप, पुलिस राजेश कुमार, पुलिस सत्येन्द्र सिंह, मुन्ना कुमार सिंह एवं पुलिस सतीश कुमार को बचाव पक्ष की ओर से अदालत में बयान दर्ज कराने हेतु नोटिस जारी किया जाए.

संजीव के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने दलील देते हुए कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अवधेश राय नामक एक व्यक्ति ने पुलिस से यह जानकारी मांगी थी कि विधायक संजीव सिंह के साथ घटना की तिथि व समय को कितने अंगरक्षक तैनात थे और कौन-कौन तैनात थे, इसके जवाब में सूचना पदाधिकारी एसएसपी एवं प्रचारी प्रवर द्वारा उपरोक्त अंगरक्षकों की जानकारी उपलब्ध कराई गई थी.

अधिवक्ता जावेद ने अवधेश राय को भी गवाही हेतु बुलाए जाने की अदालत से प्रार्थना की. बचाव पक्ष के आवेदन पर सहायक लोक अभियोजक समिति प्रकाश ने जवाब देने हेतु समय की याचना की अदालत ने सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख निर्धारित की है.



**खास बातें**

- सरकारी अंगरक्षकों का बयान अनुसंधान के दौरान दर्ज किया
- अधिवक्ता ने गवाही हेतु अदालत से प्रार्थना की थी

#### चंदन ने कहा जेल से नहीं कराते थे बात

**धनबाद।** राजमहल जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा पेश किए गए शूटर चंदन सिंह ने अदालत में शिकायत करते हुए कहा कि उन्हें अपने परिजनों से बात भी जेल प्रशासन द्वारा नहीं कराया करने दिया जा रहा है. पंकज सिंह को जामताड़ा जेल से पेश किया गया. उसने भी अदालत से शिकायत की कि वह बीमार है और उसे दवा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. अदालत ने दोनों जेल प्रशासन को उचित इलाज करने और परिजनों से बातचीत कराने का भी आदेश दिया है.

# साइबर ठगी मामले में मुंबई पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार

**संवाददाता। धनबाद**

**खास बातें**

- 11 लाख की अवैध निकासी का मामला
- निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा के हैं तीनों आरोपी

मुंबई के गिरगांव थाने में दर्ज साइबर अपराध के एक मामले में मुंबई पुलिस ने गुरुवार को निरसा थाना क्षेत्र की मुगमा बस्ती में छापेमारी की. मुंबई पुलिस ने मुगमा बस्ती निवासी शिवलाल अर्जुन राय, सासनबेड़िया निवासी रजत पात्रा और मिलन अनूप बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया. तीनों के विरुद्ध गिरगांव कोर्ट मुंबई से गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था. कांड के अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर सुजीत कुमार पवार ने बताया कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध मलबार हिल मुंबई निवासी सुजाता अतुल मेहता ने केस दर्ज कराई थी. आरोप लगाया था कि उसके बैंक अकाउंट से विभिन्न तिथियां में कुल 11 लख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई थी. अनुसंधान के क्रम में महाराष्ट्र पुलिस को तीनों द्वारा अवैध रूप से ट्रांजेक्शन का साक्ष्य मिला. इसके बाद पुलिस तीनों को ट्रेस करती हुई निरसा पहुंची और दबोच लिया. कांड के आईओ ने धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आवेदन देकर तीनों को 120 घंटे की ट्रांजिट रिमांड देने की प्रार्थना की. सारी दलीलें सुनने के बाद अदालत ने तीनों को मुंबई ले जाने की अनुमति दी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें. यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है.

**वृषभ** बना काम बिगड़ सकता है. असमंजस की स्थिति बनेगी. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है.

**मिथुन** शिक्षा में बाधा उत्पन्न हो सकती है. गलत दोस्तों से दूरी बनाएं. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.बहस से बचें.

**कर्क** धन का आगमन होगा. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. आय बनी रहेगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**सिंह** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. कोई लंबी यात्रा टालें. मित्रों का साथ मिलेगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** आय होगी और संतुष्टि भी होगी. पुराने रोग को नजरअंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं. प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है.

**तुला** कोई कार्य सोच-विचार कर ही करें. कहीं बाहर की यात्रा बन सकती है. सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** खर्च होगा, पर उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. अन्न दान करें.

**धनु** परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य की स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी.

**मकर** पिता का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है.

**कुंभ** भाग्य का साथ मिलेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं.

**मीन** वाणी पर नियंत्रण रखें. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. संकटा स्तुति का पाठ करें.

## सीयूजे के वीसी सीएस से मिले



**रांची।** सेंट्रल युनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास ने झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांगते से मुलाकात की. यह मुलाकात औपचारिक थी. मुलाकात के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय से जुड़ी समस्याओं के बारे में मुख्य सचिव के साथ विमर्श किया. उन्होंने मुख्य सचिव को बताया कि 14 वर्ष बाद भी राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के लिए हुए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा ग्रामीणों को नहीं दिया गया है, जिसके कारण विश्वविद्यालय के कई निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं. विश्वविद्यालय तक पहुंचनेवाली सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है. उन्होंने मुख्य सचिव से केंद्रीय विश्वविद्यालय की समस्याएं सुलझाने का अनुरोध किया. मुख्य सचिव ने सभी समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया.

## डीएसपीएमयू में शुरू होगी बायोटेक की पढ़ाई

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में इस साल से बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी. इसकी पढ़ाई पहले स्नातक स्तर पर होगी. फिर स्नातकोत्तर की पढ़ाई होगी. इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज के युग में रोजगार परक कोर्स की जरूरत है और यह कोर्स युवाओं को रोजगार देगा. इसके लिए हमलोग पिछले साल से ही प्लानिंग कर रहे थे. अब इस साल से इसकी पढ़ाई शुरू की जाएगी. पढ़ाई के साथ कैंपस की व्यवस्था भी रखी जाएगी.

### उपलब्धि : अपनी कार्यकुशलता के बल पर लहराती रहीं सफलता का परचम

# शुक्ला बनीं ओडिशा राज्यपाल की शैक्षणिक सलाहकार

संवाददाता । जमशेदपुर

कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. शुक्ला मोहांती को ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने अपना एकेडमिक सलाहकार नियुक्त किया है. इस आशय की अधिसूचना ओड़िशा राजभवन से जारी हो चुकी है. डॉ शुक्ला मोहांती का नाम झारखंड के जाने-माने शिक्षाविदों में शामिल है, जो अपनी योग्यता, क्षमता और कार्यकुशलता की बदौलत हर कदम पर सफलता का परचम लहराती रही हैं. उन्होंने अर्थशास्त्र की व्याख्याता से अपनी सेवा प्रारंभ की थी और कुलपति पद तक पहुंचने में सफल रहीं.



डॉ शुक्ला मोहांती.

### वर्ष 1981 में पटना से की थी करियर की शुरुआत

अर्थशास्त्री डॉ शुक्ला मोहांती ने पटना के गर्दनीबाग राजकीय महिला कॉलेज से अपने करियर की शुरुआत की थी. उसके बाद अपनी कार्यकुशलता के बल पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए प्राचार्य के पद तक पहुंचीं. जमशेदपुर में ग्रेजुएट कॉलेज की प्राचार्य रहते हुए उन्होंने यहां बीएड की पढ़ाई की शुरुआत करायी. उसके बाद यहां के अन्य कॉलेजों में भी बीएड की पढ़ाई आरंभ हुई. उसके बाद वह जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज (अब जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी) की प्राचार्य बनायी गयीं. जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में डॉ. मोहंती के प्रयास से कई नये व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत हुई.

**डॉ शुक्ला मोहांती** लंबे समय तक जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज की प्राचार्य रहीं. इस बीच उन्होंने वर्ष 2017 में कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर योगदान किया. उसके बाद पुन: जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज की प्राचार्य पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त हुईं. जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज को यूजीसी से सेंटर फॉर एक्सीलेंस, नैक का ए ग्रेड, आटोनॉमस कॉलेज और उसके बाद यूनिवर्सिटी का दर्जा तक डॉ. शुक्ला मोहंती के नेतृत्व में ही प्राप्त हुआ.

### अंबाखोरेया में ग्रामीणों ने शव के साथ की सड़क जाम

# हाथियों ने ग्रामीण को कुचलकर मार डाला



सड़क जाम करते ग्रामीण

संवाददाता। धुरकी(गढ़वा)

गढ़वा जिले के धुरकी थानांतर्गत अंबाखोरेया गांव निवासी 45 वर्षीय इंद्रदेव सिंह को हाथियों ने कुचलकर मार डाला. उसका शव गुरुवार को दोपहर दो बजे मिला. उसके बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर अंबाखोरेया-भंडार सड़क के चौराहे पर शव के साथ धरना पर बैठ गए.

मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को इंद्रदेव भैंस चराने हर दिन की तरह पुसुदाग पुरानपानी जंगल की ओर गया था. देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन करने लगे. खोजबीन के क्रम में ही पुसुदाग पुरानपानी जंगल में ही उसका क्षत-विक्षत शव पाया. उसके बाद परिजनों ने गांव के लोगों को भी घटना की सूचना दी. गांव के लोग शव लेकर अंबाखोरेया-भंडार चौराहा पर पहुंचकर जाम कर दिया. सड़क जाम की सूचना पर सीओ जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि व वन विभाग के वनपाल प्रमोद कुमार यादव जाम स्थल पर पहुंचे. उन्होंने लोगों को समझा बुझाकर जाम हटाने का प्रयास किया. उस पर ग्रामीण पांच लाख रुपये मुआवजा और आश्रित को सरकार नौकरी की मांग करने लगे. साथ ही लोगों ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया. उक्त पदाधिकारियों ने सरकार प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. उसके बाद दाह संस्कार के लिए 10 हजार रुपये सीओ की ओर से दिया जा रहा था. उसे लेने से इनकार करते हुए एक लाख रुपये तत्काल देने की मांग करने लगे.

ग्रामीणों ने कहा कि गांवों में जंगली हाथियों का आतंक जारी है. लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है. उसके बाद भी वन विभाग उन्हें भगाने का पहल नहीं कर रहा है. उससे भी उनमें आक्रोश था. पौने छह बजे जाम हटाया गया. मौके पर खुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, धुरकी पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, अंबाखोरेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, अंबाखोरेया पंचायत के बीडीसी कृष्णा सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, सहबीर भुइयां, मंगरी देवी सहित अन्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- जंगली हाथियों का उत्पात जारी, वन विभाग निश्चिंत
- ग्रामीणों का आक्रोश फूटा पांच लाख मुआवजा की मांग

## बांग्ला भाषा की उपेक्षा कर रही सरकार : ठाकुर

**निरसा।** बांग्ला भाषी उन्नयन समिति की बैठक गुरुवार को निरसा काली मंदिर में शभीमचंद गोराई के अध्यक्षता में हुई. बैठक में समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि किसी भाषा के विकास के लिए उस भाषा का राजकीय समर्थन होना जरूरी है, परंतु सरकार ने बांग्ला भाषा के विनाश को मूल लक्ष्य बनाया है. नोबेल पुरस्कार विजेताओं की भाषा विलुप्त होने के कगार पर है. जबकि झारखंड के धार्मिक सांस्कृतिक रीति-रिवाजों में बांग्ला भाषा का प्रभाव है. बैठक ने बबलू दास, विनय कुमार, तरुण कुमार रूहानी, चंदन तिवारी, भीमचंद्र गोराई, वरुण कुमार चौधरी, नेपाल चंद्र बाउरी, देवाशीष दे, सुबल तिवारी, काजल पाल, ललित गोराई, काजल दे, कंचन हालदार आदि उपस्थित थे.

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए पांच खिलाड़ियों का चयन

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले से पांच खिलाड़ियों का विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है. जारी अधिसूचना के अनुसार पाकुड़ जिले के 5 खिलाड़ी मिन्टु ठाकुर, एथलेटिक्स में, अंडर 17 ग्रुप, वर्ग-9, मो० सूजन आलम, कबड्डी, अंडर 17 ग्रुप, वर्ग-11 दीप साहा, कबड्डी, अंडर 17 ग्रुप, वर्ग-9, अर्जित दुबे, कबड्डी, अंडर 17 ग्रुप, वर्ग-9 अचिन साहा, कला उत्सव (खेल-खिलौना), अंडर 17 ग्रुप, वर्ग-11 ये सभी खिलाड़ी सरकारी विद्यालय के छात्र हैं, जिनका चयन हुआ है. चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जाएंगे. इनके चयन पर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने प्रसन्न जाहिर की है तथा खिलाड़ियों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है.

### आओ जानें

## खनिजों पर रॉयल्टी की दर

- राज्य सरकार खनिजों के उत्खनन पर रॉयल्टी वसूलती है.
- रॉयल्टी की दर खनिज के प्रकार और खदान के स्थान के आधार पर भिन्न होती है.
- कोयले के लिए रॉयल्टी दर कोयले के बिक्री मूल्य का 20% है, जबकि लौह अयस्क के लिए रॉयल्टी दर लौह अयस्क के बिक्री मूल्य का 15% है.
- संरक्षित क्षेत्रों से निकाले जाने वाले खनिजों के लिए रॉयल्टी दर भी अधिक है.
- खनिज उत्खनन से प्राप्त रॉयल्टी झारखंड सरकार के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है. राजस्व का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे के विकास सहित विभिन्न कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिए किया जाता है.
- झारखंड में खनिजों पर रॉयल्टी दर की समीक्षा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर की जाती है.
- सरकार खनिज के बाजार मूल्य और खनिज की मांग सहित कई कारकों के आधार पर रॉयल्टी दर को बढ़ा या घटा सकती है.



# झारखंड के विश्वविद्यालयों में नहीं हो रही सीनेट की बैठक




संवाददाता। रांची

झारखंड के विश्वविद्यालयों में नियमित तौर पर सीनेट की बैठक नहीं होती है. नियम के अनुसार इसकी बैठक साल में दो बार होनी चाहिए, लेकिन तीन-चार सालों से बैठक नहीं हुई है. विश्वविद्यालय के सिंडिकेट में जिन जिन मुद्दों को पास कराया जाता है, उन सभी मुद्दों को सीनेट की बैठक में पास करवाया जाता है. विश्वविद्यालय का फंड भी इसी सीनेट की बैठक में पास होता है. बिना बैठक किए ही सारा कुछ पास हो रहा है. सीनेट में सरकार समेत छात्र प्रतिनिधि भी सदस्य होते हैं. बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय बनने के बाद केवल एक बार ही सीनेट की बैठक हुई है. उस वक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अंजनी श्रीवास्तव थे. इसके बाद अब तक सीनेट की बैठक नहीं हुई है. रांची विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक 2021 में हुई है, उस वक्त रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामिनी कुमार थीं. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक प्रो. तपन कुमार शांडिल्या ने बुलाई थी लेकिन छात्र संगठनों ने इसका विरोध कर दिया और सीनेट से पहले छात्र संघ का चुनाव करवाने की मांग की. बढ़ते विवाद को देखते हुए सीनेट की बैठक को स्थगित कर दिया गया है. सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक अंतिम बार 2018 में हुआ है. इसके बाद से एक भी बैठक नहीं हुई है. झारखंड में छात्र संघ का चुनाव नहीं होने के कारण सीनेट के लिए कोई भी छात्र प्रतिनिधि नहीं है.

**ये हो सकते हैं सदस्य :** सरकार के प्रतिनिधि, विधानसभा के प्रतिनिधि, छात्र के प्रतिनिधि, राजभवन के प्रतिनिधि

## धनबाद में आरएसएसडीआई का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज से

संवाददाता। धनबाद

रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) का तीसरा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है. 5 जनवरी से 7 जनवरी तक धनबाद के वेडलॉक ग्रीन रिसॉर्ट में सम्मेलन आयोजित है. इसमें देश भर के मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे. उक्त जानकारी धनबाद क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. एनके सिंह और डॉ अजय पटवारी ने संयुक्त रूप से दी. उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मधुमेह के क्षेत्र में भारत में नवीनतम अनुसंधान पर विचार-विमर्श होगा.

सम्मेलन में पूरे झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के आसपास के क्षेत्रों से चार सौ से अधिक प्रतिनिधि डॉक्टर भाग लेंगे. धनबाद में पहली बार इतना बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है. 6 जनवरी को सम्मेलन में टाइप 1 डीएम कॉन्क्लेव पर चर्चा होगी, जिसमें परिवार में टाइप 1 मधुमेह को रोकने के लिए शिक्षित किया जाएगा. टाइप 2 मधुमेह की रोकथाम के



संबंध में चर्चा करने के लिए 7 जनवरी को एक सम्मेलन में रोटरी क्लब, लायंस क्लब, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ताओं और सरकार के लोगों से धनबाद के गणमान्य व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया है. सम्मेलन के दौरान इंसुलिन, इंसुलिन डिवाइस और ग्लूकोमीटर भी वितरित करेंगे. झारखंड में पहली बार इस कॉन्फ्रेंस में मेडिकल काउंसिल में दोबारा रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी सीएमई क्रेडिट प्वाइंट दिए गए हैं. प्रेस वार्ता में डॉ एन के सिंह, डॉ वी एस वी प्रसाद, डॉ जी चटर्जी, डॉ अजय पटवारी, डॉ सीमा पटवारी, डॉ यूके ओझा आदि मौजूद थे.

## पेयजल विभाग में अभियंता प्रमुख का पद रिक्त, कार्य बेतरह प्रभावित

विशेष संवाददाता। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में एक जनवरी से अभियंता प्रमुख का पद रिक्त है. इस वजह से विभाग में एलॉटमेंट सहित कई कार्य बेतरह प्रभावित हो रहे हैं. 31 दिसंबर 2023 को तत्कालीन अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा सेवानिवृत्त हो गए. उसके बाद से अभियंता प्रमुख की कुर्सी खाली है. विभाग में चर्चा थी कि रघुनंदन शर्मा का एक्सटेंशन होगा. एक्सटेंशन को लेकर संचिका का मूवमेंट भी हुआ, मगर अचानक एक्सटेंशन की कार्रवाई रुक गई. अभी स्थाई अभियंता प्रमुख पद के लिए विभाग में जो इंजीनियर सक्षम है, वे अपने आप को रिप्रजेंट कर रहे हैं. पेयजल विभाग में दुमका प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता ब्रजनंदन कुमार, सीडीओ मुख्य अभियंता प्रभात कुमार और क्षेत्रीय मुख्य अभियंता निरंजन कुमार के नाम पर विचार विमर्श चल रहा है. अभियंता प्रमुख के पद पर किसकी नियुक्ति होगी, अभी यह कहना मुश्किल है. विभाग के जिम्मेवारों का कहना है कि अभियंता प्रमुख का चयन हो जाता, मगर साल के पहले सप्ताह में राजनीतिक गरमाहट की वजह से विलंब हुआ. अभियंता प्रमुख की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसे लेकर अंतिम निर्णय सरकार को ही करना है.

**खास बातें**

- रघुनंदन शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद से कुर्सी खाली
- राजनीतिक गरमाहट के चलते नियुक्ति में हो रहा विलंब

## प्रदेश प्रभारी से मिला युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब से युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी एवं यूथ इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित सिन्हा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल राजकीय अतिथिशाला में मिला एवं उनका स्वागत किया. वहां मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल युवाओं का गर्मजोशी से परिचय कराया.

## अयप्पा मंदिर उत्सव छह से

**रांची।** अयप्पा सेवा समिति का दो दिनी मंदिर उत्सव शनिवार से शुरू होगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है. पूजन-अनुष्ठान में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिये जा रहे हैं. सुरेश पिल्लई ने बताया कि पहले दिन सुबह साढ़े छह बजे गणपति होम से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, इसके बाद शुरू होगा पूजन-अनुष्ठान.

समक्ष: कार्यपालक दंडाधिकारी, धनबाद

**शपथ पत्र**

मैं माली महतो, पिता छोटू महतो आयु करीब 53 वर्ष धर्म हिंदू पेशा मजदूरी निवासी साकीन कल्याणपुर, पोस्ट रामनगरगढ़, थाना - महुदा, जिला-धनबाद झारखंड, पिन 828305 आधार संख्या 490142296732 एतद द्वारा शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि -

1. यह कि मैं अपनी पत्नी मुनिया देवी एवं अपने छोटा पुत्र रूपेश कुमार महतो के साथ वर्णित पते पर स्थाई रूप से रहता हूं और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता हूं।
2. यह कि मेरा बड़ा पुत्र सुभाष कुमार महतो आयु करीब 29 वर्ष है जो कि विगत पांच (5) वर्ष से केरल में मुझे एवं हमारे परिवार से अलग रहता है और अपना जीवन यापन करता है और वह न मुझे कोई भरण पोषण राशि देता है और न ही हाल पता लेता है/बातचीत भी नहीं करता है। अतएव मेरा पुत्र सुभाष कुमार महतो जो कि बालिग है, और विगत पांच (5) वर्षों से हम लोगों से कोई सरोकार नहीं रखा है, अतएव हमारे नियंत्रण में नहीं है।
3. यह कि विगत पांच (5) वर्षों से हमारा पुत्र सुभाष कुमार महतो अपने किए गए समस्त क्रियाकलाप, कार्य एवं व्यवहार के लिए स्वयं उत्तरदायी/जिम्मेवार है/भविष्य में भी होगा/रहेगा और इस संबंध में मैं अथवा हमारे परिवार वाले किसी भी सदस्यगण किसी भी रूप से उत्तरदायी/जिम्मेवार नहीं होंगे/रहेंगे, तथा अपने पुत्र सुभाष कुमार महतो को अपने समस्त चल-अचल संपत्ति से भी वंचित /बेदखल कर चुका हूं, क्योंकि मेरा पुत्र सुभाष कुमार महतो मेरे नियंत्रण में ही नहीं है।
4. यह कि लिखित बातें सत्य एवं सही है और साक्ष्य स्वरूप कम आवे इसलिए शपथ पत्र बना रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या 24262/03.01.24

### आंदोलन : सांसद गीता कोड़ा के निर्देशन में की गयी 18 लोगों की बहाली निरस्त करने की मांग

# गुवा सेल कार्यालय के सामने संयुक्त यूनियनों का प्रदर्शन

संवाददाता। नोवामुंडी

पश्चिमी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा के दिशा निर्देशन में गुरुवार को दूसरे दिन संध्या 4:00 बजे से संयुक्त यूनियनों, मुंडा मानकी, सेलकर्मी, सप्लाई कर्मी, ठेका मजदूर, गुवा के दुकानदार तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्थानीय की बहाली एवं दूसरे राज्यों से आए 18 लोगों की बहाली को अविलंब निरस्त करने की मांग को लेकर गुवा सेल के जेनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन किया. वही सेल प्रबंधन ने प्रदर्शन करने वाले लोगों से निपटने के लिए सीआईएसएफ के जवान तथा झारखंड पुलिस को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पहले से कर रखे थे. किरीबुरु के इंस्पेक्टर बिरेंद्र एक्का भी गुवा सेल के जेनरल ऑफिस में डटे हुए थे.



### 18 लोगों को गुवा सेल में जॉइनिंग दी गई है

ज्ञात हो कि बुधवार को दूसरे राज्य से 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा गुवा सेल में जॉइनिंग दी गई है. और यहां के स्थानीय युवा बेरोजगारों को सेल प्रबंधन ने नौकरी न देकर दरकिनार कर दिया गया है. संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री दुचा टोप्पो, सारंडा मजदूर यूनियन के महामंत्री राजकुमार झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा यूनियन के अध्यक्ष पंचम जॉर्ज सोय, सीटू के अध्यक्ष मनोज मुखर्जी, सप्लाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश कोड़ा ने अपनी मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा.

### बेरोजगारों के लिए रोजगार का एकमात्र विकल्प गुवा खदान ही है

मांग पत्र में यूनियनों ने कहा है कि गुवा खदान आदिवासी बहुल क्षेत्र के सारंडा जंगलों के बीच बसा हुआ है. यहां के स्थानीय वासी राष्ट्रहित एवं उद्योगहित के लिए अपनी कृषि युक्त भूमि का त्याग कर स्वयं बेरोजगारी के कगार पर खड़े हैं. स्थानीय एवं आसपास के ग्रामीण बेरोजगारों के लिए रोजगार का एकमात्र विकल्प गुवा खदान ही है. गुवा सेल प्रबंधन बाहरी युवकों की नियुक्ति कर यहां के स्थानीय बेरोजगार युवकों के अधिकारों का हनन कर रही है .अगर सेल प्रबंधन बाहरी युवकों की बहाली को निरस्त नहीं करता है तो यह आंदोलन को जारी रखते हुए सांसद गीता कोड़ा के दिशा निर्देशन में और भी कड़ा रुख अख्तियार किया जाएगा. इस दौरान इस आंदोलन में करीब 300 की संख्या में सेलकर्मी, ग्रामीण, मुंडा मानकी, सप्लाई मजदूर, ठेका श्रमिक, दुकानदार तथा ग्रामीण मौजूद थे. प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से रामा पांडे, अंतर्यामी महाकुड, किशोर सिंह, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, राकेश यादव, रितेश पाणिग्राही, साधना सिंह, राजकुमार झा, कुल बहादुर, दुचा टोप्पो, पंचम जॉर्ज सोय, नरेश दास, नाजीर खान, नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी आदि मौजूद थे.

# वार्ता निष्फल, जारी रहेगी पीडीएस डीलर्स की हड़ताल

प्रमुख संवाददाता। रांची

पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल से राज्य में राशन का वितरण ठप पड़ा है. मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक का कोई परिणाम सामने नहीं आया.

विभाग के स्तर पर लाभुकों को राशन वितरण के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है. वहीं विभाग के स्तर पर डीलरों के कमीशन बकाया को लेकर उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिख कई बार झारखंड सरकार आग्रह कर चुका है. इसके बाद भी बकाया कमीशन की राशि का भुगतान नहीं होने पर राज्य सरकार ने राज्य बजट से देने की तैयारी की है. संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले कौबनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूर किया जा सकता है. राज्य के डीलरों का कुल बकाया 227 करोड़ 65 लाख है. इसमें डीलरों का कमीशन और ट्रांसपोर्ट का पेमेंट शमिल है.

**खास बातें**

- खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल से हुई वार्ता
- राज्य के बजट से कमीशन देने की सरकार ने की तैयारी

# झारखंड के आसमान पर मंडरा रहे हैं राजनीति के काले बादल
## ईडी की लगातार हो रही छापेमारी से राज्य में उहापोह की स्थिति

झारखंड में राजनीतिक स्थिति फिलहाल अच्छी नहीं है. यहां आसमान में काले बादल मंडरा रहे हैं. जांच एजेंसी ईडी की लगातार हो रही कार्रवाई, छापेमारी, झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद उपजी उहापोह की स्थिति को लोग हेमंत सरकार पर संकट के तौर पर देख रहे हैं. बावजूद सरकार इसका हल निकालने में भी जुटी है. गठबंधन सरकार में बैठकों का दौर चल रहा है. सब कुछ अच्छा है यह भी कहा जा रहा है. झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद नए साल के पहले ही दिन से झारखंड का सियासी पारा चढ़ गया है. राजनीतिक गलियारों में सरकार को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तलाश रही है. विधायक दल की बैठक, गंठबंधन की बैठकें भी चल रही है. झारखंड में सियासी पारा चढ़ने पर यहां के बुद्धिजीवियों, प्रोफेसर,शिक्षक, डॉक्टर, वकील और लोगों का मानना है कि इस समय सरकार थोड़ी अस्थिर नजर आ रही है. एक अस्थिर सरकार में राज्य का विकास संभव नहीं है. सरकार इस स्थिति में जितनी जल्दी हो सुधार करे यानी परिवर्तन लाए. वे यह भी मानते हैं कि अगर राज्य के मुखिया सही हैं, निर्दोष हैं तो उन्हें ईडी के समन का जवाब देना चाहिए. दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार जान बूझकर स्थानीय सरकार को अस्थिर कर रही है, जो ठीक नहीं है.इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे और इससे राज्य का ही नुकसान होगा. राज्य में मौजूद उहापोह की स्थिति के दौरान शुभम संदेश की टीम ने इस संबंध में विभिन्न जिलों में लोगों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.

# केंद्र के इशारे पर राज्य सरकार के खिलाफ साजिश



रांची

### यह तो राजनीतिक स्टंट है : डॉ. त्रिभुवन कुमार साही




डॉ. त्रिभुवन कुमार साही ने कहा कि झारखंड में जो भी चल रहा है वह राजनीतिक स्टंड है. उससे केवल और केवल यहां के युवा और यहां की जनता को झेलना पड रहा है. झारखंड में सरकारें आती - जाती हैं. राजनीतिक उतार चढ़ाव होते ही रहते हैं. कई सरकारे आई लेकिन किसी ने रोजगार के बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठाया. विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, लेकिन इस पर भी कुछ नहीं किया जा रहा है.

### बिना फायदे के कोई कुर्बानी नहीं देता है : रजत कुमार



शोधार्थी छात्र रजत कुमार ने कहा कि जो जैसा करेगा उसे वैसा भुगतना पड़ेगा. यहां कोई बिना फायदे के कुर्बानी नहीं देता है. सरफराज अहमद भी कोई फायदा देख कर ही इस्तीफा दिए होंगे. लेकिन अभी जो स्थिति देखी जा रही है उससे लगता है कि सरफराज अहमद को कुछ नहीं मिलेगा. झारखंड में ईडी की कार्रवाई देख कर लगता है पूरी सरकार ही भ्रष्ट हो गई है. मुख्यमंत्री को ईडी के समन का जवाब देना चाहिए.

### युवाओं पर संकट का दौर चल रहा है : अक्षय सिंह



शोधार्थी अक्षय सिंह ने कहा कि झारखंड में राजनीतिक उठा पटक देख कर लग रहा है कि झारखंड का क्या होगा. इससे हमारी युवा पीडी को काफी संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है. इस पीढ़ी को रोजगार की सबसे ज्यादा जरुरत है. हर जगह भ्रष्टाचार की खबरें देख कर काफी कष्ट होता है. हर दिन कहीं न कहीं ईडी की कार्रवाई देखने को मिल रही है.

### सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है. : अभिषेक शुक्ला



अभिषेक शुक्ला ने कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूब गई है. हर रोज कहीं न कहीं ईडी का छापेमारी की जा रही है. जब से यह सरकार बनी है न युवाओं को नौकरी मिल रही है और न ही छात्र हित में कोई काम हो रहा है . विश्वविद्यालयों में शिक्षक की कमी है, लेकिन इस पर कोई बात नहीं हो रही है. 2008 में बहाली हुए शिक्षकों को अब तक प्रोन्नति नहीं दी गई है.

जमशेदपुर

### लालच दे विधायक का इस्तीफा लिया गया है : अजय शर्मा



सोनारी निवासी अजय शर्मा कहते हैं कि जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद यह कायास लगाए जा रहे थे कि हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को उक्त सीट से चुनाव लड़ाएंगे. क्योंकि उक्त क्षेत्र में जेएमएम का कब्जा रहा है और ऐसे में उपचुनाव में जीत जेएमएम की ही होगी. जाहिर सी बात है कि सरफराज अहमद को लालच देकर इस्तीफा दिलवाया गया है. हालांकि, बीते दिनों हुई बैठक में हेमंत सोरेन ने भी साफ कर दिया है कि वे सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे. राजनीतिक गलियारे में तो इन्हीं सब बातों पर चर्चा की जाती है.

### आनेवाले समय में कुछ बड़ा होने की संभावना : विकास



कदमा निवासी विकास कुमार का कहना है कि जिस तरह से झारखंड में राजनीति की जा रही है, उससे यह साफ है कि आने वाले समय में कुछ बड़ा होने की संभावना है. विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से इसकी शुरुआत हो चुकी है. वहीं सीएम हेमंत सोरेन को भी आभास हो चुका है कि ईडी उन्हें अपनी चपेट में ले ही लेगी. जेएमएम सरकार में अब दबाव बढ़ता जा रहा है. इसलिए विधायकों के साथ हाई लेवल की मीटिंग की जा रही है. ताकि सरकार को गिरने से बचाया जा सके. सीएम हेमंत सोरेन ने भी बयान दिया कि वे पद से इस्तीफा नहीं देंगे. यह बात भी झूठ साबित होगी.

### सोरेन परिवार भी वंशवाद कर रहा है : रीना रॉय



सिदगोड़ा निवासी रीना रॉय कहती हैं कि झारखंड की राजनीति का छात्रों पर भी काफी असर पड़ता है. किसी ने भी विद्यार्थियों के बारे में नहीं सोचा. सेशन कई माह से लेट चल रहा. राज्य में ढंग के कॉलेज नहीं बने. जहां तक राज्य की राजनीति की बात है तो सरकार भी अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग चुकी है. इसी को लेकर विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया है. ताकि हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना को पद पर काबिज कर सके. जिस तरह कांग्रेस ने कई सालों तक वंशवाद करते हुए किसी अन्य को पद पर बनने नहीं दिया. ठीक उसी तरह झारखंड में भी सोरेन परिवार कर रहा है.


किरीबुरु

### खराब राजनीतिक माहौल के कारण विकास का काम बाधित : रब्बे आलम



मेघाहातुबुरु के दुकानदार रब्बे आलम ने कहा कि झारखंड में बिहार वाली राबडी.देवी सरकार जैसी घटना दुबारा देखने को मिल सकती है. इसी को लेकर विधायक सरफराज अहमद से इस्तीफा दिलाया गया है. बडा.सवाल है कि जब हम भ्रष्टाचार व गलत कार्य नहीं करेंगे तो ईडी, सीबीआई से डर क्यों. झारखंड में बदलते राजनीतिक माहौल की वजह से यहां का विकास कार्य पर बहुत असर पड़ रहा है. कल्पना सोरेन जरुर शिक्षित हैं लेकिन उनमें राजनीति का अनुभव नहीं है. सरकार और शासन-प्रशासन को चलाना परिपक्व राजनीतिज्ञ के बिना संभव एवं आसान नहीं होगा.

### ईडी अपना काम कर रही है,सीएम गलत नहीं है तो डरना नहीं चाहिए : प्रफुल्ल मंडल



मेघाहातुबुरु के सेलकर्मी प्रफुल्ल मंडल ने कहा कि ईडी व सीबीआई अपना काम कर रही है. लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर गलत नहीं हैं तो उन्हें इन एजेंसियों से डरना नहीं चाहिए. उनके सवालों का जबाव देना चाहिए. झारखंड में राजनीतिक अस्थिरता को खत्म कर सरकार को सबसे पहले विकास कार्यों में तेजी, बेरोजगारों के लिये रोजगार व नौकरी देने का कार्य तेज करना चाहिए जहां तक कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा है तो यह कदम झामुमो और मुख्यमंत्री के लिये आत्मघाती होगा. कारण यह कि कल्पना सोरेन को राजनीति का कोई ज्ञान नहीं है.

# सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटी, बैठकों का दौर जारी
## लोगों ने कहा, ईडी का हो रहा गलत इस्तेमाल

गोड्डा

### बार-बार समन जारी होना मजबूत साक्ष्य : बाबूलाल



विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता बाबूलाल शर्मा बताते हैं कि सीएम जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ बार-बार समन निर्गत होना यह बताता है कि मजबूत प्रमाण मिला है. इस बात का आभास प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को भी है. यही कारण है कि वे अपनी सरकार को बचाने के चक्कर में बहाना बना कर टाल मटोल कर रहे हैं.

### भाजपा शासित राज्यों में भी घोटाला नहीं है : दिनेश मरांडी



स्थानीय आदिवासियों के हित की लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश मरांडी बताते हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियां को गैर भाजपा शासित राज्य में ही घोटाला मिलता है. भाजपा शासित राज्य में क्या कोई घोटाला नहीं हुआ है. ऐसी मनोवृति से बचने की जरूरत है. कुर्सी हथियाने के लिए चुनी हुई सरकार को इस तरह से परेशान करना उचित नहीं है.

### राजनीतिक पार्टियों की लड़ाई में जनता परेशान : गजानंद



स्थानीय कारोबारी गजानंद दास कहते हैं कि राजनीतिक पार्टियों के बीच कुर्सी पाने की लड़ाई में सरकार स्थिर होकर काम नहीं कर पाती है. जिसका असर आम जनता पर पड़ता है. समय से पूर्व चुनाव होते है. गठबंधन वाली सरकार का मुख्य समय अपनी कुर्सी बचाने में ही निकल जाता है. गठबंधन में शामिल सभी दलों की बातों को सुनना सीएम की मजबूरी होती है. इसी मजबूरी में उल्टा सीधा काम होता है.

### सख्ती के बाद भ्रष्टाचारियों में डर पैदा हुआ है : श्याम पंडित



खेती किसानी करने वाले श्याम पंडित कहते कहते हैं कि केंद्र में मोदी जी की सरकार बनने के बाद से भ्रष्टाचारियों में डर है. केंद्रीय जांच एजेंसी को नियंत्रण मुक्त करने का ही नतीजा है कि वह खुल कर काम कर रही है. एक सीएम के खिलाफ ताल ठोक कर खड़ी है तो जरूर कुछ बात है. पहले इस तरह का मामला सुनने का तो कभी मिलता नहीं था. भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना आवश्यक है.

आदित्यपुर

### इस राज्य में उहापोह की स्थिति बनी हुई है : नीतू शर्मा



सामाजिक कार्यकर्ता नीतू शर्मा का कहना है कि राज्य में जिस तरह की उहाफोह की स्थिति बनी हुई है उससे राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल है. एक ओर सरकार के विधायक आरोप प्रत्यारोप लगाकर इस्तीफा से चुके हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी संस्था प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर लगातार समन जारी कर रहे हैं. ऐसे में झारखंड में हर तरह के विकास कार्यों पर रोक लगी हुई है. ऐसे में मेरे विचार से मुख्यमंत्री को ईडी का सामना करना चाहिए और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर जबाव देकर स्थिति स्पष्ट करना चाहिए. ताकि राज्य की जनता में एक सुखद संदेश जाए.

### सीएम को समन का जवाब देना चाहिए : शशांक गंगुली



सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता शशांक गांगुली कहते हैं कि झारखंड राज्य में मुख्य लड़ाई सत्ता पक्ष और विपक्ष की बीच खींचतान का है. यहां विपक्ष सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री को समन जारी कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं जिससे जिससे इस समय राजनीतिक संकट पैदा हो गया है.जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार को डराना, धमनॉकान और उसे अस्थिर करने का प्रयास करना निंदनीय है. मेरे ख्याल से मुख्यमंत्री को भी समन का सही तरीक से जवाब देना चाहिये और अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए.

बोकारो

### राजनीतिक उथल-पुथल से विकास प्रभावित : जगेश्वर



कसमार प्रखंड के हिसिम पंचायत के त्रियोनाला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जगेश्वर मुर्मू ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए राजनीतिक उथल पुथल ठीक नहीं है. खासकर झारखंड जैसे राज्य जो विकास के रास्ते पर अभी अभी अग्रसर हुआ है, उस स्थिति में सत्ता परिवर्तन से विकास प्रभावित हो सकता है. ईडी अगर अपना कार्य करती है तो सीएम को खुलकर सहयोग करना चाहिए ताकि सत्ता में उथल पुथल न हो. अचानक गांडेय विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा भी राजनीतिक उथल पुथल के लिए जिम्मेवार है. राज्य में पक्ष हो या विपक्ष सभी को मिलजुल कर राज्य के विकास के हित में सोंचना चाहिए.

### जनता को भुगतना पड़ता है खामियाजा : बलदेव रजवार



कसमार प्रखंड के सोनपुरा निवासी बलदेव रजवार ने कहा कि भाजपा की जिस राज्य में सरकार नहीं है, उन्ही राज्यों में इस तरह का राजनीतिक उठापटक का दौर चलता रहता है. उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब केजरीवाल जैसे राजनेता पर ईडी पीछे पड़ी है तो झारखंड में कौन सी बड़ी बात है. उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे हालात हों तो जनता को अपनी राय बेवाक तरीके से रखना चाहिए. क्योंकि विकास कार्य जब रफ्तार पर हो तो इस तरह की गतिविधियों से अचानक विकास रुक जाता है. इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है.केंद्र सरकार को चाहिए कि वे राज्यों के विकास में सहयोग करें. साथ ही सियासी हलचल न हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए.

बेरमो

### ताकत को कमजोर करने का प्रयास :अफजल अनीस



अफजल अनीस बेरमो के सामाजिक कार्यकर्ता हैं. उन्होंने कहा कि केन्द्र की सरकार क्षेत्रीय दल की ताकत को कमजोर करने का लगातार प्रयास कर रही है. चुनाव आते ही ईडी को आगे कर विपक्ष के नेताओं पर छापेमारी कराती है. जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां पर इस तरह की कोई कार्रवाई नहीं होती है. जबकि विपक्ष के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों, नेताओं पर ईडी के छापे पड़ते हैं और दबाव बनाया जाता है. ईडी के द्वारा विपक्षी सरकार को टारगेट करने का जो खेल चल रहा है वह निंदनीय है.

बहरागोड़ा

### बेरोजगारों की नहीं, सरकार बचाने की चिंता: राकेश मंडल



विद्यार्थी राकेश मंडल का कहना है कि सरकार को बेरोजगारों की कोई चिंता नहीं है .जबकि सरकार का चार साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है. सरकार प्रत्येक वर्ष को नियुक्ति वर्ष घोषित करते-करते अपने तय समय सीमा को पूरा करने के लिए सोच रही है.वहीं बेरोजगार युवक अपना उम्र सीमा पार होने की चिंता सता रही है. 60-40 फार्मूला के तहत नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर बाहरी राज्यों के लोगों को रोजगार देने का काम कर रही है और हमारे यहां के युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं.

### उपचुनाव सरासर जनता के साथ धोखा: प्याली मंडल



विद्यार्थी प्याली मंडल ने बताया कि कोई भी जनप्रतिनिधि का इस्तीफा देना सरासर जनता को धोखा देना है. इसलिए निर्वाचन आयोग को इस संदर्भ में कठोर नियमावली बनानी चाहिए और ऐसे व्यक्ति के ऊपर आर्थिक दंड के साथ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए. क्योंकि उपचुनाव में होने वाले खर्च काफी ज्यादा होते हैं. वहीं सरकारी तंत्र के साथ-साथ आम जनता को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. जनप्रतिनिधि अपने राजनीतिक फायदे के लिए जनता के साथ धोखा देते हैं जो कि सरासर गलत है.

### जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना विकास चाहते हैं: सुभश्री



स्नातक की पढ़ाई कर रहे सुभश्री घाटवारी का कहना है कि इस्तीफा देकर उपचुनाव होने पर समय की बर्बादी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी होता है.वहीं क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है. इसलिए ऐसे जनप्रतिनिधि को जनता द्वारा सबक सिखाना भी जरूरी है. क्योंकि चुनाव में होने वाले खर्च का आर्थिक बोझ सीधे तौर पर जनता के ऊपर ही पड़ता है. इसलिए निर्वाचन आयोग को चुनाव से पूर्व प्रताशियों से शपथ पत्र लेकर ही चुनाव कराना चाहिए.

### साजिश के तहत टारगेट किया जा रहा है :रोहित



गोमिया के साड़म ग्राम निवासी रोहित ठाकुर ने कहा कि देश में एक योजना के तहत विपक्ष के नेताओं को टारगेट कर ईडी और सीबीआई के द्वारा परेशान किया जा रहा है. सरफराज अहमद का विधयाक पद से इस्तीफा देना उनका निजी मामला है. लेकिन भाजपा जानबूझकर हेमंत सोरेन को बदनाम करने के लिए ईडी की कार्रवाई करा रही है. यह गलत है. इससे जनता और राज्य का ही नुकसान है. इस तरह की राजनीति ठीक नहीं है.

चक्रधरपुर

### ईडी की कार्रवाई से खुलेंगे कई राज : शिवम कुमार



चक्रधरपुर निवासी छात्र शिवम कुमार ने कहा कि झारखंड में ईडी की कार्रवाई से कई राज खुलेंगे और कई लोगों के नाम भी सामने आएंगे जिन्होंने बेतहाशा रुपये जमा किये हैं. राज्य में हेमंत सोरेन सरकार भी स्थिर नहीं दिख रही है. खासकर यह झारखंड में रहने के युवाओं के लिए चिंता का विषय है.सरकार के स्थित नहीं रहने के कारण राज्य सरकार युवाओं पर ध्यान नहीं दे पा रही है, बल्कि वे अपनी सरकार बचाने में जुटी हुई है.

### राज्य के विकास पर नहीं दिया जा रहा ध्यान: कुंदन



चक्रधरपुर निवासी कुंदन सोनी ने कहा कि राज्य सरकार स्वयं की सत्ता बचाने में जुटी हुई है, राज्य के विकास किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है.जब से हेमंत सोरेन सरकार का गठन हुआ है तब से ईडी, सीबीआई, घोटाला इत्यादि पर हेमंत सोरेन सरकार घिरी हुई है.अगर ईडी को कार्रवाई करनी है तो बेहतर तरीके से करें.जनता के सामने सब कुछ स्पष्ट आना चाहिए.किसी भी पार्टी की सरकार हो, लेकिन सरकार को राज्य के हित के लिए काम करने का समय मिलना चाहिए.इसके बाद जनता अपना जवाब जरुर देती है.

### सीएम को ईडी का करना चाहिए सामना: नीरज कुमार



चक्रधरपुर निवासी एमकॉम के छात्र नीरज कुमार ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का सामना करना चाहिए, अगर हेमंत सोरेन अपने जगह पर सही है तो वे ईडी के बुलावे पर क्यों नहीं जा रहे हैं.राज्य में अस्थिरिता का माहौल बना हुआ है. विकास व युवाओं के बारे में छोड़कर इन्हीं मुद्दों में भटकाया जा रहा है.ईडी को भी कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि भ्रम वाली स्थिति राज्य में न बनें.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूर्व में ही ईडी के बुलावे पर पेश होना चाहिए था.

घाटशिला

### राज्य के मुखिया को जांच एजेंसियों का करना चाहिए सहयोग : बरेस मुर्मू



घाटशिला महाविद्यालय के छात्र बरेस मुर्मू ने बताया कि झारखंड में सियासी पारा चढाने से आम लोगों को कोई परेशानी नहीं. वैसे भी संविधान का पालन करना राज्य के मुख्यमंत्री की जवाबदेही होती है. यदि किसी भी तरह की जांच एजेंसियां कानून के तहत काम कर रही है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उसका पालन करना चाहिए. राज्य के मुखिया ही कानून का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता का क्या होगा.

### झारखंड की वर्तमान सरकार में हलचल तेज : दीपक मिश्रा



घाटशिला कॉलेज के छात्र दीपक मिश्रा ने कहा कि ईडी की छापेमारी से झारखंड की वर्तमान सरकार में हलचल तेज तो हो ही गई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सबसे करीबी माने जाने वाले लोगों के यहां भी ईडी द्वारा छापेमारी की जा रही है. सरकार चलाना मुश्किल हो गया है. वैसे भी विधायकों ने मिलकर निर्णय भी ले लिया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं रहेंगे. इससे ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता. वैसे भी जांच एजेंसियां कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है.

जमशेदपुर

### अहमद का इस्तीफा जनता के साथ धोखा है : विजय कर्ण



अधिवक्ता संघ के सचिव विजय कर्ण का कहना है कि गांडेय विधायक डॉक्टर सरफराज अहमद का इस्तीफा गांडेय विधानसभा क्षेत्र के जनता के साथ धोखा है. अभी गांडेय विधानसभा की सीट खाली हो गई. अब उस क्षेत्र की जनता के प्रतिनिधि एवं आवाज को अब कोन विधानसभा में उठाएगा. वहीं उन्होंने कहा कि उपचुनाव करवाने में काफी खर्च होता है. यह खर्च जनता के टैक्स के पैसा से खर्च किया जाता है.सरकारी तंत्र के साथ-साथ आम जनता को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

### सीएम को कानून का पालन करना चाहिए : प्रेमनाथ तिवारी



साहिबगंज अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी का कहना है कि राज्य में संविधान का पालन करना राज्य के मुखिया की जवाबदेही होती है. यदि ईडी कानून के तहत काम कर रही है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उसका पालन करना चाहिए. यदि राज्य का मुखिया ही कानून का पालन नहीं करेगा तो आम जनता का क्या होगा. जहां तक सरफराज अहमद के इस्तीफे की बात है तो उनका इस्तीफा देना उनका निजी मसला हो सकता है.

लातेहार

### राजनीतिक अस्थिरता प्रदेश के लिए ठीक नहीं: उपेंद्र कुमार



अधिवक्ता उपेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता दिखायी पड़ रही है. गांडेय विधायक ने इस्तीफा दे कर कई अटकलों को जन्म दे दिया है. दूसरी ओर ईडी की प्रदेश में लगातार कार्रवाई भी कई संकेत दे रही है. एक बात तो तय है कि राजनीतिकअस्थिरता के कारण प्रदेश में विकास का कार्य रूक जाता है. सरकार सिर्फ अपनी सरकार बचाने में ही लगी रहती है. सीएम को ईडी ने कई बार बुलाया भेजा है, लेकिन वे ईडी सके समक्ष पेश नहीं हो रहे हैं.

### असमंजस में है झारखंड की जनता : सुनील प्रसाद



ग्रामीण डाक सेवक सुनील प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति देख कर प्रदेश की जनता भी असमंजस में है. जनता को समझ में नहीं आ रहा है कि प्रदेश में आखिर हो क्या रहा है. एक ओर ईडी की ताबड़तोड़ छापामारी है तो दूसरी ओर झामुमो विधायक का इस्तीफा है. ऐसे में जनता तय नहीं कर पा रही है कि झारखंड की राजनीति किस करवट बदलेगी. अस्थिर सरकार से प्रदेश का नुकसान होगा. प्रदेश की राजनीति में छाए काले बादल को छंटना चाहिए.

### कार्यकाल पूरा नहीं कर पायेगी सरकार: रवि डे



सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे ने कहा कि अभी झारखंड के जो हालात हैं, उसे देख कर तो लगता नहीं है कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पायेगी. घटनाक्रम प्रतिदिन तेजी से बदल रही हैं. हालांकि इंडिया गठबंधन के विधायकों ने सीएम हेमंत सोरेन पर पूर्ण विश्वास जताया है और उनका हर हाल में साथ देने की बात कही है. लेकिन अगर ईडी की कोई कार्रवाई होती है तो उस समय कैसे हालात बनेगें, यह भी देखना दिलचस्प होगा.

कोडरमा

### भाजपा सरकार को बदनाम करने में लगी : तोशन कुमार



डोमचांच फल दुकानदार तोशन कुमार का कहना है कि झारखंड में हेमंत सरकार के द्वारा सभी लोग खुशहाल हैं और सुखी संपन्न से जीवन यापन कर रहे हैं. 2024 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होने हैं. इसलिए हेमंत सरकार न झुक रही है और न ही डर रही है. यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराया जा रहा है. जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी बार-बार हेमंत सरकार पर दबाव बनाकर उसे बदनाम करने का काम कर रही है. यह एक सोची समझी चाल है. जो बिल्कुल गलत है.

### झारखंड का भविष्य खतरे में है सरकार ध्यान दे : उमेश सिंह



डोमचांच निवासी समाजसेवी उमेश सिंह का कहना है कि राज्य में मची उथल-पुथल पर मेरा मानना है कि झारखंड का भविष्य खतरे में है. नेताओं के प्रति जनता का विश्वास उठता जा रहा है. सभी नेता अपने दायित्व का पालन न कर अपने निजी स्वार्थ में लगे हैं. जिससे साफ पता चलता है कि इस तरह अगर लगातार नेताओं के द्वारा राज्य में इस तरह का कार्य होता रहा तो एक दिन झारखंड में इतनी परेशानी बढ़ जाएगी कि लोग यहां रहना नहीं चाहेंगे. इस ओर सरकार को ध्यान देना होगा.

### जनता को मूर्ख बनाने में लगी है सरकार : अर्जुन शर्मा



डोमचांच रेफरल कर्मचारी अर्जुन शर्मा इस समय राज्य में मची उथल-पुथल पर वह कहते हैं कि व्यवस्था की अगर बात करें तो कुछ समय से चुनावी दाव पेच को लेकर विपक्ष और पक्ष एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं. पक्ष विपक्ष एक दूसरे को नीचे गिराने में लगे हुए हैं. झारखंड की बात करें तो बिहार से झारखंड को अलग हुए करीब 24 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन राज्य की स्थिति जस की तस है. राज्य सरकार जनता को मूर्ख बना रही है.

धनबाद

### जनप्रतिनिधि अपनी जेब भरने में मस्त हैं : जितेंद्र



धनबाद झरिया के जामाडोबा स्थित डिग्री कॉलेज के छात्र जितेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य की स्थिति इस समय ठीक नहीं है. आज उथल-पुथल मची हुई है. लेकिन छात्रों का भविष्य झारखंड अलग होने के बाद से ही अधर में लटका है. कोई भी जनप्रतिनिधि छात्रों के भविष्य के बारे में नहीं सोच रहा . वह सिर्फ अपने परिवार और खुद का जेब भरने में मस्त हैं. उन्हें राज्य के विकास ओर छात्रों की भविष्य की कोई चिंता नही है .जिसके कारण ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है . ईडी की कार्रवाई कानून सम्मत है .

### सरकार किसी की हो, कानून से बड़ा कोई नहीं : तिलक जेडिया



धनबाद पी के राय के छात्र तिलक जेडिया ने कहा कि ईडी की कार्रवाई यह साबित कर रही है कि कानून से ऊपर कोई नहीं होता है. चाहे सरकार किसी की भी हो. अगर वह बेगुनाह है तो ईडी के सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं .क्यों झारखंड की जनता को गुमराह करने के लिए नए नए हथगंडे अपना रहे हैं .इससे झारखंड के विकास पर काफी बुरा असर पड़ेगा. लोग पलायन को मजबूर होंगे . छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाएगा.

### सरकार की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल : राकेश बावरी



धनबाद झरिया स्थित सुदामडीह के रहने वाले युवा राकेश बावरी ने कहा कि जब झारखंड अलग हुआ था तो काफी उम्मीद जगी थी कि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी . क्योंकि हमारे झारखंड में खनिज संपदा की भरमार है .लेकिन आज स्थिति पूरी तरह विपरीत है. युवा पलायन करने को मजबूर हैं.झारखंड में रोजगार की किल्लत है . यहां के नेता झारखंड की खनिज संपदा को लूटने में लगे हैं . उन्हें झारखंड के विकास से कोई मतलब नहीं है.

### सरकार का कार्यकाल ही विवादित रहा है : राकेश



धनबाद झरिया स्थित पाथरबंगल के रहने वाले युवा राकेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल विवादित ही रहा है .जिसके कारण राज्य का विकास और युवाओं को किये गए नौकरी के वादे धरातल पर नहीं दिख रहे हैं .यही वजह है कि आज झारखंड की राजनीतिक गलियारों में तरह- तरह के चर्चे हो रहे हैं .ईडी की दबिश बढ़ गई है.सरकार भी अपने पार्टी के वर्तमान गांडेय विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा दिला कर झारखंड वासियों को गुमराह कर रही है.

# सेबी को मिले और तीन माह

यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि हिंडनबर्ग ने जिन सवालों को उठाया था, उसका पूरा उत्तर मिल गया है. जांच के कई ऐसे पहलू और सवाल हैं, जिनपर जवाब आना बाकी है. हालांकि सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद अडानी समूह ने सत्यमेव जयते कह कर अपनी जीत का दावा पेश कर दिया है, लेकिन सवाल तो अब भी बना हुआ है कि मनी लौंडरिंग और राउंड ट्रिपिंग का जो मामला पिछले एक साल से विवाद में बना हुआ है, क्या उसका जवाब मिल गया. इन्हीं मामलों को उठाने वाले राजनेताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है. इसमें राहुल गांधी को गुजरात की एक अदालत ने सजा दी और उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी गयी. बाद में सर्वोच्च अदालत से वे सदस्यता बहाल कराने में सफल रहे, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह एक अन्य मामले में जेल में हैं, जो अडानी मामले को मुखरता से उठाते रहे हैं और महुआ मोइत्रा की सदस्यता भी लोकसभा से खारिज की जा चुकी है. इन तीनों का सीधा संबंध हिंडनबर्ग के बाद विवाद और देश में बढ़ते आर्क एकाधिकार से रहा है. अब यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) पर निर्भर करता है कि वह एक वर्ष से चले आ रहे अडानी-हिंडनबर्ग मामले का समापन करे. यानी सर्वोच्च अदालत ने सेबी के आग्रह पर ही उसे तीन माह में जांच पूरा करने को कहा है. 22 में दो मामलों में जांच शेष है. देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय के तीन सदस्यों वाली एक पीठ ने एक निर्णय में कहा कि इस मामले की जांच को सेबी से स्थानांतरित करने की कोई वजह नहीं है. पीठ ने आगे यह भी कहा कि किसी जांच को स्थानांतरित करने का अधिकार असाधारण परिस्थितियों में इस्तेमाल किया जाना चाहिए और बिना उचित कारण के ऐसा नहीं किया जाना चाहिए. सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार और नियामक को यह देखना चाहिए कि क्या हिंडनबर्ग या किसी अन्य संस्था ने कानूनों का उल्लंघन किया है? यदि ऐसा हुआ हो तो उसे समुचित कदम उठाने चाहिए. पीठ ने सेबी को जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का समय दिया. जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें अडानी समूह पर कई तरह के इल्जाम लगाए गए थे. तमाम आरोपों के बीच एक आरोप यह भी था कि 'अडानी समूह दशकों से शेयरों के साथ छेड़छाड़ और लेखा संबंधी धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों में शामिल' रहा है. अडानी समूह ने सभी आरोपों को खारिज किया. बची जांच पूरी होने के बाद ही यह मामला निपट सकेगा, क्योंकि उनका ताल्लुक न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानकों तथा शेयर कीमतों में छेड़छाड़ से है. लेकिन इस पूरे प्रकरण में कुछ ऐसे भी राजनीतिक और आर्थिक सवाल शेष है जिनका जवाब आना जरूरी है.

> देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सर्वोच्च न्यायालय के तीन सदस्यों वाली एक पीठ ने एक निर्णय में कहा कि इस मामले की जांच को सेबी से स्थानांतरित करने की कोई वजह नहीं है.

## सुभाषित

**स्वभावो नोपदेशेन शक्यते कर्तुमन्यथा।**
**सुतप्तमपि पानीयं पुनर्गच्छति शीतताम्।।**

किसी व्यक्ति को आप चाहे कितनी ही सलाह दे दें, किन्तु उसका मूल स्वभाव नहीं बदलता. ठीक उसी तरह जैसे ठंडे पानी को उबालने पर तो वह गर्म हो जाता है, लेकिन बाद में वह पुनः ठंडा हो जाता है. सलाह उसे ही देना चाहिए, जिसे उसकी आवश्यकता हो. बिना आवश्यकता के सलाह देना मूर्खता है.

# भारतीय संविधान में जनता ही संप्रभु है : एक

**सुप्रीम कोर्ट का यह सारा तामझाम और इसका पूरा बोझ देश ने इसलिए ही उठा रखा है कि यह किताब हमारे लोकतंत्र को जिस दिशा में ले जाना चाहती है, उस दिशा से कोई भटकाव या उसकी दिशा में ही कोई विपरीत परिवर्तन न कर सके, सबकी सख्त निगरानी हो. इसका सीधा मतलब है कि हमारे संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को एक सतत व अखंड विपक्ष में रहने की भूमिका सौंपी है.ऐसे सुप्रीम कोर्ट की सबसे ऊंची कुर्सी पर बैठे जस्टिस कौल ऐसी भ्रमित अवधारणा में जीते हैं कि 'अदालत विपक्ष नहीं हो सकती है.'**



• देश-काल



कुमार प्रशांत

हमारे सुप्रीम कोर्ट में 7 वर्षों तक न्यायमूर्ति रह कर जस्टिस संजय किशन कौल 26 दिसंबर 2023 को न्यायालय से विदा हुए. जस्टिस कौल 2001 में दिल्ली हाईकोर्ट में जज बने थे तथा वहीं स्थानापन्न चीफ जस्टिस भी रहे. फिर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट तथा मद्रास हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रहे. 2017 में वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे. वे वहां कॉलिजियम के सदस्य भी रहे तथा हमारे दौर के कई अत्यंत संवेदनशील मामलों के फैसलों, जिनमें निजता का अधिकार, समलिंगी यौन विवाह, राफैल सौदा, धारा 370 आदि शामिल हैं, में जस्टिस कौल की भागीदारी रही. ये सारे ही मामले ऐसे हैं कि जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट की गहरी परीक्षा ली है और देश को ऐसा लगा है कि सुप्रीम कोर्ट ऐसी परीक्षाओं में सफल नहीं रहा है. इन मामलों में अदालती फैसले जिनके हित में गए उन्हें भारी राहत भी मिली और उन्होंने हमारी न्याय-व्यवस्था में गहरी आस्था भी प्रकट की, लेकिन सुप्रीमकोर्ट का अपना क्या हुआ? जस्टिस कौल ने न्यायपालिका से मुक्ति के बाद एक अखबार को लंबा इंटरव्यू दिया है, जिसके लिए हमें उनका आभारी होना चाहिए. उस इंटरव्यू से पता चलता है कि हमारी न्यायपालिका और हमारे न्यायाधीश किस बीमारी के शिकार हैं और क्यों उनकी भूमिका से देश को बार-बार निराश होना पड़ता है.
सुप्रीम कोर्ट जब दीवानी या फौजदारी मामलों में हाथ डालता है, तब उसके फैसलों को जांचने की कसौटी भी और उनका परिणाम भी वक्ती होता है. जब वही सुप्रीम कोर्ट संवैधानिक मामलों की जांच करता है, तब उसके फैसलों को जांचने की एक ही, मात्र एक ही कसौटी होती है और वह कसौटी है भारतीय संविधान! श्रीमान्, हम भारत के नागरिकों ने आपको यही एक किताब पहनने-ओढ़ने-बिछाने के लिए दी है. यह जो आपकी किताब है श्रीमान, उसे आपने कितनी शिद्दत से पढ़ा और कितनी गहराई से समझा है, इसे जांचने व समझने का भी हमारे पास एक ही हमारा जरिया है : आपके फैसले! मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आपके पास अपने फैसलों का संदर्भ खोजने और बनाने के लिए इस किताब से अलग दूसरी न कोई किताब है, न होनी चाहिए. यह किताब ही आपकी गीता, बाइबल या कुरान है. आपने इस किताब के अलावा क्या-क्या पढ़ा है, इसे जानने में देश को कोई खास दिलचस्पी नहीं है. जस्टिस कौल ने अपने इंटरव्यू में एक जज की हैसियत से संवैधानिक व्यवस्था के बारे में जिस तरह की बातें कही हैं, जिस तरह की मुश्किलों व युक्तियों का जिक्र किया है, उनसे मैं न केवल निराश हूं, बल्कि गहरी शंका से भी घिरा हूं. क्या सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर समझ, सोच व चुनौतियों को पहचानने के संदर्भ में ऐसा धुंधलका छाया है?
शताब्दियों तक राजनीतिक- मानसिक-सांस्कृतिक व बौद्धिक गुलामी में रहने वाला एक नवजात मुल्क जब 'नियति से एक वादा करता हुआ' अपनी आंखें खोलता है, तब हम उसके हाथ में एक किताब धर देते हैं - हमारा संविधान! यह उन सपनों का संकलन है, जो अपने लंबे स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न दौरों से गुजरते हुए हमारी चेतना ने देखा- समझा और अंतर्मन में बसा लिया. उन सपनों को किसी हद तक आकार व आत्मा महात्मा गांधी ने दी. हमारा यह संविधान जैसे लोकतंत्र की कल्पना करता है, उसके विकास की दिशा उसने राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों ने स्पष्ट दर्ज कर रखी है. सुप्रीम कोर्ट का यह सारा तामझाम और इसका पूरा बोझ देश ने इसलिए ही उठा रखा है कि यह किताब हमारे लोकतंत्र को जिस दिशा में ले जाना चाहती है, उस दिशा से कोई भटकाव या उसकी दिशा में ही कोई विपरीत परिवर्तन न कर सके, सबकी सख्त निगरानी हो. इसका सीधा मतलब है कि हमारे संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को एक सतत व अखंड विपक्ष में रहने की भूमिका सौंपी है. ऐसे सुप्रीम कोर्ट की सबसे ऊंची कुर्सी पर बैठे जस्टिस कौल ऐसी भ्रमित अवधारणा में जीते हैं कि 'अदालत विपक्ष नहीं हो सकती है.' अदालत कभी भी विपक्षी दल नहीं हो सकती है, यह बात तो संविधान का ककहरा जानने वाला भी समझता है, लेकिन जस्टिस कौल जैसे लोग यह कैसे नहीं समझते हैं कि एक लिखित संविधान के शब्द- शब्द व शब्दों के पीछे बसने वाली उसकी आत्मा की पहरेदारी जिसे सौंपी गई है, जिसके प्रति वह सार्वजनिक तौर से वचनबद्ध हुआ है, वह सतत विपक्ष की भूमिका का स्वीकार है. संविधान की दूसरी सारी व्यवस्थाएं अपनी भूमिका बदल सकती हैं, आज का विपक्ष कल सत्ता पक्ष बन सकता है, लेकिन न्यायपालिका को हर हाल में, हर वक्त विपक्ष में ही रहना है. जस्टिस कौल जैसे लोग यह तो कह सकते हैं कि ऐसी भूमिका का निर्वहन हमसे नहीं हो सकेगा. वे ईमानदारी व हिम्मत से यह कहेंगे तो संविधान उन्हें इस भार से मुक्त हो जाने की छूट भी देता है. लेकिन सालों-साल उस जगह बैठ कर, उस जगह की बुनियादी चुनौती से मुंह मोड़ना संवैधानिक अपराध है.
विधायिका में किसका कितना बड़ा बहुमत है, यह बात न्यायपालिका के लिए कैसे मतलब की हो सकती है? वह अल्पमत की सरकार हो या दानवी बहुमत की, सुप्रीम कोर्ट के पास उसको तौलने का तराजू तो एक ही है : संविधान! उस वक्त की सरकार का हर वह फैसला सुप्रीम कोर्ट को स्वीकार होगा जो संविधान के शब्द व उसकी आत्मा के अनुरूप है; जो फैसला ऐसा नहीं है वह कितने भी बहुमत से लिया गया हो, सुप्रीम कोर्ट की नजर में वह धूल बराबर भी नहीं होना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट को इसके लिए न कोई लड़ाई लड़नी है, न कोई नारेबाजी करनी है, न किसी की पक्षधरता करनी है. (जारी)

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## अकेलापन

एक व्यक्ति नितांत ही अकेला पड गया था. उसके स्वजन, मित्र सभी ने उसका साथ छोड दिया. तकरीबन सभी ने उसके साथ विश्वासघात किया था.अकेलेपन ने उसका जीवन, विषाद से भर दिया था. विषाद एवं अकेलेपन के निवारण हेतु वह एक विद्वान महात्मा के पास पहुंचा. उसने अपने नीरस जीवन और अकेलेपन की पीड़ा, महात्मा के समक्ष व्यक्त की. अंत में कातर स्वर में अपने अकेलेपन को दूर करने का उपाय बताने के लिए विनती की. महात्मा हंसते हुए बोले, 'यह तो बहुत ही सरल है. आप बस मेरे समान मित्रों का सर्कल बना लो. मेरे उन मित्रों के रहते, मुझे कभी अकेलापन महसूस नहीं हुआ. मेरे मित्र कभी भी धोखा नहीं देते. मेरे वे पांचो मित्र हमेशा साथ निभाते हैं.' उस व्यक्ति ने कहा, 'आप बहुत ही भाग्यशाली है, आपको ऐसे सच्चे स्नेही मित्र मिले! सभी का कहां ऐसा सौभाग्य होता है? सभी को, आपके मित्रों समान हितैषी मित्र मिल जाए, यह जरूरी भी तो नहीं.' महात्मा ने मंद स्मित करते हुए कहा, अरे भाई! तुझे जानकर आश्चर्य होगा कि मेरे उन मित्रों को कोई भी व्यक्ति सरलता से मित्र बना सकता है. वे सभी के प्रेममय, समर्पितभाव से मित्र बनते हैं और मनोयोग से मित्रता निभाते भी हैं.
व्यक्ति ने बड़ी उम्मीद से प्रश्न किया, 'क्या वे मेरे भी मित्र बन जाएंगे? क्या वे मेरा साथ भी निभाएंगे?'
महात्मा ने कहा, 'ध्यान से सुनो, जिन पांच मित्रों की मैं बात कर रहा हूं, उनको मित्र बनाने के लिए तुम्हें भी मनोयोग से मेहनत करनी पड़ेगी, दृढ़निश्चय करना होगा. समर्पित मानस बनाना होगा, मित्रता का संकल्प लेना होगा. जब वे एक बार मित्र बन गए तो फिर सदैव के लिए साथ निभायेंगे. प्रतिक्षण सहायता को तत्पर रहेंगे.' उस व्यक्ति ने उत्साह से कहा, 'तब तो आप जल्दी से मुझे उन पांच मित्रों के नाम बताइए और वे कहां मिलेंगे ठिकाना बताइए. मुझे हरहाल में उनके साथ मित्रता करनी है.' महात्मा ने प्रसन्नता से उन पांच मित्रों के नाम बताए- प्रमाणिकता, सादगी, सच्चाई, स्पष्टवादिता, वचनबद्धता. और कहा, 'इनका ठिकाना है, अंतर्मन-वन मध्य, इन्द्रियविषय नामक झाड़ झंखाड़ के पीछे, निर्मल हृदयस्थल! उनसे शीघ्र साक्षात्कार कर और उन्हें अपना मित्र बना, तेरा अकेलापन काफूर हो जाएगा!'

# फसल उगाने के चलन पर पड़ रहा असर

• कृषि

अंजनी कुमार

अभी हाल ही में दुनिया भर के देशों के शीर्ष प्रतिनिधि और राजनेता अबू धाबी में धरती को बचाने और पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने के लिए इकठ्ठा हुए. लगभग 15 दिन की मशक्कत, आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक निष्कर्ष तक पहुंचने की काफी कवायद हुई. लेकिन, बहुत संतोषजनक हल तक पहुंचना मुश्किल बना रहा. रिन्यूएबल ऊर्जा संसाधनों के विकास को लेकर जरूर ही कुछ बेहतर रास्ता निकालने की कोशिशें हुईं. और इस दिशा में बढ़ने के लिए भारत के प्रतिनिधियों ने भी उत्साह दिखाया. लेकिन, भारत के अंदर पर्यावरण को लेकर जो चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसे लेकर स्पष्ट चिंतन नहीं दिख रहा है. दिल्ली और एनसीआर के साथ-साथ इससे सटे राज्यों में प्रदूषण के बढ़ाव के कई कारक दिख रहे हैं, लेकिन इस पर कोई खास कदम उठाने की कमजोरियां साफ दिख रही हैं. इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय काफी सक्रिय हुआ और एक के बाद एक हुई सुनवाइयों में इसने पंजाब में खेती के पैटर्न में ही बदलाव का रास्ता सुझा दिया. यह बदलाव निश्चित ही एक गंभीर मसला है और इस पर बहस होनी चाहिए थी और इस संदर्भ में उपयुक्त कदम उठाने को लेकर संसदीय समिति के गठन की ओर जाना चाहिए था. लेकिन, यह मसला भी संसद पर भाजपा के एकाधिकारवादी व्यवहार के चलते महज एक छोटी सी खबर बनकर रह गई. एक शोध के अनुसार यदि 2050 तक पर्यावरण परिवर्तन को लेकर उपयुक्त उपाय नहीं किये गये तो चावल की पैदावार में 2 से 20 प्रतिशत तक कमी आएगी और इसके अगले 30 साल में यह लगभग आधी हो जाएगी. गेहूं उत्पादन में उपरोक्त समयावधि में 8.4 से लेकर 19.3 प्रतिशत तक कमी आ सकती है और अगले 30 साल में यह 18.9 से लेकर 41 प्रतिशत तक कम हो सकता है. इसका असर मक्का उत्पादन पर भी पड़ सकता है और इसमें 2050 तक 10 से 19 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है.यहां यह चिह्नित करना जरूरी है कि भारत में खेती की जिन योजनाओं को लागू किया गया है, उनमें हरित क्रांति ही एक निर्णायक योजना रही है. यह भारत में 1960 के दशक में खेती की सिंचाई के साधनों और खेतों की उत्पादकता के आकलन के आधार बनायी गयी. इसी आकलन के आधार पर गेहूं, चावल, बाजरा, ज्वार, मक्का, सोयाबीन, कपास और मूंगफली आदि फसलों को उगाने के लिए हाइब्रिड बीज, रसायन, तकनीक आदि को प्रस्तुत किया गया. यही पैटर्न 1990 तक रहा है.विभिन्न सरकारों ने इसमें समय-समय पर थोड़े-थोड़े सुधार और बदलाव किये. विश्व व्यापार संगठन के

> दिल्ली और एनसीआर के साथ-साथ इससे सटे राज्यों में प्रदूषण के बढ़ाव के कई कारक दिख रहे हैं, लेकिन इस पर कोई खास कदम उठाने की कमजोरियां साफ दिख रही हैं. इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय काफी सक्रिय हुआ और एक के बाद एक हुई सुनवाइयों में इसने पंजाब में खेती के पैटर्न में ही बदलाव का रास्ता सुझा दिया.

दबाव और संरचनागत सुधार योजनाओं ने निश्चय ही किसानी में बदलाव लाये और किसानों पर विश्व बाजार का दबाव बढ़ा दिया. 2000 के बाद किसानों पर इन बदलावों का असर एक संकट की तरह विकसित हुआ है. पर्यावरण में बदलाव सबसे अधिक सिंचाई की व्यवस्था पर असर डाल रहा है और इसकी वजह से रसायनों का प्रयोग भी पहले से अधिक बढ़ा है. पर्यावरण बदलाव का असर किसानों को सिर्फ उत्पादकता के स्तर पर ही प्रभावित नहीं कर रहा, यह उसकी लागत को भी बढ़ा रहा है. इस संदर्भ में निश्चित ही एक व्यापक अध्ययन और इस संदर्भ में उचित नीतिगत निर्णय लेना चाहिए. यह सीधे तौर पर किसानी से जुड़ा मसला है और यह देश की अर्थव्यवस्था और एक व्यापक आबादी के हितों के साथ जुड़ा हुआ है. केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार ग्लोबल तापमान में वृद्धि से देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव आ रहा है. उनके अनुसार मानव द्वारा पर्यावरण के खिलाफ किये जा रहे कार्यों के चलते कुछ जगहों पर भारी बारिश तो वहीं पर सूखा दिख रहा है. चक्रवातों में बढ़ोत्तरी को भी देखा जा सकता है. यहां यह बताना जरूरी है कि पर्यावरण में आ रहे बदलाव के चलते पूरी दुनिया में सबसे अधिक प्रभावित दस देशों में भारत भी एक है. इस साल दिसम्बर के महीने में ही तमिलनाडु पहले समुद्री चक्रवात मिचौंग से तबाह हुआ और महज दो हफ्तों के भीतर समुद्री विक्षोभ से उठने वाली हवाओं से इसके निचले 5 जिलों में भयावह बारिश का प्रकोप देखा गया. शहरों से लेकर गांव तक इस बारिश और चक्रवाती बाढ़ और तूफान से बर्बादी से पट गये.मंत्रालय के हवाले से कही गई बात में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे उन कारकों को स्पष्ट नहीं किया गया है और उसे महज मानव नाम दे दिया गया है. जबकि सीओपी की मीटिंगों और सीओपी-28 के प्रस्तावों को देखें, तो वहां स्पष्ट ही औद्योगिक संस्थानों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है.

# बड़ी आकांक्षाओं का साल बनेगा 2024

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

2024 का साल देश के राजनीतिक, राजनयिक, सामाजिक-सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और खेल के मैदान से कुछ बड़ी खबरों या दूसरे शब्दों में सफलताओं की उम्मीदें लेकर आ रहा है. नरेंद्र मोदी घोषणा कर चुके हैं कि मेरे कार्यकाल में ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा. उन्हें बड़ा जनादेश मिला तो संभव है कि आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर सरकार कुछ बड़े फैसले भी करे. सरकार किसी की भी बने, एक बड़ा काम संसदीय सीटों के परिसीमन का है. 2002 में सरकार ने इसे 25 साल के लिए टाल दिया था. अब नई सरकार के सामने दो बड़े काम होंगे. पहले जनगणना और फिर परिसीमन, जिसके साथ जुड़ा है महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण. जनगणना का काम फिलहाल 30 जून तक के लिए रोक दिया गया है. खेती, भूमि, श्रम, उर्वरकों और बिजली पर सब्सिडी जैसे बहुत से ऐसे मसलों में सुधार से जुड़े कदम भी उठाए जा सकते हैं. कुछ सरकारी बैंकों और बीमा कंपनियों का निजीकरण भी हो सकता है, जिनका संकेत वित्तमंत्री दे चुकी हैं. इस साल पाकिस्तान और बांग्लादेश के चुनावों के परिणाम भी हमारी विदेश-नीति को प्रभावित करेंगे. पाकिस्तान में नवाज शरीफ की सरकार बनी, तो उनके साथ बातचीत की शुरुआत भी संभव है. कम से कम उच्चायुक्तों की नियुक्ति के साथ इसकी शुरुआत हो सकती है. ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री-ट्रेड की बात महत्वपूर्ण मोड़ पर है. वह भी पूरा हो सकता है. नए साल के पहले महीने में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों देश के गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि बनकर आ रहे हैं. इस मौके पर संभव है कि दोनों देशों के रिश्तों में किसी नए कदम की घोषणा हो. भारत और फ्रांस के बीच लड़ाकू विमानों के सैफ्रान इंजनों के निर्माण को लेकर बातचीत चल रही है. यह लोकसभा-चुनाव का वर्ष है. लोकसभा के अलावा 2024 में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव भी होंगे. एक तरह से देश में पूरे साल चुनाव की हवाएं बहेंगी. भारत के ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र के लिए 2024 का साल बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है. भारत, अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, बेल्जियम, यूरोपियन संसद, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको, ताइवान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका और भूटान तक में इस साल चुनाव होने वाले हैं. मोटा अनुमान है कि कम से कम 78 देशों

> भारत और फ्रांस के बीच लड़ाकू विमानों के सैफ्रान इंजनों के निर्माण को लेकर बातचीत चल रही है. यह लोकसभा-चुनाव का वर्ष है. लोकसभा के अलावा 2024 में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव भी होंगे.

में 2024 के अंत तक चुनाव होंगे, जिनमें दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी हिस्सा लेगी. दुनियाभर के विशेषज्ञ इसे 'मदर ऑफ ऑल इलेक्शंस ईयर' बता रहे हैं. एक ज़माने तक दुनिया की निगाहें अमेरिकी चुनाव पर ही रहती थीं, पर अब दुनिया भारतीय चुनाव की व्यापकता और सफलता को लेकर आश्चर्यचकित है.सुदूर और दुरूह इलाकों तक जाकर मतदाताओं की राय को ईवीएम में दर्ज कराने वाले लोकतांत्रिक सेनानी आशा जगाते हैं.जनवरी के अंतिम सप्ताह में संसद का बजट सत्र होगा, पर इस साल चुनाव का वर्ष होने के कारण सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी. पूरा बजट नई सरकार बनने के बाद जुलाई में पेश होने की संभावना है. अलबत्ता 2019 में ऐसी ही परिस्थिति में पेश किए गए बजट में मोदी सरकार ने कुछ बड़ी घोषणाएं की थीं. संभव है कि इस बार भी ऐसा ही हो. गुजरते साल के चलते-चलाते आर्थिक मोर्चे से अच्छी खबरें मिली हैं, जो बता रही हैं कि भारतीय जीडीपी अब 7 से 7.5 प्रतिशत सालाना की दर से संवृद्धि की दिशा में बढ़ रही है. एक्सप्रेसवे और हाईवे निर्माण देश की दशा एवं दिशा बदल रहा है. विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो 2024 में अर्थव्यवस्था की मजबूती के संकेत दे रहा है.जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 20 माह के उच्चतम स्तर 616 अरब डॉलर हो गया है. 25 मार्च, 2022 के बाद का यह उच्चतम स्तर है. गत 30 नवंबर को जारी जीडीपी के आंकड़ों से पता चलता है कि जुलाई-सितंबर की अवधि में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत तीसरी तिमाही के लिए तैयार है, जिसके आंकड़े जनवरी के अंतिम सप्ताह में प्राप्त होंगे. दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में वार्षिक आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि पहली तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत थी.

## मीडिया में अन्यत्र

# 'हिट-एंड-रन' की गंभीरता से हो परख

'हिट-एंड-रन' दुर्घटना वाले मामलों को जल्दबाजी या लापरवाही से हुई मौत का गंभीर रूप मानने वाला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का प्रावधान, इस नए और शीघ्र ही लागू की जाने वाली संहिता का पहला ऐसा नुक्ता है जिसकी गंभीरता की परख होनी है. बीएनएस की धारा 106 के निहितार्थों को लेकर चिंतित ट्रक चालकों द्वारा काम बंद कर दिए जाने के मद्देनजर, सरकार ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद ही इस धारा को लागू करने का वादा किया है. हालांकि ट्रांसपोर्टरों के संगठनों द्वारा यह रुख व्यक्त किए जाने के बाद कि हड़ताल का सहारा मुख्य रूप से चालकों द्वारा लिया गया है, जिन्हें अतिरिक्त आपराधिक दायित्व का डर सता रहा है, इस मसले से कुशलता के साथ निपटने की जरुरत है. यह अब एक ऐसा मुद्दा बन गया है, जो परिवहन का व्यवसाय चलाने वालों से ज्यादा परिवहन क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों से जुड़ा है. ऐसा लग सकता है कि 'हिट-एंड-रन' दुर्घटनाओं से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों को और ज्यादा सख्त बनाने वाले कानून के खिलाफ होने वाली यह हड़ताल अनुचित है, खासकर उस संदर्भ में जब सड़क दुर्घटनाएं इस देश में होने वाली मौतों का एक प्रमुख सबब बन रही हैं. हालांकि, इस हड़ताल ने इस सवाल पर भी ध्यान खींचा है कि क्या सभी मामलों में दुर्घटनाओं के लिए जेल की सजा को दो से बढ़ाकर पांच साल और अधिकारियों को दुर्घटना के बारे में सूचित करने में विफल रहने पर 10 साल तक बढ़ाना जायज है. बीएनएस की धारा 106 उस भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304ए की जगह लेगी, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आने वाली जल्दबाजी और लापरवाही भरी हरकतों के चलते होने वाली मौत पर दंड देती है. मौजूदा धारा में दो साल की जेल की सजा का प्रावधान है. धारा 106 के तीन घटक हैं: पहला, इसमें जल्दबाजी या लापरवाही से किए गए कार्यों के चलते होने वाली मौत के लिए जुर्माने के अलावा पांच साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है. दूसरा, यह धारा पंजीकृत चिकित्सकों के लिए कम आपराधिक दायित्व का प्रावधान करती है. अगर चिकित्सा प्रक्रिया के दौरान मृत्यु होती है, तो दो साल की जेल की सजा हो सकती है. इस धारा का दूसरा खंड सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित है, जिसमें अगर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने वाला व्यक्ति "घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है", तो कारावास की सजा को 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना लगाया जा सकता है. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### नशा/निशा

**नशा** शराब में होता तो नाचती बोतल. है न पते की बात! नशा उसमें होती है जो नशा करता है और देखते-देखते बर्बादी के कगार पर पहुंच जाता है. यह गीत अनजान ने 1972 में आयी फिल्म शराबी के लिए लिखा था. कम शब्द में कहा जा सकता है कि नशा बहुत बुरी चीज है. यह पहले शौक के रूप में किसी व्यक्ति के पास पहुंचता है और फिर अजगर की तरह धीरे-धीरे उसे निगलता जाता है. एक समय ऐसा भी आ जाता है, जब वह व्यक्ति लाख कोशिश के बाद भी अजगर के मुंह से बाहर निकल नहीं पाता. नशा का सामान्य अर्थ है अफीम, गांजा, भांग, चरस, शराब आदि मादक द्रव्यों के सेवन से उत्पन्न मानसिक विकृति की स्थिति, नशीली चीज, मादक द्रव्य, मादक पदार्थ के सेवन करते रहने की प्रवृत्ति. इस शब्द का लाक्षणिक अर्थ किसी चीज की ऐसी धुन जो और सबकुछ भुला दे. जैसे किसी खेल का नशा, दौलत का नशा, मद, घमंड, गर्व. कभी-कभी सरकार की ओर से नशे पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है तो उस प्रक्रिया को नशाबंदी कहते हैं. सरकार द्वारा नशाबंदी करने और उसे तोड़ने पर एक कव्वाली में जबर्दस्त कटाक्ष किया गया है-जब से सरकार ने नशाबंदी तोड़ दी, मानो या न मानो मैंने पीनी छोड़ दी. लोकभाषाओं में लोगों को ऐसा कहते हुए पाया जाता है- वह निशा करता है. मतलब वे नशा को ही निशा कह रहे हैं, लेकिन निशा बिल्कुल भिन्न शब्द है. दरअसल नशा और निशा दोनों में काफी अंतर है. नशा जहां अरबी मूल का है, वहीं निशा संस्कृत तत्सम. निशा का अर्थ है रात्रि, रात, रजनी, दारूहल्दी नामक पौधा. निशा से बना शब्द है निशाचर. मतलब रात में चलनेवाला प्राणी. निशांत का अर्थ है रात्रि की समाप्ति, रात का चौथा पहर, प्रातःकाल, सवेरा, बहुत शांत, शांतियुक्त. इसी प्रकार निशांध का मतलब है, जिसे रात को दिखायी नहीं देता हो, रतौंधी का रोगी.

# देखते-देखते फोटुओं की बाढ़ आ गयी

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

जब से मोबाइल में कैमरा आया है, फोटुओं की बाढ़ आ गई है. रोजाना ही हर कोई दस-पांच फोटो खींच लेता है. समारोहों की 20-25 फोटो फेसबुक और व्हाट्सएप पर पड़ी रहती हैं. यह भी एक तथ्य है कि ज्यादातर फोटो देखने योग्य नहीं होते अर्थात उनका चयन करके उन्हें सोशल मीडिया पर नहीं डाला जाता. पहले जमाना कुछ और था. फोटो खींचना और खिंचवाना एक बड़ा अवसर होता था. फोटोग्राफर को बुलाना पड़ता था और तब वह बीस-पच्चीस फोटो खींचता था. उस समय फोटो खिंच जाए तो एक बड़ी उपलब्धि होती थी. ऐसा लगता था, जैसे इतिहास में नाम अमर हो रहा है. एक बार एक शादी में मैं और मेरे दो परिचित फोटो खिंचवाने के लिए खड़े हुए. जैसे ही फोटो खिंचने वाला था, उसी समय एक अपरिचित व्यक्ति आया और ग्रुपफोटो में खड़ा हो गया. बोला- "तीन लोगों का फोटो अच्छा नहीं रहता." फोटोग्राफर ने हम चारों का फोटो खींचा और उसके बाद फोटोग्राफर और वह चौथे सज्जन दोनों ही इधर-उधर हो गए. हम तीनों ने आपस में एक दूसरे से पूछा कि वह चौथा व्यक्ति कौन था? पता चला कि उसे कोई नहीं जानता था, लेकिन वह महाशय तो इतिहास में अपना नाम अमर कर ही चुके थे. कई बार फोटोग्राफर इतने चतुर नहीं होते थे कि वे ढंग से फोटो खींच सकें. इसलिए कुछ ऐसे फोटो भी होते हैं, जिनमें दूल्हा-दुल्हन एक दूसरे को जयमाला पहना रहे हैं, लेकिन पुष्पहार से दोनों के ही चेहरे ढ़क गए. पता ही नहीं चल रहा कि दूल्हा कौन है, दुल्हन कौन है? शादी किन-किन की हो रही है? कुछ फोटोग्राफर जरूरत से ज्यादा सजग होते हैं. वे एक बार की बजाए दो-दो तीन-तीन बार जयमाला पड़वा देते हैं. कई फोटोग्राफर तो पूरे कार्यक्रम के दौरान यही कहते रहते हैं ..."जरा इध देखिए... जरा इधर देखिए "...आदमी पता चला कि किसी को खाना खिला रहा है और फोटो खिंचवाने के चक्कर में भोजन का कौर मुंह की बजाय नाक में चला जा रहा है. खैर कुछ भी कहो, फोटो खींचना चाहिए और जोरदार खींचना चाहिए. अखबारों के फोटोग्राफर जब अखबार के लिए फोटो खींचते हैं, तब वे पहले से बता देते हैं कि आप लोग हमारी तरफ मत देखना. अगर आपने हमें देख लिया तो फोटो खराब हो जाएगा. इसलिए सब लोग इस तरह की एक्टिंग करते हैं कि मानो उन्हें पता ही न हो कि उनका फोटो खींचा जा रहा है. इस दृष्टि से पत्रकारिता वाली फोटो खिंचवाने में एक्टिंग का बड़ा भारी योगदान है.



# धर्म अध्यात्म

## जिंदगी की दशा तय करतीं वास्तु की ये आठ दिशाएं






स्वामी विमलेश
वास्तु विशेषज्ञ

### पूर्व दिशा

वास्तु शास्त्र में पूर्व दिशा को सुबह के उगते सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है. अपने देश में भी इसलिए ब्रह्ममुहूर्त को भी महत्वपूर्ण माना गया है. इसलिए भवन का निर्माण करते समय पूर्व दिशा का कुछ भाग रिक्त छोड़ दें. इस स्थान को थोड़ा नीचे रखना चाहिए, ताकि अपने पितरों आदि का आशीर्वाद भी आपको मिलता रहे. इस दिशा में दोष होने पर सिर दर्द, छाती आदि की समस्या हो सकती है. पूर्व दिशा को सकारात्मक ऊर्जा का भंडार और देव दिशा कहा गया है. घर का मंदिर भी इसी दिशा में हो. इस दिशा के स्वामी सूर्य हैं और देवता इंद्र हैं.

### पश्चिम दिशा

यह दिशा प्रसिद्धि और सफलता की घोतक है. इस दिशा में कोई भी गड्ढा तथा दरार नहीं होनी चाहिए और ना ही इसमें किसी भी प्रकार कोई नीचापन भी नहीं होना चाहिए.

यदि ग्रह स्वामी को अपने किसी भी प्रकार के कार्य में कोई भी सफलता आदि नहीं मिल रही हो तो इससे स्पष्ट होता है कि इस दिशा में कहीं ना कहीं कोई वास्तु दोष है. इसके कारण पेट और गुप्त रोग आदि हो सकते हैं. पश्चिम दिशा मार्केट या रासायनिक आदि कार्य के लिए उपयुक्त माना जाता है. पश्चिम दिशा के स्वामी शनि देवता वरुण हैं.

### उत्तर दिशा

उत्तर दिशा जल से संबंधित है. यह दिशा बुद्धि ज्ञान और मनन-चिंतन की दिशा भी है. इसके साथ ही इस दिशा में मां का विचार भी किया जाता है. इसलिए यदि उत्तर दिशा में थोड़ा स्थान रिक्त छोड़कर भवन का निर्माण आदि कराया जाए तो माता को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है. इस दिशा के दोषपूर्ण होने से भी छाती के रोग उत्पन्न हो सकते हैं. उत्तर दिशा को कुबेर की दिशा भी कहा जाता है. इस दिशा में दुकान आदि का कार्य अच्छा होता है. इस दिशा में तिजोरी का दरवाजा खुलने बहुत ही शुभदायक होता है. इस दिशा के स्वामी बुध और देवता कुबेर हैं.

### दक्षिण दिशा

यह दिशा सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाने में सहायक होती है. पिता के सुख से भी संबंधित है. शरीर में मेरुदंड का कारक है. यह दिशा पानी के लिए हानिकारक है. अतः इस दिशा में पानी की व्यवस्था से बचना चाहिए. दक्षिण दिशा को भारी भरकम कारखाने या अग्नि और बिजली जैसे कार्यों के लिए अति उपयुक्त माना गया है. इस दिशा में भारी सामान आदि रखा जा सकता है.

### अग्नि कोण

यह दिशा व्यक्ति को स्वास्थ्य को भी इंगित करती है. प्रजनन क्रिया और संतान वृद्धि भी इसी दिशा से होती है. नींद और शयन सुख आदि को भी इसी दिशा से देखा जाता है. इस दिशा के खराब होने से स्त्री को दोष लगता है और संतान पैदा होने में समस्या उत्पन्न होती है. इस दिशा में दोष आदि होने से लोग आलसी हो जाते हैं. इस दिशा को सदैव दोष विहीन रखने से पति-पत्नी अच्छा शारीरिक सुख भोगते हैं. इस दिशा के स्वामी शुक्र और देवता अग्नि देव हैं.

### नैऋत्य कोण

यह दिशा असुर और क्रूर कर्म करने वालों की दिशा है. घर की किसी स्त्री के साथ शारीरिक शोषण अगर हो तो इस दिशा से दोष होता है. इसलिए इस दिशा को कभी भी खाली और रिक्त नहीं छोड़ना चाहिए. यह दिशा गृह स्वामी के निर्णय शक्ति को भी इंगित करती है. अगर यहां पानी, गड्ढा, या नीचा हो तो घर में अकाल मृत्यु भी हो सकती है. इस दिशा के स्वामी राहु और देवता नैऋत्य नामक असुर स्त्री हैं.

### वायव्य कोण

इस दिशा का संबंध आगन्तुकों और आपके मित्रों से होता है. अपना मानसिक विकास और शुक्राणु आदि भी आप इसी दिशा से देख सकते हैं. इस कोण में ईशान कोण की तुलना में अधिक नीचापन नहीं होना चाहिए. यहां गगनचुंबी इमारत का निर्माण कभी ना करें. इस दिशा के स्वामी चंद्रमा और देवता पवन देव हैं.

### ईशान कोण

यह दिशा ज्ञान और बुद्धि की सूचक है. इसमें किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हो. अगर यह दिशा दोष रहित है तो संपूर्ण वंश को समृद्धि मिलती है. इस दिशा में बाथरूम का होना या कूड़ा रखना मानो किसी बीमारी को निमंत्रण देने जैसा होता है. इस दिशा का स्वामी गुरु और देवता श्री विष्णु हैं.



## जीवन प्रतिपल नया है

# हर क्षण का उत्सव मनाएं



डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

**जहां जीवन प्रतिपल नई दिशाओं को छूता है, नए क्षितिज से प्रवेश करता है और नए सूरज से मिलता है, वहां नयापन की खोज ही गलत है. हर साल आता है नया साल. हर दिन होता है नया. हम हर रोज अंधरे को पार कर नयी सुबह में कदम रखते हैं. नई सुबह से मिलते हैं, नित्य जीवन के नए नए विस्मय से साक्षात करते हैं, उसके बाद भी हमारे जीवन में नए की बाधा नहीं होना ही आश्चर्यजनक है. जीवन हर साल लाता है नया दिन, नया साल. पुराने सालों को हर बार इतिहास के पन्नों में धकेल देता है. कलेंडर बदलने से नया साल नहीं आता है.**

### दौड़ रहा मन का घोड़ा

एक कहानी पढ़ी थी. एक बार एक घुड़सवार बहुत तेजी से सड़क से नीचे कच्चे रास्ते की ओर दौड़ रहा था. सड़क के दूसरी आरे खड़े एक जानकार ने उसे आवाज लगायी, महादोय! इतनी तेजी से कहां जा रहे हैं? घुड़सवार ने कहा कि नहीं पता. मेरे घोड़े से पूछ लो, वहीं तो हमें ले जा रहा है. वह जो घोड़ा है, वही हमारी जिंदगी को मुश्किल बना रहा है. वह घोड़ा हमारा मन है. हम जीवन को जटिल बनाने का हर उपक्रम करते हैं. हम सब जिंदगी में ऐसे ही सवार हैं. कहां जा रहे हैं हम?

### प्रतिक्षण नया जीवन

जीवन एक सतत प्रवाह है. सुबह उठने से रात को सोने तक कुछ भी पुराना नहीं रहता है. वृक्ष, रास्ते, दोस्त, ऑफिस, संबंध, टेबुल, सूरज सब कुछ थोडा.बदल जाता है. लेकिन आदमी है कि पुराने में जीना चाहता है, जीता है और सोचता है कि नया कुछ भी नहीं हो रहा है. नया का अनुभव करना है तो प्रत्येक घटना को प्रत्यक्ष साक्षात करना होगा, चाहे वह व्यक्ति हो, फूल हो, पत्थर हो या पत्ता हो. जीवन में प्रतिपल नया के अनुभव के लिए हर क्षण को उत्सव में बदलना होगा.

### संकल्पित हो जीवन

महात्मा गांधी ने 1932 में लिखा कि देखता हूं कि तुम नए साल में क्या निश्चित करते हो, जिससे नहीं बात किए हो, उससे बात करो. जिससे नहीं मिले हो उससे मिलो. यह सब करना ही नया का स्वागत है. संकल्प से कुछ नहीं होगा. हर साल वहीं संकल्प- रोजाना व्यायाम करेगें, चीनी नहीं खायंगे. परिवार पर ध्यान देंगे, इससे कुछ नहीं होगा, जब पूरा जीवन ही संकल्पित हो सकता है. जब हर क्षण उत्सव में बदला जा सकता है, तो भविष्य में सकंल्प और उत्सव की खोज बेमानी है.



### जरूरी है ध्यान जगत तक की यात्रा

जीवन प्रतिपल नया है, यदि शब्द से शब्दातीत की यात्रा हो. शब्द की यात्रा हमारी बाहरी यात्रा है. भीतर की यात्रा का पहला पड़ाव जिसके बाद विचार का तल आता है और उसके बाद दर्शन का तल आता है. जीवन के हरेक पल का आनंद लेना है, उसका उत्सव मनाना है तो हमें इस तीसरे तल के बाद चौथे तल की यात्रा करनी होगी, जिसे ध्यान का जगत कहा जाता है. इस तल पर हर पल का आनंद है. इस तल पर हर क्षण उत्सव चल रहा है. एक्हार्ट टॉल्ल अपनी पुस्तक शक्तिमान वर्तमान में कहते हैं कि हम समय के अतीत और भविष्य पर जितना अधिक केंद्रित होते हैं उतना ही अधिक हम वर्तमान को खो देते हैं, जो सबसे अनमोल चीज है. कहा गया है कि कल कभी नहीं आता है, तो नया भी कहीं भविष्य में नहीं होता है. हर पल नया है.

### वर्तमान ही आनंद

जीवन में आनंद के दो आयाम हैं. एक आयाम है कि हम आनंद की खोज हर आने वाले समय में करें. अपनी ऊर्जा को भविष्य के किसी लक्ष्य, वस्तु की प्राप्ति के प्रति समर्पित कर दें और उसको प्राप्त करने के लिए लगातार कर्म करते जाएं. ऐसी स्थिति में हम बस साधन बनकर रह जाते हैं. आनंद की प्राप्ति का एक दूसरा आयाम है-अभी तथा वर्तमान में. आनंद को वस्तु या लक्ष्य में खोजने के बदले वर्तमान में खोजे. जब आनंद हमसे जुड़ा है तो हम लक्ष्य खुद हैं. चेतना की सत्ता में सब, अभी और इसी वर्तमान में सुख पा सकते हैं. अपनी ऊर्जा को भविष्य या उसके किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यय नहीं करना है.

### आनंद के ये द्वार

उत्सव मानने के लिए अनंत कारण हैं. आनंद की अनुभूति के असीम अवसर हैं. फूल खिल रहे हैं. पक्षियां गा रही हैं. आकाश में चांद-तारे हैं. हवाएं मदं-मंद बह रही हैं. लहरों के संग पूर्णिमा की चंद्रिका हमारे मन को उद्वेलित कर रही है. हम सांस ले रहे हैं. हमारे संग पिता हैं, मां हैं, बच्चे हैं. यह क्या कम कारण हैं? आज उत्सव मनाने के लिए! इन सबका उत्सव मनाएं.

### उत्सव की निरंतरता

इस प्रकृति में मानव ही समय का निर्धारण करता है. अवसर की प्रतीक्षा करता है, उत्सव के लिए. प्रकृति में सदैव उत्सव चल रहा है. रोजाना एक ही पेड़ से विभिन्न रंग के फूल खिल रहे हैं. पुराने पत्तों की जगह नई कोंपल उसका जगह ले रही है. चांद, तारों के संग सूर्य का उत्सव रोजाना चालू है. प्रकृति में एक नया साल नहीं है. वहां रोजाना दिवाली, होली और नूतनता का अनुभव है.

### शब्द का नहीं आनंद से वास्ता

जीवन को उत्सव बनाने के बदले हम शब्द का उत्सव मनाते हैं. भाव के स्तर पर आनंद की अनुभूति हम ले ही नहीं पाते हैं. ओशो कहते हैं कि हम जन्म से लेकर मृत्यु तक शब्दों के संसार में जिया करते हैं- विचार, स्मृतियां, कल्पनाएं और स्वप्न ये सभी शब्द ही तो हैं. शब्द हमारे संसार का, हमारे बाहरी जीवन से जुड़ा है जिसका उत्सव और आनंद से कोई जुड़ाव नहीं है. अगर ऐसा नहीं होता तो सिकंदर जीवन भर सुख के लिए अकूत संपत्ति क्यों बटारते रह जाता!

## सात जनवरी को सफला एकादशी, कीजिए भगवान विष्णु की अराधना

# दुखों का होगा नाश, खुलेगा भाग्य का द्वार



आर्चाय अजय कुमार मिश्रा

**एकादशी की तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है. ऐसी मान्यता है कि एकादशी व्रत करने और इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करने से भक्तों को प्रभु श्री हरि की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती. प्रत्येक महीने दो और साल में 24 एकादशी होती है. इनमें पौष माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है. इस बार सात जनवरी को सफला एकादशी है. आइए, इसके मुर्हूत और पूजा विधि के बारे में जानकारी हासिल करें.**

**सफला एकादशी शुभ मुहूर्त :** पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 07 जनवरी 2024 को प्रातः 12 बजकर 41 मिनट शुरू हो रही है और इसका समापन 08 जनवरी 2024 को प्रातः 12 बजकर 46 मिनट पर समाप्त होगा. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार सफला एकादशी का व्रत 07 जनवरी, रविवार के दिन मनाई जाएगी.

**पूजा ऐसे करें :** सफला एकादशी के दिन अहले सुबह उठें और स्नान के बाद साफ वस्त्र धारण करें. व्रत का संकल्प लें. इसके बाद पूजा स्थल पर भगवान को धूप, दीप, फल और पंचामृत अर्पित करें. भगवान विष्णु और अच्युत की नारियल, सुपारी, आंवला और लौंग आदि से पूजा करें. शाम में भी पूजा करें. विष्णु के सहस्र नाम का पाठ करें. सफला एकादशी पर तुलसी पूजन का विशेष महत्व है. इसदिन तुलसी के पौधे के पास शाम में एक घी का दीपक जलाएं और तुलसी जी की 21 बार परिक्रमा करें. इस दिन रात्रि में जागरण कर श्री हरि के नाम के भजन करने का बहुत महत्व होता है. व्रत के अगले दिन द्वादशी पर किसी जरुरतमंद व्यक्ति या ब्राह्मण को भोजन कराकर और दान-दक्षिणा देकर विदा करें और इसके बाद व्रत का पारण करें.



**सफला एकदशी का महत्व :** मान्यता है कि सफला एकादशी का व्रत रखने से एक हजार अश्वमेघ यज्ञों के बराबर लाभ मिलता है. इन ग्रंथों में सफला एकदशी एक ऐसे दिन के रूप में वर्णित है जिस दिन व्रत रखने से सारे दुःख समाप्त होते हैं और भाग्य का द्वार खुल जाता है. इस एकदशी का व्रत रखने से व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी होती हैं.

## खुशी संदेश

### आपके दिए संस्कार से तय होगा बच्चों का भविष्य




मुकेश चौहान

एक संत अपने शिष्यों के साथ भिक्षाटन के लिए एक गांव पहुंचे. वहां वे एक घर में भिक्षा के लिए आवाज लगाई. घर से एक बच्ची निकली. संत ने उससे भी भिक्षा मांगा. बच्ची बोली- घर में कोई नहीं, और मेरे पास देने के लिए कुछ है भी नहीं. संत बोलें- मना नहीं करते बेटी, कुछ नहीं तो अपने आंगन की थोड़ी सी मिट्टी ही दे दो. बच्ची खुशी-खुशी मिट्टी लाकर दे दी. संत उसे आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ गए. शिष्यों ने संत से पूछा- आप बच्ची से मिट्टी क्यों ले लिए. संत समझाते हुए कहें- सिर्फ मिट्टी देकर बच्ची ने देने का सुख प्राप्त कर लिया. जब वो सामर्थवान होगी, तब इसमें सहयोग करने, दान देने की प्रवृत्ति बढ़ती जाएगी.

लब्बोलुआब यह, हमें बच्चों में अच्छे संस्कार डालनी चाहिए. परिस्थिति विपरीत ही क्यों न हो, उन्हें छोटी सी गलती के लिए भी प्रेरित नहीं करनी चाहिए. यकीन मानें, आपके दिए संस्कार ही बच्चों का भविष्य तय करेंगे.

# सुख-स्वास्थ्य और ऐश्वर्य के लिए बजाइए शंख

**पूजा-पाठ में शंख बजाने का चलन युगों-युगों से है. देश के कई भागों में लोग शंख को पूजाघर में रखते हैं और इसे नियमित रूप से बजाते हैं. ऐसे में यह उत्सुकता एकदम स्वाभाविक है कि शंख केवल पूजा-अर्चना में ही उपयोगी है या इसका सीधे तौर पर कुछ लाभ भी है!**



आचार्य प्रणव मिश्रा

सनातन धर्म की कई ऐसी बातें हैं, जो न केवल आध्यात्मिक रूप से, बल्कि कई दूसरे तरह से भी लाभदायक हैं. शंख रखने, बजाने व इसके जल का उचित इस्तेमाल करने से कई तरह के लाभ होते हैं. कई फायदे तो सीधे तौर पर सेहत से जुड़े हैं. आरती-पूजा के समय शंख बजाने और इसके इस्तेमाल से क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए जानें-

1. ऐसी मान्यता है कि जिस घर में शंख होता है, वहां लक्ष्मी का वास होता है. धार्मिक ग्रंथों में शंख को लक्ष्मी का भाई बताया गया है, क्योंकि लक्ष्मी की तरह शंख भी सागर से ही उत्पन्न हुआ है. शंख की गिनती समुद्र मंथन से निकले चौदह रत्नों में होती है.
2. शंख को इसलिए भी शुभ माना गया है, क्योंकि माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु, दोनों ही अपने हाथों में इसे धारण करते हैं.
3. पूजा-पाठ में शंख बजाने से वातावरण पवित्र होता है. जहां तक इसकी आवाज जाती है, इसे सुनकर लोगों के मन में सकारात्मक विचार पैदा होते हैं. अच्छे विचारों का फल भी स्वाभाविक रूप से बेहतर ही होता है.
4. शंख के जल से विष्णु, लक्ष्मी आदि का अभिषेक करने से ईश्वर प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा प्राप्त होती है.
5. ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है कि शंख में जल रखने और इसे छिड़कने से वातावरण शुद्ध होता है.
6. शंख की आवाज लोगों को पूजा-अर्चना के लिए प्रेरित करती है. ऐसी मान्यता है कि शंख की पूजा से कामनाएं पूरी होती हैं. इससे दुष्ट आत्माएं पास नहीं फटकती हैं.
7. ऐसी मान्यता है कि शंख की आवाज से वातावरण में मौजूद कई तरह के जीवाणुओं-कीटाणुओं का नाश हो जाता है.
8. आयुर्वेद के मुताबिक, शंखोदक के भस्म के उपयोग से पेट की बीमारियां, पथरी, पीलिया आदि कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं. हालांकि इसका उपयोग एक्सपर्ट वैद्य की सलाह से ही किया जाना चाहिए.



9. शंख बजाने से फेफड़े का व्यायाम होता है. पुराणों के जिक्र मिलता है कि अगर श्वास का रोगी नियमित तौर पर शंख बजाए, तो वह बीमारी से मुक्त हो सकता है.
10. शंख में कैल्शियम, फास्फोरस व गंधक के गुण होने की वजह से यह फायदेमंद है. बड़े-बुजुर्गों का कहना है कि शंख में रखे पानी का सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं. यह दांतों के लिए भी लाभदायक है.
11. वास्तुशास्त्र के मुताबिक भी शंख में ऐसे कई गुण होते हैं, जिससे घर में पॉजिटिव एनर्जी आती है. शंख की आवाज से 'सोई हुई भूमि' जाग्रत होकर शुभ फल देती है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### सैप जवान का हत्यारा शराब तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से पुलिस ने सैप जवान का स्कार्पियो से कुचलकर हत्या करने में शामिल एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी पकड़ीदयाल सुबोध कुमार के नेतृत्व में राजेपुर एसएचओ पुनि संदीप कुमार,एसआई अशोक कुमार पाण्डेय,मनीष कुमार,श्याम बिहारी सिंह व राजेपुर थाना के जवानों ने सघन छापामारी करते हुए 06 वर्ष से फरार चल रहे एक अभियुक्त दिनेश राम को मोतिहारी से गिरफ्तार किया है.

### आग लगने से लाखों का नुकसान

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल बाजार स्थित एक गिफ्ट कॉर्नर एवं जेनरल स्टोर दुकान में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गयी. इस अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गये. अग्निशमन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,जिससे आस-पास अधिक नुकसान होने से बचाया जा सका. जानकारी के अनुसार कौआकोल दुर्गामंडप जाने वाली गली के सामने बाजार स्थित विक्की गिफ्ट कॉर्नर एंड रेडीमेड शॉप में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई. जिससे दुकान के अंदर रखे लगभग पांच लाख रुपये से अधिक की सामाग्री,नकदी समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गये.

### भाजपा ने घर-घर जाकर दे रहा निमंत्रण

**पूर्णिया।** रामलला का निमंत्रण भाजपा में शामिल महिलाएं घर घर पहुंचा रही है. यह कार्य भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा की नगर पश्चिम मंडल की अध्यक्ष ममता झा के नेतृत्व में किया जा रहा है. इस अभियान को सफल बनाने में कई महिलाएं साथ दे रही है. श्री राम जी की भूमिका मे कुमार बंश आकर्षण के केंद्र रहे. महिलाओं का समूह नचाते गाते मुहल्ले वासियों को निमंत्रण दे रही हैं. कार्यक्रम मे सभी महिलाएं उत्साहित होकर उत्सव के रूप में सभी धर्मों के लोगों को आमंत्रित कर रही हैं.

# राम व अयोध्या के नाम पर उन्माद पैदा करने की कोशिश : शिवानंद

**विशेष संवाददाता। पटना**

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी ने भाजपा का



नाम लिए बिना कहा है कि राम और अयोध्या के नाम पर एक उन्माद पैदा किया जा रहा है. श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की चल रही तैयारियों व भाजपा के अभियान पर परोक्ष रूप तंज कसते हुए कहा कि हमारे राम तो हमारे दिल में बसते हैं. जब तलब हुई सिर झुका कर अपने राम के दर्शन कर लिए. राम तो हमारे देश के कण कण में बसे हुए हैं. पता नहीं कब से हमारे देश के करोड़ों ग़रीबों के लिए राम का नाम ही सहारा है. दुनियावी दुख तकलीफ़ से राम ही बेड़ा पार लगायेंगे इस उम्मीद पर हमारी पीढ़ियों ने अपन जीवन गुज़ार दिया है. राम का नाम ही सत्य है, यह बोल न जाने कब से हम बोल रहे हैं. आज राम और अयोध्या के नाम पर एक उन्माद पैदा किया जा रहा है. अयोध्या और उसके आसपास होटलों का किराया लाख रुपये तक पहुंच गया है. कितनी विशेष रेल गाड़ियां चलाने की योजना है. अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण हो गया है. भविष्य में उस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का क्या होगा ! न इस सवाल को कोई पूछने वाला है और न इसका जवाब कोई बताने वाला. इतना शोर मचाया जा रहा है कि इसमें आम आवाम का दुख तकलीफ़, उनकी पीड़ा, उनके दर्द की आवाज़ उस शोर में गुम हो रही है. तिवारी ने कहा कि दरअसल अयोध्या में करोड़ों भारतवासियों के हृदय में विराजने वाले राम का उत्सव नहीं मनाया जा रहा है. यह एक प्रोजेक्ट है 50 हजार करोड़ का.

### तेजस्वी यादव ने पीएम पर निशाना साधा

# राम चाहते तो खुद महल बनवा लेते, आस्था मन में होनी चाहिए

**संवाददाता। मधुबनी**

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला



का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इसको लेकर सत्ता पक्ष पीएम मोदी की तारीफ करते थक नहीं रहे हैं. दूसरी तरफ विपक्ष के नेता नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं. डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भी मधुबनी के झंझारपुर में एक पार्टी कार्यक्रम में भाजपा पर राम मंदिर के बहाने अपनी और मोदी की मार्केटिंग करने का आरोप लगाया. तेजस्वी ने कहा कि क्या भगवान राम को मोदी जी की जरुरत है? अगर वो चाहते तो खुद महल नहीं बनवा लेते. कहा कि मोदी जी दिखा रहे हैं कि उन्होंने भगवान राम के लिए महल बनवा दिया. तेजस्वी ने कहा ये सब बेकार की बातें हैं. आस्था मन में होनी चाहिए. एक तरफ पाप करते रहेंगे और दूसरी तरफ राम-राम करते रहेंगे, तो राम आशीर्वाद नहीं देंगे. दंगे-फसाद से बचने की जरुरत है.

### आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान | –28 वां स्थान |
| बिहार की कुल साक्षरता दर | – 61.80 % |
| पुरुष साक्षरता दर | – 71.20 % |
| महिला साक्षरता दर | – 51.5 % |
| साक्षरता की दृष्टि से भारत के राज्यों में क्रम | – 28 वां |
| सर्वाधिक साक्षरता दर बल जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| सर्वाधिक पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| सर्वाधिक महिला साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाला जिला | – सहरसा |

### बांका में भीषण सड़क हादसा

# बस के नीचे घुसी बाइक, रेलिंग से टकरायी बस, 17 यात्री घायल

**संवाददाता। बांका**

जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार को रजौन थाना क्षेत्र के भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग स्थित धौनी रेलवे स्टेशन मोड़ पर बाइक और बस की भिड़ंत हो गई. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर तफरी-तफरी मच गयी. इस हादसे में 17 लोग घायल हो गए हैं. सूचना के बाद मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम भी पहुंचीं. सभी को बेहोशी हालत में रेफर किया गया है. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस के सामने केबिन में बैठे महिला और पुरुष शीशा तोड़कर फिल्मी स्टाइल में सड़क पर गिर पड़े. जिसे देखकर स्थानीय लोग मौके पर दौड़कर पहुंचे. शिव शक्ति बस में बैंक कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं शिक्षक सभी अपने ड्यूटी के लिए जा रहे थे. पांच लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. स्वास्थ्य कर्मी में मेनका कुमारी, वंदना कुमारी,राहुल कुमार और रोशन कुमार और एसबीआई बैंक के मैनेजर सहित 17 लोग शामिल हैं. अस्पताल में एंबुलेंस और बेड भी कम पड़ गए हैं.



#### बाराहाट और धोरैया से एंबुलेंस मांगनी पड़ी

बाराहाट और धोरैया से भी एंबुलेंस मांगनी पड़ी. इसके बाद सभी को गंभीर अवस्था में आनन-फानन में रेफर कर दिया गया. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भागलपुर की ओर से शिव शक्ति बस तेज रफ्तार में आ रही थी. इसी क्रम में पुनसिया की ओर से बाइक भी तेज रफ्तार में आ रही थी और धौनी मोड़ के गली के अंदर घुसने के दौरान दोनों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई.

## कोहरे की वजह से स्कूल बस-ट्रक में टक्कर, 4 बच्चे घायल

**पूर्णिया।** पूर्णिया के रानीपतरा थाना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण एक स्कूल बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस घटना में चार बच्चे बुरी तरह जख्मी हुए हैं. सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की बस बच्चों को लेकर रानीपतरा से गुलाबबाग आ रही थी, उसी समय ट्रक से उसकी टक्कर हो गई. घटना में घायल सभी बच्चों का इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में चल रहा है. पूर्णिया के मुफस्सिल थाना के रानीपतरा में घने कोहरे के कारण स्कूल बस और ट्रक में आमने सामने की टक्कर हुई है. इस हादसे में चार स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सभी को इलाज के लिए स्थानीय रेफर अस्पताल भेजा गया है. घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्णिया कटिहार एनएच 131ए पर सरस्वती विद्या मंदिर गुलाबबाग की स्कूल बस गलत दिशा से आ रही थी.



घने कोहरे के कारण सामने से आ रही एक ट्रक से बस की जोरदार टक्कर हो गई. दुर्घटना में बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हादसे में चार स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसमें दो बच्चों के सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि दो बच्चों के कान के पास कांच लग गया है. स्थानीय लोगों ने सभी घायल बच्चों को इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल भेजा गया.

# डॉक्टर ने मरीज के दोस्त को मारा चाकू

**संवाददाता। गया**

गया के विष्णुपद थाना क्षेत्र के रामसागर तालाब के समय डॉक्टर ने मरीज के दोस्त को चाकू मार कर घायल कर दिया. अब पीड़ित ने थाने जाकर न्याय की गुहार लगाई है. उसका कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से और आरोपी डॉक्टर की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे. घायल व्यक्ति रामसागर तालाब पश्चिम मोहल्ले के रहने वाला अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उसके दोस्त का हाथ टूट गया था. वह अपने दोस्त को इलाज करने के लिए डॉक्टर सौरभ के क्लीनिक में आया था. डॉक्टर ने पहले इलाज के लिए 10 हजार रुपया देने के लिए कहा. इसके बाद 15 हजार रुपये का डिमांड किया. ऐसे में अपने दोस्त को दूसरे डॉक्टर (डॉ मनोज कुमार) के पास इलाज कराने ले गए. वहां कच्चा प्लास्टर करवाया. इसी बात को लेकर डॉ. सौरव ने फोन किया और गाली देते हुए पूछा कि तुम कहां पर हो? और जब मैं बताया कि रामसागर तालाब के पास है तो वह पीछे से आकर मेरे गर्दन पर चाकू मार दिया. चाकू लगते ही मैं जमीन पर गिर गया. डॉ. सौरभ वहां से फरार हो गया.

#### पहले भी जेल जा चुका है आरोपी डॉक्टर

विष्णुपद थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया आरोपी डॉक्टर कुमार सौरव पहले भी शराब पीकर मारपीट करने का मामले में जेल जा चुका है. बुधवार को शराब के नशे में एक व्यक्ति के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया इस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने भी अपने साथ हुई मारपीट के बारे में आवेदन दिया है.

### दूसरे चरण में हुए थे बहाल

# 13 को 1.10 लाख शिक्षकों के बीच बांटे जाएगे नियुक्ति पत्र

**पटना।** बिहार में दूसरे चरण के तहत एक लाख 10 हजार शिक्षकों की बहाली हो चुकी है. अब उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. इसके लिए तैयारी हो गई है. 13 जनवरी को पटना के गांधी मैदान में सीएम नीतीश कुमार बिहार लोक सेवा आयोग से दूसरे चरण में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे. दोपहर तीन बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने नियुक्ति पत्र बांटे जाने को लेकर निर्देश जारी किया है. बताया गया है कि 13 जनवरी को बीपीएससी से अनुशंसित एक लाख 10 हजार शिक्षकों को एक दिन में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. पटना के गांधी मैदान में 25 हजार शिक्षकों को नीतीश कुमार नियुक्ति पत्र देंगे. अन्य 85 हजार नवनियुक्त शिक्षकों को जिला मुख्यालयों में प्रभारी मंत्रियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा. बता दें कि पिछले साल 2 नवंबर 2023 को एक लाख 12 हजार नव नियुक्त शिक्षकों को पूरे बिहार में एक दिन में नियुक्ति पत्र दिया गया था.

### पीएम उम्मीदवार के लिए नीतीश का नाम सही

**पटना।** इंडिया गठबंधन में संयोजक के लिए सीएम नीतीश कुमार के नाम पर चर्चा तेज है, कांग्रेस खेमे में भी इस पर विचार चल रहा है. हालांकि आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जदयू के मंत्री मदन सहनी का कहना है कि नीतीश कुमार संयोजक का काम तो पहले से ही कर रहे हैं. अब उनका नाम आगे ही बढ़ाना है तो पीएम के रूप में आगे बढ़ाना चाहिए. समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि ऐसे तो मुख्यमंत्री ने पहले ही कहा है कि उन्हें कोई पद नहीं चाहिए और उसके बावजूद बिना पद के ही सभी विपक्षी दल को एक मंच पर लाने का काम उन्होंने किया है.

## कारोबार

### जियो के अक्टूबर में 31.59 ग्राहक बढ़े

**नयी दिल्ली।** रिलायंस जियो ने अक्टूबर 2023 में 31.59 लाख मोबाइल उपयोगकर्ता जोड़े, जबकि प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या में 3.52 लाख का इजाफा हुआ. ट्राई के मासिक ग्राहक आंकड़ों में यह बात सामने आई. वहीं संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को कोई राहत नहीं मिली. अक्टूबर में उसने 20.44 लाख वायरलेस ग्राहक खोए. आंकडों के अनुसार, जियो के साथ अक्टूबर में 31.59 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ें और उसके कुल ग्राहकों की संख्या बढ़कर 45.23 करोड़ हो गई.

### बंधन बैंक का शुद्ध लाभ 18.6 % बढ़ा

**कोलकाता।** बंधन बैंक इस चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 18.6 प्रतिशत बढ़कर 1,15,964 करोड़ रुपये रहा. कोलकाता स्थित बैंक ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 97,787 करोड़ रुपये था. समीक्षाधीन तिमाही के अंत तक बैंक का कुल जमा 1,17,422 करोड़ रहा. यह सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत प्रतिशत की वृद्धि है. बैंक के अनुसार, सीएएसए सहित खुदरा जमा 19 प्रतिशत बढ़कर 84,563 करोड़ रुपये हो गया.

### कच्चे तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है. पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव उछल कर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर है. मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है.

### वाइब्रेंट गुजरात समिट: 'ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम'

# 10 जनवरी को पीएम मोदी होंगे शामिल

**संवाददाता। गांधीनगर**

गिफ्ट सिटी गुजरात सरकार के सहयोग से 10 जनवरी को 'ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम' कार्यक्रम गिफ्ट सिटी क्लब में होगा. दूसरे दिन 11 जनवरी को महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में ''गिफ्ट सिटी-आधुनिक भारत की एक प्रेरणा'' विषय पर एक सेमिनार भी होगी. गिफ्ट सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ तपन रे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ग्लोबल फिनटेक कंपनियों के लीडर्स के साथ मुलाकात करेंगे. इस मुलाकात के दौरान हर लीडर उनकी भविष्य परियोजनाओं पर आधारित एक प्रॉस्पेक्टस प्रधानमंत्री के साथ साझा करेगा. प्रधानमंत्री के इस मुलाकात कार्यक्रम में गूगल, आईबीएम, एक्सेंचर, कैपजेमिनाय, एनवाईएस ग्रुप, ऐमजॉन पे, एनएएसडीएक्यू, स्टोनेक्श, वेल्स फार्गो, स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) सहित विभिन्न ग्लोबल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भाग लेंगे.

उन्होंने आगे कहा कि 11 जनवरी को महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में 'गिफ्ट सिटी-आधुनिक भारत की एक प्रेरणा' विषय पर सेमिनार होगी.




#### खास बातें

- गिफ्ट सिटी-आधुनिक भारत की एक प्रेरणा
- पीएम मोदी ग्लोबल लीडर्स के साथ मुलाकात करेंगे

उद्घाटन सत्र को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संबोधित करेंगी. इस कार्यक्रम में गुजरात सरकार के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, गिफ्ट सिटी के चेयरमैन हसमुख अढिया और आईएफएससीए के चेयरमैन के राजारमन शामिल होंगे. मुख्य संबोधनों के बाद तीन पैनल चर्चाएं होंगी. पैनल चर्चा के लिए विषय 'भविष्य के वित्त के लिए रूपरेखा तैयार करना-अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की भूमिका' का विवरण देते हुए तपन रे ने बताया कि पैनल के दौरान भविष्य के वित्त के लिए रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की जाएगी. इसके अलावा 'द राइट कनेक्ट ऑफ टेक एंड फिन-इमर्जिंग ट्रेन्ड्स ग्लोबली' विषय पर होने वाली पैनल चर्चा में वित्त, बीमा, पूंजी बाजार आदि में प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने में गिफ्ट सिटी की भूमिका पर चिंतन-मंथन किया जायेगा.

तपन रे ने आगे बताया कि 'अर्बन रिज़ीलियंसः बिल्डिंग सस्टेनेबल एंड फ्यूचर प्रूफ सिटी' विषय पर एक और पैनल में घटते संसाधनों के साथ जीवन और व्यवसायों के लिए एक स्थायी दृष्टिकोण अपनाने की रणनीतियों पर चर्चा की जानी है. उन्होंने कहा कि भारत भविष्य की पीढ़ियों के लिए अपने पर्यावरण को संरक्षित करने और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने पर वैश्विक विचारक बनने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर वित्तीय प्रमुखता की राह पर आगे बढ़ रहा है, गिफ्ट सिटी वैश्विक वित्त के मानचित्र पर भारत को वैश्विक वित्तीय बाजारों के लिए और अधिक सुलभ बना रहा है.

### इंडिगो एयरलाइन ने टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना बंद किया

**नयी दिल्ली।** सस्ती विमानन सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी इंडिगो ने एविएशन टर्बाइन फ़्यूल (एटीएफ) की कीमत में कमी के बाद ईंधन शुल्क वसूलना बंद करने का ऐलान किया है. एयरलाइन के इस कदम से टिकट के पैसे कम होने और हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीदें बढ़ी है.

- एटीएफ के दाम में कमी के कारण ईंधन शुल्क को वापस लिया गया

कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि इंडिगो ने 4 जनवरी, 2024 से टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना बंद कर दिया है. एयरलाइन के मुताबिक हाल ही में एटीएफ के दाम में कमी के कारण ईंधन शुल्क को वापस ले लिया गया है. टिकट पर यह ईंधन शुल्क एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू था. इंडिगो ने कहा है कि एटीएफ की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहता है. इसलिए हम कीमतों या बाजार की स्थितियों में किसी भी बदलाव से निपटने के लिए अपने किराये और उसके घटकों को समायोजित करना जारी रखेंगे. गौरतलब है कि एयरलाइन ने अक्टूबर, 2023 की शुरुआत में एटीएफ के दाम में बढ़ोतरी के बाद ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था.

# सर्राफा बाजार में आई गिरावट सोना और चांदी के दाम लुढ़के



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

वर्ल्ड गोल्ड मार्केट के दबाव की वजह से गुरुवार को घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है. कारोबारी सोना (24 कैरेट) गुरुवार को चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 64 हजार रुपये के स्तर से नीचे गिर कर बिक रहा है. इसी तरह जेवराती सोना (22 कैरेट) में भी गुरुवार को 50 रुपये से लेकर 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है. इसके अलावा चांदी की कीमत में भी करीब 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है. गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 78,600 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिकता नजर आ रहा है. देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 59,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,870 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है.

### गिरावट | एसईसी के चेयरमैन गैरी गेंसलर ने क्रिप्टो के रेगुलेशन के खिलाफ अपना मत दिया

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन-एथेरियम 6% से ज्यादा टूटे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गुरुवार को डर का माहौल बना हुआ है, जिसकी वजह से मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 3 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 7 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं. दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी नंबर की करेंसी एथेरियम में आज 6% से भी अधिक की गिरावट दर्ज की गई है. अमेरिकी मार्केट कंट्रोलर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ के एप्लीकेशन को खारिज करने के संकेत दिए हैं. एसईसी के चेयरमैन गैरी गेंसलर ने क्रिप्टो करेंसीज के रेगुलेशन के खिलाफ अपना मत दिया है, जिससे स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ के एप्लीकेशन्स के खारिज होने की आशंका बन गई है. इसी वजह से क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख बना हुआ है. भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से गुरुवार दोपहर 12 बजे तक बिटकॉइन 6.15% की गिरावट के साथ 42,455.85 डॉलर यानी 35.36 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था. इसी तरह क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी 6.37% की कमजोरी के साथ गिर कर 2,217.74 डॉलर के स्तर पर आ गई थी.




**गिरावट के साथ कारोबार :** बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा सोलाना 10 .96 प्रतिशत, एक्सआरपी 9 .35 प्रतिशत, कार्डानो 9 .43 प्रतिशत, एवालांचे 10 .67 प्रतिशत और डोजेकॉइन 10 .45 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे. दूसरी ओर टेथर 0 .02 प्रतिशत, बीएनबी 1.73 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0 .05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 6 .12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1 .62 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 134 .94 .89 लाख करोड़ रुपये रह गया है. पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है.

# ग्लोबल मार्केट के वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक में गिरावट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से गुरुवार को कमजोरी के संकेत मिले हैं. वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए. हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गुरुवार को बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है. अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए. वहीं, एशियाई बाजारों में भी गुरुवार को दबाव का माहौल बना हुआ है. अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों को लेकर एक राय नहीं बनने की वजह से वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई. डाउ जॉन्स करीब 290 अंक टूट कर बंद हुआ. इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.72 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,708.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया. इसके अलावा नैस्डेक 162.52 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,603.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ. वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,465.99 अंक के स्तर पर कर रहा है. यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए. एफटीएसई इंडेक्स 0.51 प्रतिशत टूट कर 7,682.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ. इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 119 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,411.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया.

▼ ब्रीफ खबरें

### डीवीसी पिछड़ा वर्ग संघ का 31वां सम्मेलन 7 को

**मैथन।** डीवीसी पिछड़ा वर्ग संघ का 07 जनवरी को 31 वां स्थापना दिवस समारोह सह केन्द्रीय वार्षिक सम्मेलन डीवीसी स्टेशन क्लब मैथन में आयोजित होगा. समारोह में कई पुस्तकों के लेखक एवं पसमांदा मुस्लिम महाज के संस्थापक एवं चर्चित पूर्व सांसद डॉ. अली अनवर मुख्य अतिथि होंगे. झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो, अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सुशील सिंह एवं कोलकाता से ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ ओबीसी इम्प्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक कुमार सरकार विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में उपस्थित रहेंगे. संघ के आयोजन समिति के संयोजक सुद्धिष्ट कुमार ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी.

### ललित नारायण मिश्र को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**आदित्यपुर ।** गुरुवार की शाम गम्हरिया में कांग्रेसियों ने बिहार के पुरोधा ललित नारायण मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित किया. मौके पर कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष फूलकान्त झा ने बताया कि उनका जन्म बिहार के सुपौल जिले के बासनपट्टी में एक मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था. उन्होंने 1948 में पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री प्राप्त की थी. वे राष्ट्रवादी श्रीकृष्ण सिन्हा और अनुग्रह नारायण सिन्हा का बहुत सम्मान करते थे. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद पहली, दूसरी लोकसभा और 5वीं लोकसभा के सदस्य रहे थे. वे संसदीय सचिव योजना, श्रम और रोजगार मंत्रालय (1957-60), गृह मामलों के उप मंत्री (1964-66) रहे थे.

### सांसद की पहल पर मजदूर का शव लाया जा रहा चंदवा

**चंदवा।** मजदूरी करने मुंबई गए चंदवा प्रखंड के सेरक पंचायत निवासी विष्णु उरांव का निधन मुंबई में हो गया. निधन के बाद परिजनों को उनके पार्थिव शरीर को गांव लाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. परिजन आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि वे विष्णु का शव गांव ला सकें.उन्होंने इसकी जानकारी गांव के ही भाजपा नेता सुकु उरांव को दी. सुकु उरांव ने इस संबंध में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को जानकारी देते हुए पार्थिव शरीर को चंदवा लाने के लिए पहल करने की गुहार लगायी थी.सांसद ने लातेहार उपायुक्त से इस संबंध में वार्ता की और विष्णु जिसके यहां काम करता था उसके ठेकेदार से बात की. समन्वय बैठाकर उसके शव को एंबुलेंस के माध्यम से चंदवा लाने की व्यवस्था की.

### सड़ेया को हराकर पतरिया पहुंचा फाइनल में

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में आज गुरुवार को पतरिया का मुकाबला सड़ेया से हुआ. दोनों टीमों मध्यांतर तक का खेल गोल रहित बराबरी पर रहा. दोनों टीमों को कई मौके भी मिले लेकिन गोल करने में कामयाबी हासिल नहीं हुई. लेकिन मध्यांतर के बाद पतरिया ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एक के बाद एक लागातार दो गोल कर बढ़त बना ली और अंत तक इस बढ़त को कायम रखा.इस तरह पतरिया ने सड़ेया को 2-0 से हराकर विजय हासिल की और फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया.इस हार के साथ ही एक बार फिर सड़ेया का कर्नल कप जीतने का सपना टूट गया.

### विकसित भारत का सपना मिलकर पूरा करना है : बच्चन

**पांकी ।** पांकी के तेतराईं में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तेतराई बाजार परिसर में सभा आयोजित की गई. पांकी विधायक डा. कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निजी सचिव प्रो0 बच्चन ठाकुर ने कहा विकसित भारत का संकल्प हर देशवासियों को है. विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पूरा हो सकेगा. केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आज हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं. देश और तरक्की करे इसके हर भारतीय को विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने की जरूरत है. पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी लालसूरज ने कहा देश निरंतर प्रगति के पथ पर गतिशील है. देश भर दिन ऊंचाईयों को हासिल कर रहा है. मुखिया राजेन्द्र पांडेय ने कहा विकसित भारत का सपना हर किसी का है.

सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी ने बारात आगमन के दौरान फीता काटने की रस्म पर लगाई थी पाबंदी

# रस्म के लिए सालियों ने ढूंढ़ लिया नया तरीका

**संवाददाता। जमशेदपुर**

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा समाज सुधार के लिए बनाए गए वैवाहिक नियमों में बारात आगमन के समय पंडाल में फीता काटने पर पाबंदी लगाई गई है. ऐसे में जीजा की सालियों ने जीजा को रोकने का नया रास्ता ढूंढ निकाला है. दरअसल, गुरुवार को साकची गुरुद्वारा मैदान में मानगो निवासी सरदार चरणजीत सिंह और मनजीत कौर के पुत्र रमनजोत सिंह एवं सीतारामडेरा निवासी सरदार गुरदीप सिंह एवं नरेंद्र कौर की पुत्री हरजीत कौर की विवाह की रस्म पूरी की जानी थी. उससे पहले पंडाल में बारात आगमन पर दूल्हे की सालियों ने पंडाल में फीता नहीं लगाकर दूल्हे को रोकने के लिए फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उन्हें रोक लिया. इसके बाद जीजा ने सालियों को खुश करने के लिए लिफाफे में रस्म के तौर पर कुछ रकम दी. उसके बाद सालियों ने जीजा का रास्ता छोड़ा.

**गुलदस्ता देकर जीजा का रास्ता रोका**



**गुलदस्ता भेंट किया जाना एक सुखद पहल है**

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह एवं चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने इसकी सराहना की है. उन्होंने कहा कि फीता लगाने के स्थान पर साली द्वारा गुलदस्ता भेंट किया जाना एक सुखद पहल है. दूल्हे का रास्ता रोकने का यह एक बेहतर तरीका है. इससे परंपरा भी बरकरार रहेगी और समाज के प्रतिनिधियों का बना रहेगा. उन्होंने इसके लिए दूल्हा व दुल्हन के परिवार वालों को धन्यवाद दिया है. साथ ही कहा है कि खासकर लड़की के परिवार इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह किया है. फीता लगाकर बारात को रोकने से काफी समय की बर्बादी होती थी. अति उत्साहित युवक एक दूसरे को धक्का भी मारते थे, जिसके कारण दो तीन हादसे भी समाज में हो चुके है.

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- बोकारो जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1991
- धनबाद जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1956
- लोहरदगा जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1983
- गुमला जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1983
- सिमडेगा जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 2001
- रांची जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1899
- खूंटी जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 2007
- सरायकेला जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 2001
- पूर्वी सिंघभूम जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1990
- पश्चिमी सिंघभूम जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1990
- देवघर जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1983
- जामताड़ा जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 2001
- दुमका जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1955
- गोड्डा जिले का गठन किस वर्ष हुआ है – 1983

पिकअप चालक हत्याकांड का पुलिस ने उदभेदन किया है

# एक अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चार अब भी फरार

**संवाददाता। गुमला**

जिले के करंज थाना क्षेत्र के खुटयारी जंगल के नीचे नदी किनारे से लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के सलगी गांव निवासी 45 वर्षीय दिलीप सिंह की हत्या कर शव को गड्ढा में डाले जाने की घटना का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है.साथ ही हत्याकांड में शामिल एक आरोपी रोहित कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर ली है. गिरफ्तार रोहित लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र के थाना टोली गांव का रहने वाला है. इसके अलावा इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी समेत चार और लोग शामिल है. मगर चारों पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. हालांकि, पुलिस चारों की गिरफ्तारी में प्रयासरत है. दिलीप की हत्या जमीन विवाद में की गई थी.इस हत्याकांड मुख्य सूत्रधार व आरोपी शिवकुमार सिंह है.

शिवकुमार मृतक दिलीप का चचेरा भाई है. दोनों के बीच गांव के जमीन को लेकर विवाद था.शिवकुमार को दिलीप से जमीन का सात लाख रुपया भी लेना था.दिलीप उसे सात लाख रुपया अथवा कहीं पर जमीन देने का आश्वाशन दिया था. मगर इसके बावजूद शिवकुमार ने प्लान तैयार कर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी.एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को शाम 6:30 बजे मृतक दिलीप की पत्नी राजमती देवी करंज थाना पहुँच कर एक लिखित आवेदन देते हुए पति के गायब होने की जानकारी दी.

साथ ही उन्होंने पुलिस को बताया कि उसी दिन शाम में उनके पति फोन किये थे और उसने बताया था कि वे डाड़हा सिसई माल लोड करने आये हैं फिर उन्हें डाल्टनगंज जाना है. मगर इसके बाद से वे न तो घर आये और न ही उनका फोन लगा.फोन स्विच ऑफ बताने लगा.जिससे परिवार के लोग चिंतित हो गए.राजमती के आवेदन के बाद करंज थाना में सनहा दर्ज कर जाँच शुरू किया गया. तभी जाँच के क्रम में दिलीप सिंह का पिकअप गाड़ी नम्बर जेएच 0 एल ई वाई 7256 ग्राम चिता गुटु निवासी संजय मुण्डा उर्फ जोगिया मुण्डा के आंगन से बरामद किया गया.

**गोईलकेरा जंगल लाकर गला दबाया :** जिस कारण शिव कुमार सिंह और हमलोग मिलकर दिलीप सिंह को प्लानिंग करके डाड़हा बुलाये एवं साथ गोईलकेरा जंगल लाकर गला दबाकर एवं पत्थर से सिर कुच कर हत्या कर दिये एवं शव को छुपाने के नियत से पहाड़ बंगरू खुटीयारी जंगल के नदी के किनारे गड्ढा खोदकर जमीन में गाड़ दिये हैं.

सफेद रंग का कपड़ा का रस्सी जिसमें मिट्टी लगा हुआ है. शव के पास से खून लगा मिट्टी, शव के पास काला भूरा पत्थर, शव के कुछ दूरी पर का मिट्टी आदि साक्ष्य के रूप में बरामद किया गया. एसआईटी टीम में छापेमारी एसडीपीओ के अलावा पुअनि आशीष भारती, थाना प्रभारी करंज, पुअनि अशोक कुमार, जवान स्वपन कुमार, दिनदयाल महतो शामिल थे.



**हत्या का कारण जमीनी विवाद**

इसके बाद गहराई से जाँच प्रारम्भ किया. तभी जाँच के क्रम यह बात पता चला कि लापता दिलिप सिंह एवं शिव कुमार सिंह के बीच आपसी जमीनी विवाद है. इस जानकारी के बाद उक्त कांड के त्वरित उद्भेदन अनुसंधान एवं छापामारी हेतु एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया एवं गहराई से जाँच एवं छापामारी शुरू किया गया. जाँच एवं पुछताछ के क्रम में रोहित कुमार वर्मा परिजनों के सहयोग से करंज थाना आये. एवं गहराई से पुछताछ के क्रम में बताया कि लापता दिलिप सिंह एवं शिव कुमार सिंह के बीच आपसी जमीनी विवाद है.

**खास बातें**

- चचेरा भाई से पुस्तैनी जमीन व पैसे की लेनदेन का था विवाद
- गाढ़े गए शव को पुलिस ने निकालकर जांच के लिए भेजा

### अबुवा आवास को लेकर ग्रामीणों ने की आम सभा

**पेशरार/लोहरदगा।** प्रखंड पेशरार जिला लोहरदगा के अंतर्गत गुरुवार को पंचायत भवन पेशरार में पेशरार पंचायत के मुखिया रंजीता नागेसिया के अध्यक्षता में पंचायत सचिव सुनील मिंज पेशरार प्रखंड के उप प्रमुख करुणा देवी, प्रखंड कोर्डिनेटर धनेस्वर महतो, अबुआ आवास के सभी ऑनलाइन आवेदन किये गये. आवेदकों की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. ग्राम सभा आयोजन को संबोधित करते हुये पंचायत सचिव सुनील मिंज ने कहा कि अबुवा आवास के जितने भी ऑनलाइन आवेदक पिछ्ले दिनों 22 दिसंबर 2023 को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आवेदन दिये हैं. वैसे सभी आवेदकों का 2023-24, 2024-25, 2025-26 तक के लिये प्राथमिकता सूची तैयार करने हेतू ग्राम सभा का आयोजन किया गया है. पेशरार पंचायत मुखिया, और उप प्रमुख करुणा देवी, एवं सभी वार्ड सदस्यों शोभा देवी, नेहा देवी, उप मुखिया नगेंदर उरांव ने कहा कि जैसे-जैसे सरकार से आवंटन प्राप्त होगा, सभी ऑनलाइन आवेदकों का योजना का लाभ मिलेगा.

### रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य बने ललन

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति (एस एस सी) का सदस्य बनाया गया है. जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब वे यहां की समस्याओं को प्रमुखता से रखेंगे. चूंकि आदित्यपुर स्टेशन का विस्तार हो रहा है इसको देखते हुए पहली बैठक मे पार्किंग व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओ की बहाली के लिए बात रखेंगे.

## न्यूज अपडेट

### 54 लाइसेंसी हथियार की जांच के लिए स्पेशल ब्रांच भेजा

**मेदिनीनगर।** पलामू में 54 लाइसेंसी हथियार की जांच के लिए स्पेशल ब्रांच भेजा गया है. पूर्व उपायुक्त के द्वारा . जिन लोगों के हथियार के लाइसेंस दिया गया उस की जांच हो रही है. आशंका जताई जा रही है हथियार के लाइसेंस को लेकर जो मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किया गया है और हथियार हैंडल करने का सर्टिफिकेट फर्जी हो सकता है. जिन लोगों को पिछले कुछ दिनों में लाइसेंस दिए गए हैं उनके औचित्य पर भी जांच की जा रही है. लाइसेंस धारक को वाकई में सुरक्षा का खतरा है या नहीं इस बिंदु पर भी रिपोर्ट मांगी गई है.पलामू में पिछले कुछ महीनों में कई सरकारी कर्मी जबकि एक ही परिवार में कई लोगों को हथियार के लाइसेंस जारी किए गए हैं. थियार के लाइसेंस लेने वालों में एक ही परिवार के पति-पत्नी हैं. जिन 54 लाइसेंस की जांच होनी है उनमें पांच महिलाएं भी हैं. 10 हरिहरगंज, हुसैनाबाद, छतरपुर, जबकि 27 लाइसेंस धारक मेदिनीनगर के हैं.

### मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज टू का कार्य जल्द होगा शुरू



**जमशेदपुर ।** मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज टू के क्रियान्वयन के संबंध में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय में हुआ. इसमें अक्षेस के उप नगर आयुक्त, टाटा स्टील यूआइएसएल, जुडको के प्रतिनिधि एवं विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह की उपस्थिति थे. बैठक में मोहरदा जलापूर्ति फेज टू का कार्य प्रारंभ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. मोहरदा जालपूर्ति योजना के सुचारू ढंग से संचालन तथा गुणवत्तायुक्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गयी. विधायक सरयू राय राय की पहल पर मोहरदा जलापूर्ति योजना के इंटकवेल के बगल में स्थित खाली जमीन पर सेटलिंग पोंड और भुवनेश्वरी मंदिर के तलहटी में नए पानी टंकी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया था. विधायक ने कहा था कि सेटलिंग पोंड के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्ता युक्त पेयजल के साथ ही तय समय पर जलापूर्ति संभव हो सकेगा. जिसके लिए कंसलटेंट बहाल किया गया था और 14 करोड़ 65 लाख की लागत से प्राक्कलन तैयार किया गया है.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की जांच की मांग

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल की देखरेख कर रहा है निजी व्यक्ति



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अजीबों गरीब वाक्या सामने आया है.. कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने आरोप लगाया है कि अस्पताल अधीक्षक एवं अन्य सरकारी अधिकारी के रहते हुए विक्की बाबू नामक एक निजी व्यक्ति पूरे अस्पताल की व्यवस्था देख रहा है. पूछे जाने पर अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है की आखिर ये विक्की बाबू किस इस पद पर हैं. दरअसल बुधवार को एक दुर्घटना में एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता चोटिल हो गए थे, जिसके इलाज के लिए जिलाध्यक्ष अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्था में कमी देखी, जिसकी शिकायत के बाद उन्हें विक्की बाबू से बात करने की सलाह दी गई. जिसके बाद कांग्रेस नेता अस्पताल प्रबंधन पर जमकर बरसे. मामले में अस्पताल अधीक्षक डॉ. डीके सिंह ने बताया की पलामू डीसी के मौखिक आदेश पर विक्की सिंह नामक व्यक्ति अस्पताल के नए बिल्डिंग की मॉनिटरिंग कर रहा है. लेकिन, प्रबंधन से जुड़े मामले में दखल की जानकारी उन्हें नहीं है.

क्लब के सदस्य और कई स्कूलों के छात्र अपने सिक्कों व मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे

# जमशेदपुर में लगेगी दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

कॉइन कलेक्टर्स क्लब द्वारा 5 से 7 जनवरी तक साकची बंगाल क्लब में दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी लगेगी. 'जैम क्वाइन 2024 नामक' 29वीं राष्ट्रीय स्तर की दुर्लभ सिक्कों की प्रदर्शनी का निःशुल्क लुत्फ उठा सकते है. यह प्रातः 10 बजे से रात्रि 08 बजे तक चलेगा. यह कार्यक्रम 1996 से लगातार आयोजित की जा रही हैं. गुरुवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आयोजन समिति ने इसकी जानकारी दी. बताया कि सिक्का संग्रह को इसकी शैक्षिक और सूचनात्मक प्रकृति के कारण 'किंग्स ऑफ होब्बिस' के रूप में जाना जाता है. जमशेदपुर और उसके आसपास के छात्र इस प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उत्सुक हैं. क्लब के सदस्य और विभिन्न स्कूलों के छात्र अपने सिक्कों और मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे.



**15 से अधिक स्कूल के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा**

'जैम क्वाइन 2024' का उद्घाटन 5 जनवरी शुक्रवार को होगा. स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 3 बजे से मुद्राशास्त्र पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी. सदस्य और स्कूली छात्र ब्रिटिश भारत के सिक्के, प्रमाण सिक्के, हैदराबाद रियासत के सिक्के, छोटे द्वीपों के सिक्के और बहुत कुछ जैसे विषयों पर आधारित अपने सिक्के प्रदर्शित करेंगे. इसके अतिरिक्त, विश्व बैंक नोटों पर तानाशाहों, पॉलिमर मुद्राओं, उच्च-मूल्य अवमूल्यन वाली मुद्राओं, त्रुटि मुद्राओं और अन्य जैसे विषयों पर आधारित मुद्राओं का प्रदर्शन किया जाएगा. स्कूल सिक्का प्रदर्शन, स्कूल क्विज और क्लब सदस्यों के सिक्का और मुद्रा प्रदर्शन की श्रेणियों में सभी विजेताओं और धावकों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. इस वर्ष 15 से अधिक स्कूलों की भागीदारी की आशा हैं. इनमें 20 से अधिक क्लब के सदस्य अपने सिक्कों और मुद्राओं का प्रदर्शन करेंगे.

**समस्या** रांची के रातू रोड में फ्लाईओवर बनने की है खुशी, पर कुछ परेशानियां भी

# उड़ रही धूल से सांस की बीमारी की आशंका

**संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची बदल रही है. आने वाले दिनों में लोगों को कई परिवर्तन देखने को मिलेंगे. शहर की चमक दमक तो बढ़ेगी ही, चौक-चौराहों पर रोज लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी. कारण रातू रोड और कांटा टोल के फ्लाईओवर का काम तेजी से हो रहा है. शहर वासियों को इस बात की खुशी है कि उनके शहर की गरिमा बढ़ने वाली है.

लेकिन इस खुशी के बीच रातू रोड और कांटा टोली के आसपास रहने वालों को उड़ती धूल ने परेशान कर रखा है. उन्हें यह डर सताने लगा है कि कहीं वे टीबी या सांस जनित बीमारियों से ग्रसित ने हो जाएं. जानकारी के अनुसार अभी इन फ्लाई ओवरों के पूरी तरह तैयार होने में करीब डेढ़ साल लगेंगे. पिलरों के तैयार होने और मिट्टी कटाव के कारण रातू रोड में इन दिनों मिट्टी पसरी हुई है. वाहनों के चलने से काफी धूल उड़ती है. फ्लाई ओवर बनाने वाली कंपनी को ओरे पानी का छिड़काव की किया जाता है. लेकन वह छिड़काव काफी नहीं है. कहा तो जा रहा है कि सुबह दोपहर और शाम को पानी का छिड़काव किया जाता है. पर व्यवहारिक में लोगों को ऐसा कुछ देखने को नहीं मिलता है.



**पानी के सही छिड़काव से मिलेगी राहत :** रातू रोड में अभी कई स्थलों पर ब्रिज की ढ़लाई का काम चल रहा है. जिसकी वजह से सड़कों में पानी गिरने से धूल से थोड़ी निजात मिलती है. अगर कंपनी लोगों के स्वास्थ को ध्यान रखते हुए पानी छिड़काव का काम सही तरीके से करे, तो लोगों को काफी राहत मिलेगी.

**सड़क सूखने से उड़ती है धूल**

आमलोगों का कहना है कि थोड़ा बहुत पानी का छिड़काव होता है. पर धूप की वजह से मिट्टी सनी सड़क सूख जीती है और फिर धूल उड़ने लगती है. इस धूल से रातू रोड और कांटा टोली की सड़क पर चलने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है. बहुत से लोगों तो धूल की वजह से बहुत जरुरी होने पर ही इन सड़कों पर चलते हैं.

**यातायात बाधित किए हो रहा काम**

लोगों का यह भी कहना है कि फ्लाई ओवर बनाने वाली कंपनी बहुत तरीके से काम कर रही है. जितना बड़ा काम हो रहा है, उस लिहाज से बिना यातायात बाधित किए तेजी से काम किया जा रहा है. कभी कभी जाम लगता है, पर उसे नियंत्रित कर लिया है. अगर धूल की समस्या से निजात मिल जाए तो लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी.

## पेज का शेष

### उगिलत-लीलत प्रीति...

जायें तो एक बड़ा वोट बैंक नाराज हो जाएगा, न जायें तो उससे भी बड़े वोट बैंक के बीच उन्हें रामद्रोही के तमगे से फिर प्रामाणिक रूप से विभूषित करने का प्रयास होगा. इनमें सबसे मुसीबत कांग्रेस, सपा, राजद, बसपा वगैरह की है. सपा, बसपा, राजद के नेताओं को बुलाया गया है या नहीं , अभी स्पष्ट नहीं हुआ है. लेकिन कांग्रेस के नेता क्या करें ? क्या सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे ? इस बाबत कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल का कहना है कि पार्टी इस मुद्दे पर समय से फैसला लेगी. वैसे यह कोई कश्मीर जैसा मुद्दा है नहीं. लेकिन कामरेड सीताराम येचुरी ने कह दिया है कि वह नहीं जाएंगे. इसके दो कारण हो सकते हैं. वामपंथी धर्म को अफीम मानते हैं, लेकिन दुर्गोत्सव मनाते भी हैं और उसमें शरीक भी होते हैं. दूसरा यह कि वामपंथी भारत के तो हैं, पर भारतीय नहीं हैं. कोई भी वामदल इंडियन नहीं है. इन सबके साथ ऑफ इंडिया लगा हुआ है. लेकिन कांग्रेस तो इंडियन नेशनल कांग्रेस है. फिर येचुरी तो खुद सीताराम हैं, वह राम के बालरूप के दर्शन करने क्यों जायें. केरल की मुस्लिम लीग ने चेतावनी दी है कि कांग्रेस नेता उस दिन अयोध्या गये तो कुट्टी हो जाएगी. ओवैसी कह चुके हैं कि वायनाड से राहुल केवल मुसलमानों के भरोसे जीते हैं. ममता बनर्जी भी नहीं जाएंगी. वह बंगाल के तीस फीसदी वोटरों को नाराज नहीं करना चाहतीं. उद्धव ठाकरे को न्योता मिल गया है. वो जाएंगे भी जरूर, क्योंकि उन्हें अपनी विरासत की चिंता है. स्टालिन नहीं ही जाएंगे. सपा सांसद डिंपल यादव कह चुकी हैं कि निमंत्रण मिला तो वे जाएंगी. यानी भाजपा विरोधी गंठबंधन नेवता पुराने के सवाल पर भी आपस में भिड़ेगा. लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि जो लोग आज तक राम मंदिर में सवा रुपए का बतासा तक नहीं चढ़ाये , कभी राम जी की ड्योढ़ी पर नहीं गये, जो वहां मस्जिद बनाने का उद्घोष कर चुके हैं, जो राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े कर चुके हैं, जो मंदिर निर्माण लटकाते, अटकाते, भटकाते रहे हैं, वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जायें भी तो किस मुंह से. बहाने ढूंढे जा रहे हैं. निर्मोही अखाड़े को महत्व क्यों नहीं दिया गया ? उसको क्यों नहीं बुलाया गया, इसको क्यों बुलाया गया आदि. लेकिन जिन्हें बुलाया गया है, वे तो जायें. अब भी समय है, भूल-चूक सब माफ हो जाएगी, क्योंकि राम तो स्वयं कहते हैं कि सम्मुख होहि जीव मोहि जबही, कोटि जनम अघ नासहिं तबही. यानी यदि जीव राम के सम्मुख छल -कपट छोड़ कर चला जाये तो उसके करोड़ों जन्म का पाप नष्ट हो जाता है. यहां तो बात सिर्फ एक ही जन्म की है जाएंगे तो अधिक से अधिक भरिणी, भद्रा का संयोग परेशान करेगा, लेकिन नहीं गये तो प्रेत बाधा पीछा नहीं छोड़ेगी. आखिर सामने वे हैं जिन्होंने अयोध्या में राममंदिर के लिए कुर्बानियां दी हैं, गोलियां-लाठियां खायी हैं, जेल यातनाएं सही हैं, अपनी चार राज्य सरकारें कुर्बान की हैं, राजनीति में अछूत बन कर काम किया है, खुद को होम कर दिया है. जापर कृपा राम कर होई तापर कृपा करे सब कोई. गांधी जी के रघुपति राघव राजाराम के विरोध का सामर्थ्य अब कांग्रेस में नहीं बचा है. उसका दुर्भाग्य यह है कि वह गांधी को मानती है, खुद को उनका सोल एजेंट बताती है, लेकिन गांधी जी की नहीं मानती है.

### अब होगी भारत जोड़ो...

यह यात्रा 15 राज्यों के 110 जिले से होकर गुजरेगी. इसके अन्तर्गत 100 लोकसभा सीटें आएंगी. राहुल गांधी की यात्रा मुंबई में खत्म होगी. बैठक में शामिल हुए झारखंड के नेताः दिल्ली में हुई बैठक में झारखंड समेत सभी राज्यों के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता उपस्थित थे. झारखंड में राहुल की न्याय यात्रा को बंगाल, बिहार, ओडिशा से भी ज्यादा समय दिया गया है. यह यात्रा झारखंड के पांचों प्रमंडल से होकर गुजरेगी. यात्रा की इंट्री दुमका के शिकारीपाड़ा से होगी. दुमका से चल कर जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, गुमला, रांची, पलामू, गढ़वा होकर यात्रा यूपी में प्रवेश कर जाएगी. इस तरह यह यात्रा झारखंड में दो बार प्रवेश करेगी. जयराम रमेश ने दावा किया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किमी लंबी भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई थी. उसने पूरे देश का माहौल बदल दिया था और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी थी. उन्होंने कहा कि वह यात्रा पार्टी और देश के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई थी.

# यादगार व सफल आयोजन का है प्रयास : दिलीप तिर्की

भाषा। रांची

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने गुरुवार को कहा कि आगामी महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति 'भारत की प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयास का प्रमाण' है. मेजबान भारत सहित आठ देश यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ



हॉकी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में पोडियम पर जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे. तिर्की ने कहा, रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता हासिल करने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है. हॉकी इंडिया ने आगामी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए गुरुवार को एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किए. हम झारखंड सरकार द्वारा दिए गए समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं. हमारा लक्ष्य साथ मिलकर यादगार और सफल टूर्नामेंट आयोजित करना, हॉकी की भावना और अंतरराष्ट्रीय सौहार्द को बढ़ावा देना है. यह प्रतियोगिता वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक है. अन्य दो ओलंपिक क्वालीफायर ओमान के मस्कट (पुरुष) और स्पेन के वेलेंसिया (महिला और पुरुष) में होंगे. यह प्रतियोगिता शुरुआत में चीन में होनी थी लेकिन हॉकी इंडिया ने खेल की वैश्विक संचालन संस्था एफआईएच से टूर्नामेंट को भारत में स्थानांतरित करने का आग्रह किया क्योंकि चीन की महिला टीम एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई कर चुकी है.



# भारतीय महिला हॉकी टीम ने किया अभ्यास



एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट को लेकर रांची में गुरुवार को अभ्यास करती भारतीय टीम. गुरुवार को कई देशों की टीम रांची पहुंची.

## ब्रीफ खबरें

### टेस्ट शृंखला कम से कम तीन मैच की होनी चाहिए

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट शृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की. दक्षिण अफ्रीका ने अपने घरेलू टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड में होने वाले दो टेस्ट मैच के लिए दूसरी श्रेणी की टीम का चयन किया है, जिसमें सात खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है.

### स्टंपिंग के नियमों में संशोधन किया गया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब डीआरएस रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे. नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है. इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा.

### पेरिस सेंट जर्मेन ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती



**पेरिस।** किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता. ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी. टूलूज़ के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए. एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके जीत सुनिश्चित की.

**दूसरा टेस्ट : भारत ने रचा इतिहास, द. अफ्रीका को 7 विकेट से हराया**

# टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर

## गेंदबाजों के दम पर दो दिन में ही मिली ऐतिहासिक जीत



एजेंसी। केपटाउन

केपटाउन में भारतीय टीम ने गुरुवार को इतिहास रच दिया. भारतीय टीम ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में दूसरे ही दिन 7 विकेट से हरा दिया. किसी एशियाई देश की केपटाउन में यह पहली टेस्ट जीत है. जीत के साथ ही भारत ने दो मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर करा लिया. बता दें कि इससे पहले भारत ने केपटाउन में 6 टेस्ट खेले, जिसमें 4 बार हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 2 मैच ड्रॉ रहे थे. भारतीय टीम 1992 से साउथ अफ्रीकी जमीन पर द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेलती आ रही है, लेकिन केपटाउन में पहली बार जीत मिली है.

बुधवार से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुरू हुआ था. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम पहली पारी में 23.2 ओवर में ही 55 रन पर ऑलआउट हो गई थी. वहीं दूसरी पारी में 36.5 ओवर में 176 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. भारत को अब जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य मिला था. जिसे भारतीय टीम ने आसानी से 12वें ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया. यशस्वी जयसवाल ने 28, रोहित शर्मा ने 17, शुभमन गिल ने 10, विराट कोहली ने 12 और श्रेयस अय्यर ने 4 रन बनाये. साउथ अफ्रीका की तरफ से रबाडा, नंद्रे बर्गर और मार्को येन्सन को एक-एक

### केप टाउन टेस्ट 2 दिन में खत्म

विकेट मिला.

इससे पहले अच्छी शुरुआत के बाद भारत की पारी भी अचानक से धाराशायी हो गई थी. 153 रन पर पांच विकेट थे और 153 रन पर ही पूरी टीम ऑलआउट हो गई थी. भारत की तरफ से 6 बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये थे. गेंदबाजी की बात करें तो भारत की तरफ से पहली पारी में मो. सिराज ने सबसे ज्यादा छह विकेट झटके तो वहीं दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा. पहली पारी में सिराज ने 6 और बुमराह और मुकेश कुमार को दो-दो विकेट मिले थे. वहीं दूसरी पारी में बुमराह ने 6, मुकेश कुमार ने 2, सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 1-1 विकेट मिला.

**06**
बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा बुमराह ने भारत की तरफ से दूसरी पारी में

### मार्करम ने शतक लगाए




जब एक तरफ से साउथ अफ्रीका टीम के विकेट लगातार गिर रहे थे तो मार्करम ने अकेले पारी को संभाले रखा. मार्करम ने 103 बॉल में 17 चौके और दो छक्के की मदद से 106 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को न सिर्फ पारी की हार से बचाया, बल्कि मुकाबले में वापस ला दिया. मार्करम की पारी के दम पर साउथ अफ्रीका भारत को 79 रनों का टारगेट दे पायी. मारर्कम के अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका. मार्करम के अलावा डेविड बेडिंघम 11 और मार्को येन्सन 11 ही सिर्फ दो अंक तक पहुंच सके. बाकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके.

# चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे नए व पुराने खिलाड़ी

**रणजी ट्रॉफी**

भाषा। नयी दिल्ली

देश के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे, वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जी-जान लगाएंगे. भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं. ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा. इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है. इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है. रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं. यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे. रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे.

**खेलने वाली टीमें और उनके ग्रुप इस प्रकार हैं**

- **एलीट ग्रुप एः** सौराष्ट्र, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, विदर्भ, हरियाणा, सर्विसेज, मणिपुर.
- **एलीट ग्रुप बीः** बंगाल, आंध्र, मुंबई, केरल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, बिहार.
- एलीट ग्रुप सीः कर्नाटक, पंजाब, रेलवे, तमिलनाडु, गोवा, गुजरात, त्रिपुरा, चंडीगढ़.
  **एलीट ग्रुप डीः** मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बड़ौदा, दिल्ली, ओडिशा, पांडिचेरी, जम्मू और कश्मीर.
- **प्लेट ग्रुपः** नागालैंड, हैदराबाद, मेघालय, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश.
- मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे शुरू होंगे.

# ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान मैच में बारिश ने डाला खलल

एजेंसी। सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए. खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया. पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है. जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया, तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे. दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया. सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था, लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया, जो दर्शकों को नागवार गुजरा. कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की. स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे, लेकिन उसके बाद बारिश आ गयी. अपना 112वां और अंतिम टेस्ट मैच खेल रहे वार्नर को आगा सलमान की गेंद पर पहली स्लिप पर खड़े बाबर आजम ने कैच किया. ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक एक विकेट पर 78 रन बनाए थे. इसके बाद उसने दूसरे सत्र में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (47) का भी विकेट गंवाया.

**खास बातें**

- वार्नर ने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में बनाए 34 रन



**रणनीति** 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई गयी है

# अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

भाषा। नयी दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) खेल मंत्रालय द्वारा लगाये निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है. सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था. डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है.



**डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है. हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं. हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है**

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है. हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं. हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था. हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है.

वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था. आपने देखा होगा कि जगरेब ओपन के लिए किस तरह टीम की घोषणा की गई थी. पांच वजन वर्गों में प्रतिनिधित्व ही नहीं था. उचित महासंघ के बिना ऐसा ही होगा.

अगर कुछ पहलवान अपने संबंधित वर्ग में उपलब्ध नहीं थे तो उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को क्यों नहीं लिया गया? जब महासंघ काम कर रहा था तो कभी भी किसी भी टूर्नामेंट में ऐसा कोई भी वजन वर्ग नहीं रहा, जिसमें भारत ने प्रतिनिधित्व नहीं किया हो और एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली उसी टीम को चुनने के पीछे का औचित्य क्या था? अन्य दावेदार भी शामिल थे.

उन्होंने कहा, मुझे उन पहलवानों के फोन आ रहे हैं जिन्हें लगा था कि वे भारतीय टीम में जगह बनाने के काबिल थे. अगर उन्हें ट्रायल्स के जरिये साबित करने का मौका दिया जाता तो वे टीम में जगह बना सकते थे. इसलिये आपको एक सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है. इस बीच डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने खुलासा किया कि कार्यकारी समिति के लिए नोटिस 31 दिसंबर को जारी किया गया था. इसमें जारी किये किये एजेंडे का एक बिंदु संविधान के कुछ प्रावधानों को परिभाषित और इनकी व्याख्या करना है.

# खेल के हर विभाग में सुधार की जरूरत

भाषा। नवी मुंबई

इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 शृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय शृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 शृंखला में हराया था. भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था.

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 शृंखला



- मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा.

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), रिचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि.

**ऑस्ट्रेलियाः** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम.




# रोमांचकारी अनुभव लेना चाहते हैं तो लक्षद्वीप आएं : पीएम मोदी

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में लक्षद्वीप द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान समुद्र के नीचे के जीवन का पता लगाने के लिए 'स्नॉर्कलिंग' का लुत्फ उठाया. मोदी ने 'एक्स' पर समुद्र के नीचे का जीवन पता लगाने संबंधी तस्वीरें पोस्ट कीं और अरब सागर में स्थित द्वीपों में प्रवास के अपने 'उत्साहजनक अनुभव' को साझा किया. उन्होंने लिखा कि जो लोग रोमांचकारी अनुभव लेना चाहते हैं, लक्षद्वीप उनकी सूची में जरूर होना चाहिए. मेरे प्रवास के दौरान, मैंने स्नॉर्कलिंग की भी कोशिश की. यह कितना उत्साहजनक अनुभव था! 'स्नॉर्कलिंग' एक लोकप्रिय गतिविधि है जहां आप समुद्र की सतह पर तैरते हुए उसके नीचे के समुद्री जीवन का पता लगाते हैं. स्नॉर्कलर्स अपनी दृष्टि के लिए एक मुखौटा पहनते हैं, सांस लेने के लिए एक स्नॉर्कल पहनते हैं, और कभी-कभी दिशा और गति के लिए पंख पहनते हैं. मोदी ने लक्षद्वीप के प्राचीन समुद्र तटों पर सुबह की सैर और समुद्र तट के किनारे कुर्सी पर बैठे फुर्सत के कुछ क्षणों की तस्वीरें भी साझा कीं. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है. इसने मुझे यह सोचने का अवसर दिया कि 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के लिए और भी कड़ी मेहनत कैसे की जाए.

## ब्रीफ खबरें

### म्यांमा सरकार ने 10 हजार कैदियों को रिहा किया

**बैंकॉक।** म्यांमा की सैन्य सरकार ने देश को ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने के 76 वर्ष पूरे होने के मौके पर गुरुवार को करीब 10,000 कैदियों को माफी प्रदान की, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि रिहा किए जाने वाले कैदियों में राजनीतिक बंदी शामिल हैं या नहीं. सरकार संचालित एमआरटीवी टेलीविजन की खबर के अनुसार, म्यांमा की सैन्य परिषद के प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग हलैंग ने 9,652 कैदियों को माफी दी है. एमआरटीवी ने एक अलग खबर में कहा कि हलैंग ने जेल में बंद 114 विदेशियों को भी माफी दी, जिन्हें स्वदेश भेजा जाएगा.

### सहकारिता मंत्री ने तुअर दाल खरीद मंच किया पेश

**नयी दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तुअर दाल खरीद मंच पेश किया और कहा कि दिसंबर 2027 तक देश को दालों में आत्मनिर्भर बन जाना चाहिए. उन्होंने साथ ही कहा कि हम जनवरी 2028 से एक किलोग्राम दाल भी आयात नहीं करेंगे. इस मंच पर किसान पंजीकरण करा सकते हैं और अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य या बाजार मूल्य पर एनएएफईडी और एनसीसीएफ को बेच सकते हैं. शाह ने कहा कि भविष्य में उड़द और मसूर दाल के किसानों के साथ-साथ मक्का किसानों के लिए भी इसी तरह की सुविधा शुरू होगी.

### ओडिशा के सात उत्पादों को मिला जीआई का दर्जा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की लांजिया साओरा पेंटिंग, डुंगरिया कोंध कढ़ाई वाली शॉल और खजुड़ी गुड़ सहित सात उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा दिया गया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. क्षेत्र विशेष में पाए जाने वाले विशिष्ट उत्पादों को अलग खूबियों की वजह से जीआई का दर्जा दिया जाता है. अधिकारी के अनुसार, चेन्नई स्थित जीआई रजिस्ट्री ने ढेंकनाल मगजी (खाद्य पदार्थ), सिमिलिपाल काई चटनी, नयागढ़ कांतिमुंडी बैंगन और कोरापुट कालाजीरा चावल को भी बुधवार को भौगोलिक संकेतक का दर्जा देने की घोषणा की.

### राजस्थान के कई इलाके शीतलहर की चपेट में

**जयपुर।** राजस्थान के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड जारी है और कई स्थान शीतलहर की चपेट में है. राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार को दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई. मौसम विभाग ने यह जानकारी दी. मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार रात को न्यूनतम तापमान सीकर में 1.0 डिग्री व फतेहपुर में 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा न्यूनतम तापमान सिरोही में 4.1 डिग्री, फलोदी में 4.6 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 5.0 डिग्री, बीकानेर में 5.2 डिग्री, चूरू व पिलानी में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### बूचड़खाने पर छापा, अवैध रूप से तैयार घी जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने एक बंद बूचड़खाने पर छापा मारा और जानवरों के अंगों से घी तैयार करने वाली एक अवैध विनिर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया. एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी शहर के ईदगाह रोड पर स्थित बूचड़खाने पर मंगलवार को छापा मारा गया. भिवंडी निजामपुर नगर निगम (बीएनएमसी) के आपदा प्रबंधन अधिकारी साकिब करभे ने बताया कि अधिकारियों ने पाया कि बाजार में आपूर्ति के लिए गुप्त तरीके से जानवरों के अंगों से घी तैयार किया रहा था.

### शराब घोटाला मामले में जांच पिछले दो वर्षों से चल रही है

# ईडी के 'वैध' समन में सहयोग के लिए तैयार केजरीवाल : आप

**भाषा। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली का कथित शराब घोटाला फर्जी है. उन्होंने कहा कि अगर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वैध समन भेजेगा तो वह उसके साथ सहयोग करेंगे. आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल बुधवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए और उन्होंने समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया. आप नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि कथित शराब घोटाले की जांच पिछले दो साल से जारी है लेकिन अब तक ईडी ने सबूत के तौर पर कुछ बरामद नहीं किया है. शाह ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले की जांच फर्जी है. इस मामले में जांच पिछले दो वर्षों से जारी है और ईडी ने 500 से अधिक गवाहों से पूछताछ की है और 1,000 से अधिक छापे मारे हैं लेकिन अब तक सबूत के तौर पर एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ है.

**छह जनवरी को गुजरात दौरे पर रवाना होंगे केजरीवाल :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे. आप सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपनी चुनावी यात्रा के दौरान जन सभाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे.



### केजरीवाल जांच से भाग रहे हैं : भाजपा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति घोटाला मामले में ईडी के तीसरे समन पर पेश नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर जांच से भागने का आरोप लगाया. ईडी को लिखे एक पत्र में आप नेता ने बुधवार को ईडी के सामने पेश नहीं होने के कारणों में राज्यसभा चुनाव, गणतंत्र दिवस की तैयारी और जांच एजेंसी के रुख तथा उनके पत्रों का जवाब नहीं देने का हवाला दिया. उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईडी द्वारा भेजे गई किसी भी प्रश्नों का उत्तर देने में खुशी होगी. भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप नेता शोर मचा रहे हैं कि उनके मुख्यमंत्री कभी भी गिरफ्तार हो सकते हैं. उन्होंने चोरी और भ्रष्टाचार किया है और अब वे हंगामा कर रहे हैं. सचदेवा ने कहा कि जांच एजेंसी ने आपको प्रमाण देने का मौका दिया है, लेकिन आप भाग रहे हैं और भगोड़े की तरह व्यवहार कर रहे हैं.

### केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश

आप नेता शाह ने कहा कि यह विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाने और चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश है. उन्होंने कहा कि आप और अरविंद केजरीवाल समन वैध होने की शर्त पर किसी भी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं. ईडी द्वारा आप नेताओं की गिरफ्तारी के तौर तरीकों के संदर्भ में शाह ने कहा कि ईडी के कदम उठाने से पहले ही भाजपा नेता कार्रवाई का खुलासा कर देते हैं. उन्होंने दावा किया कि कथित शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की गिरफ्तारी की पिछली दो घटनाओं में भी यही प्रवृति देखी गयी थी.

### ईडी के समन गैरकानूनी हैं : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है. संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मेरे वकीलों ने मुझे बताया कि ईडी के समन गैरकानूनी हैं. भाजपा मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए गिरफ्तार करना चाहती है.

### कुछ समय लगेगा मगर हमें कानून पर भरोसा है

आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि उनकी पार्टी के नेताओं को बिना किसी सबूत के एक के बाद एक जेल में डाला गया है, लेकिन वे हमेशा बेदाग निकले हैं. उन्होंने कहा कि इस मामले में भी कुछ समय लग सकता है लेकिन न्याय होगा. हमें कानून पर भरोसा है. केजरीवाल इससे पहले भी दो नवंबर और 21 दिसंबर को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे.

### मोहल्ला क्लीनिक के लिखे 'फर्जी' परीक्षणों की सीबीआई जांच

निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के लिए मोहल्ला क्लीनिक द्वारा फर्जी जांच का परामर्श दिये जाने के आरोपों को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का आदेश दिया है. राज निवास के सूत्रों ने यह जानकारी दी. यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं की कथित आपूर्ति की सीबीआई जांच का आदेश दिया था.

# पीपीपी ने बिलावल को पीएम पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया

**भाषा। लाहौर**

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पार्टी के 'चेयरमैन' और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी को प्रधानमंत्री पद के लिए आधिकारिक तौर पर दल का उम्मीदवार घोषित किया है. मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है. 'द इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक, पीपीपी की केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) ने आम चुनाव के वास्ते पार्टी के प्रचार अभियान पर विस्तृत चर्चा की.

बैठक में पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर चर्चा की गई जिसमें युवाओं, महिला सशक्तीकरण, रोज़गार, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है. बुधवार देर शाम हुई बिलावल के बैठक के थोड़ी देर बाद पीपीपी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर विस्तृति पोस्ट के साथ बैठक की तस्वीरें अपलोड कीं और बताया कि सीईसी के सदस्यों ने पार्टी प्रेसिडेंट आसिफ अली जरदारी और 'चेयरमैन' बिलावल भुट्टो ज़रदारी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया. पार्टी ने 'एक्स' पर कहा कि आसिफ अली ज़रदारी ने पीपीपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए बिलावल भुट्टो ज़रदारी का नाम पेश किया. उसने कहा कि सीईसी ने पीपीपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर बिलावल भुट्टो ज़रदारी का समर्थन किया.



**खास बातें**

- सीईसी ने चुनाव प्रचार अभियान पर विस्तृत चर्चा की
- पीपीपी ने पीएम पद के लिए बिलावल को समर्थन किया

### बांग्लादेश में होने वाले आम चुनाव के लिए तैयार हैं युवा

**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को मतदान होने वाला है और राजनीतिक अराजकता से मुक्त भविष्य का सपना संजोए युवा भी मतदान करेंगे. बांग्लादेश में दशकों से राजनीतिक लड़ाई दो शक्तिशाली महिलाओं के नेतृत्व वाली पार्टियों के इर्द गिर्द रही है, जो अक्सर सड़कों पर हिंसक रूप ले लेती है. लेकिन देश में पीढ़िगत बदलाव के संकेत दिख रहे हैं. 16.9 करोड़ की आबादी वाला बांग्लादेश रविवार को होने वाले आम चुनाव के लिए तैयार है. पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाला मुख्य विपक्षी दल पहले ही चुनावों के बहिष्कार का ऐलान कर चुका है जबकि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार अपनी 'डिजिटल बांग्लादेश' परियोजना से उन मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही. हसीना ने 2041 तक 'स्मार्ट बांग्लादेश' और 2030 तक युवाओं के लिए 1.5 करोड़ नयी नौकरियों का वादा किया है. पिछले शनिवार को ढाका के बाहरी इलाके में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम शेख हसीना ने युवा मतदाताओं से समर्थन मांगा है.

### खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा, कहा-

# कच्चे तेल के दाम गिर रहे हैं, पर लूटखोरी में कोई लगाम नहीं

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम नहीं करने को लेकर गुरुवार को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा. खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट में एक चार्ट भी डाला, जिसमें कहा गया कि 19 महीनों में कच्चे तेल की कीमत 31 फीसदी कम हो गई है, लेकिन मंत्री का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं होगी. कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पोस्ट में कहा कि कच्चे तेल के दाम लुढ़क रहे हैं, पर मोदी सरकार की लूटखोरी पर कोई लगाम नहीं है. मोदी जी के मंत्री कह रहे हैं कि 'तेल कंपनियों से दाम घटाने के बारे में कोई बात नहीं हुई है.' तेल कंपनियां हर एक लीटर पेट्रोल पर जनता से आठ से 10 रुपये और डीजल पर तीन से चार रुपये मुनाफा कमा रही हैं. खड़गे ने कहा कि देश भाजपा के अच्छे दिन के झूठे भाषणों और खोखले विज्ञापनों में... 50 सालों में सबसे कम हुई जनता की बचत का हिसाब ढूंढ रहा है.



**बोले खड़गे**

- कच्चे तेल की कीमत 31 फीसदी कम हो गई है
- तेल कंपनियों से दाम घटाने में कोई बात नहीं की गई

# छत्तीसगढ़ सरकार ने 89 वरिष्ठ अधिकारियों का किया तबादला

**भाषा। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बुधवार आधी रात को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 88 और भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी का तबादला कर दिया है. राज्य में नयी सरकार के गठन के बाद यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में अधिकारियों का तबादला किया गया है.

राज्य सरकार ने जिन अधिकारियों का तबादला किया है उनमें 19 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं. इस तबादले में उन अधिकारियों का भी विभाग प्रभावित हुआ है जो भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार के करीबी माने जाते थे. अधिकारियों ने बताया कि तबादला आदेश बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्री में जारी किया गया. अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने रायपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी), कांकेर, कोरबा, राजनांदगांव, बेमेतरा, कोंडागांव, दुर्ग, सूरजपुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बालोद, धमतरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और गरियाबंद जिले के कलेक्टरों का तबादला कर दिया है.

### भूकंप के मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी

**सुजु (जापान)।** जापान में इस सप्ताह की शुरुआत में आए विनाशकारी भूकंप के कारण पश्चिमी तट पर मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश के लिए बचावकर्मी कड़ाके की ठंड में कड़ी मशक्कत कर रहे हैं. भूकंप के कारण कई मकान पूरी तरह से ढह गए, जिसमें कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई और 51 लोग लापता हैं. अधिकारियों के मुताबिक, भारी बारिश और संभावित बर्फबारी के मद्देनजर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है. आधिकारिक तौर पर तीन शहरों में रातोंरात जारी की गई लापता लोगों की सूची में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 15 से बढ़कर 51 हो गई, जिसमें 13 वर्षीय एक लड़का भी शामिल है.

### इजराइल की मोसाद खुफिया सेवा के प्रमुख डेविड बर्निया ने कहा-

# हमास के सदस्यों को चुन-चुन कर मारेंगे

**भाषा। यरूशलम**

इजराइल की मोसाद खुफिया सेवा के प्रमुख डेविड बर्निया ने बुधवार को संकल्प जताया कि एजेंसी हमास के हर उस सदस्य को चुन-चुन कर मारेगी, जो इजराइल पर सात अक्टूबर को हुए हमले में शामिल था फिर चाहे वह कहीं पर छिपा हो. बेरूत में एक संदिग्ध इजराइली हमले में फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह के उपप्रमुख के मारे जाने के एक दिन बाद मोसाद प्रमुख ने यह बात कही. इजराइल ने चरमपंथी समूह के उपप्रमुख की हत्या से संबंधित खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन डेविड बर्निया की प्रतिक्रिया से ऐसा प्रतीत होता है कि इस हमले के पीछे मोसाद का ही हाथ है. उन्होंने 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में हुई हत्याओं के बाद के घटनाक्रमों का जिक्र किया, जब मोसाद के एजेंटों ने इजराइली खिलाड़ियों की हत्या में शामिल फिलिस्तीनी चरमपंथियों का पता लगाया और उन्हें मार डाला. लेबनान की राजधानी में हुए हमले में हमास के सबसे वरिष्ठ सदस्य सालेह अरौरी के मारे जाने के बाद हिजबुल्ला उग्रवादियों के साथ तनाव बढ़ने की आशंका के कारण बुधवार को इजराइल में 'हाई अलर्ट' घोषित कर दिया गया. लगभग तीन महीने पहले गाजा में युद्ध छिड़ने के बाद अरौरी का मारा जाना हमास के लिए एक बड़ा झटका है.

**संकल्प जताया**

- मोसाद ने फिलिस्तीनी चरमपंथियों को मार डाला
- अरौरी का मारा जाना हमास के लिए एक बड़ा झटका है

### घरों को रोशन करने के लिए लगेंगे सौर माइक्रो ग्रिड

**अगरतला।** केंद्र ने 9,000 से अधिक घरों को रोशन करने के लिए त्रिपुरा के दूरदराज के इलाकों में 274 सौर माइक्रो ग्रिड स्थापित करने के लिए राज्य को 81 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की परियोजना के तहत ये माइक्रो ग्रिड धलाई, उनाकोटी और दक्षिण, पश्चिम और उत्तरी त्रिपुरा जिलों के गांवों में स्थापित किए जाएंगे.त्रिपुरा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने दूरदराज के इलाकों विशेषकर जनजातीय बस्तियों में 274 सौर माइक्रो ग्रिड स्थापित करने के लिए 81 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं.

**शोध** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य क्या है, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता

# एआई के उपयोग से अपने दिमाग को जान सकते हैं आप

**भाषा। न्यूजीलैंड**

भविष्य के इतिहासकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आगमन के लिहाज से 2023 को एक मील का पत्थर मान सकते हैं. लेकिन, क्या वह भविष्य काल्पनिक, सर्वनाशकारी या कहीं इसके बीच का साबित होगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं है. फरवरी में, चैटजीपीटी ने 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाले सबसे तेज ऐप के रूप में रिकॉर्ड बनाया. इसके बाद गूगल, अमेजन, मेटा और अन्य बड़ी तकनीकी कंपनियों के एआई मॉडल आए, जो सामूहिक रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कई अन्य ज्ञान-गहन क्षेत्रों को बदलने के लिए तैयार हैं. हालांकि, मई में प्रमुख शोधकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित एक बयान में एआई से नुकसान की संभावना को रेखांकित किया गया था.

**एआई की ब्लैक बॉक्स समस्या :** ब्लैक बॉक्स रूपक बताता है कि एआई के बारे में लोगों की मान्यताएं पूरी दुनिया में ऐसी क्यों हैं. भविष्यवाणियां कल्पना से लेकर विलुप्त होने तक होती हैं, और कई लोग तो यह भी मानते हैं कि कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (एजीआई) जल्द ही चेतना प्राप्त कर लेगी. ल `किन यह अनिश्चितता समस्या को बढ़ा देती है.



### पूरी तरह से एआई को समझना असंभव

नवंबर में, एआई जोखिम के बारे में बढ़ती चिंता का जवाब देते हुए, 27 देशों (यूके, अमेरिका, भारत, चीन और यूरोपीय संघ सहित) ने सबके हित के लिए एआई के सुरक्षित विकास को सुनिश्चित करने के लिए इंग्लैंड के बैलेचले पार्क में शुरूआती एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन में सहयोग का वादा किया. मगर यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि एआई मॉडल मानवीय मूल्यों, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के अनुरूप हैं. इसमें एक समस्या यह है कि एआई का तथाकथित 'डार्क सीक्रेट' बड़े पैमाने के मॉडल इतने जटिल हैं कि वे एक ब्लैक बॉक्स की तरह हैं. किसी के लिए भी पूरी तरह से एआई को समझना असंभव है.

### एआई संरेखण और सुरक्षा

एआई संरेखण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास बेहद महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अगर हमारे पास जागरूकता और सामूहिक ज्ञान की कमी है तो यह पर्याप्त नहीं हो सकता है. ऐलिस की तरह, हमें सपने से जागना होगा और अपने दिमाग की वास्तविकता और शक्ति को पहचानना होगा.

### एआई संरेखण दोतरफा होना चाहिए

हमें न केवल यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एआई मॉडल मानवीय इरादों के अनुरूप हों, बल्कि यह भी कि एआई के बारे में हमारी मान्यताएं सटीक हों. ऐसा इसलिए है क्योंकि हम उन मान्यताओं के अनुरूप भविष्य बनाने में उल्लेखनीय रूप से माहिर हैं, भले ही हम उनसे अनजान हों. हमारी मान्यताएं (चेतन या अचेतन) एआई को कैसे प्रभावित कर सकती हैं, जिसमें विनाशकारी परिणाम भी शामिल हैं.


# महादेव ऐप मामला : ईडी ने नया आरोपपत्र दाखिल किया

**भाषा। नयी दिल्ली/रायपुर**

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के जरिये गैरकानूनी सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में रायपुर की विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दाखिल किया. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने दूसरी अभियोजन शिकायत (आरोप) को दुबई के अधिकारियों से भी साझा किया है ताकि ऐप के दो प्रमुख प्रवर्तकों रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर का निर्वासन या प्रत्यर्पण कराया जा सके. दोनों को हाल में ईडी की पहल पर इंटरपोल द्वारा जारी रेड नोटिस के तहत दुबई में हिरासत में लिया गया था. माना जा रहा है कि एजेंसी ने पहले आरोप पत्र की सामग्री संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों से साझा की थी जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया और इंटरपोल ने रेड नोटिस जारी किया. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लगभग 1,700-1,800 पन्नों का नया आरोपपत्र एक जनवरी को दायर किया गया जिसमें पांच लोगों को आरोपी के रूप में नामित किया गया है.

**खास बातें**

- एजेंसी ने आरोप पत्र यूएई के अधिकारी को साझा की थी
- आरोप पत्र के आधार पर रवि व सौरभ पर वारंट जारी किया



## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी अंतिम चरण में

# कैसै मिलेगा कमरा व आरती पास




अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का वक्त नजदीक आ रहा है और इसे लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं. अगर आप अयोध्या दर्शन का मन बना रहे हैं तो कुछ ऐप और वेबसाइट्स आपका काम आसान कर सकते हैं. इन ऐप्स और वेबसाइट्स को सरकार ने आधिकारिक रूप से जारी किया है, जिससे मंदिर में आरती से लेकर होटल तक की बुकिंग आसानी से की जा सके. राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और उद्घाटन से जुड़े कार्यक्रम 16 जनवरी से शुरू होने वाले हैं और करीब एक सप्ताह तक चलेंगे. इस दौरान कुछ वक्त के लिए रामलला के दर्शन रोके जाएंगे और बेहतर है कि आप इसके बाद ही अयोध्या जाएं. वैसे तो आप कई प्लेटफॉर्म्स से होटल बुकिंग कर सकते हैं लेकिन अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से इसके लिए आधिकारिक ऐप भी पेश किया गया है.

### होटल और होमस्टे के लिए ऐप

अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आसानी से राम मंदिर के पास होटल और होमस्टे मिल जाएं, इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार और अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से ''होली अयोध्या'' ऐप को आसान विकल्प बनाया गया है. यह ऐप एंड्रोइड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है. एंड्रॉयड ऐप का साइज 7.1 एमबी और आईओएस ऐप का साइज 8.7 एमबी है.



### आरती पास बुक करने का यह है तरीका

अगर आप राम मंदिर में होने वाली आरती का हिस्सा बनना चाहते हैं तो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की आधिकारिक वेबसाइट online.srjbtkshetra.org पर जाकर पास लेना होगा. वेबसाइट पर पास सेक्शन में जाने के बाद श्रृंगार आरती, भोग आरती या संध्या आरती का स्लॉट बुक करने का विकल्प मिलेगा. बता दें, एक समय की आरती में केवल 30 लोगों को शामिल होने की अनुमति होगी ऐसे में सीमित लोगों को ही पास मिल पाएंगे.

### अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का होगा आयोजन

**अयोध्या ।** अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को प्रस्तावित राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले उत्तर प्रदेश सरकार एक अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन करेगी. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में गुरुवार को कहा गया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उत्सव की तैयारी शुरू कर दी है, जिसके 19 से 21 जनवरी के बीच होने की संभावना है. इस पतंग महोत्सव देश और दुनिया भर के प्रसिद्ध पतंगबाजों को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा. विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस उत्सव को भव्य पैमाने पर आयोजित करने के लिए देश और विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न पतंग उत्सवों से प्रेरणा ली जा रही है. इस पूरे आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए एडीए द्वारा प्राइवेट एजेंसियों से आवेदन मांगा गया है.

### ऐसे डाउनलोड कर पाएंगे ऐप

- अपने मोबाइल डिवाइस में सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर या ऐपल ऐप स्टोर ओपेन करें.
- **इसके बाद सर्च बटन पर टैप करने के बाद Holy Ayodhya टाइप करें और सर्च करें.**
- सबसे ऊपर आपको पीले रंग के आइकन वाला ऐप दिखने लगेगा, जिसके डिवेलपर में एडीए का नाम लिखा होगा.
- **इसपर टैप करें और इंस्टॉल पर टैप करने के बाद ऐप आपके फोन में दिखने लगेगा.**
- ऐप में मोबाइल नंबर और उसपर भेजे गए ओटीपी की मदद से लॉगिन किया जा सकता है और अयोध्या में पसंदीदा लोकेशन पर रूम्स या होमस्टे बुक कर पाएंगे.



# गुरु पर्व को लेकर पटना साहिब में व्यापक तैयारी



**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज के 357 वें प्रकाश पर्व की व्यापक तैयारी की जा रही है. देश-विदेश से आने वाले लाखों यात्रियों की सुख-सुविधा के लिए शासन-प्रशासन सक्रिय हो उठा है. 15 से 17 जनवरी तक आयोजित गुरुपर्व में पड़ोसी राज्य झारखंड से भी बड़ी संख्या में संगत व श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है. गुरु जी का जहां जन्म हुआ, उसे तख्त श्रीहरिमन्दिर जी के नाम से जाना जाता है.

इस संबंध में तख्त श्रीहरिमंदिर जी के सभा कछ में आला अफसरों की बैठक हुई, जिसमें प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी भी शामिल हुए. बैठक में की जा रही व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया. गुरु जी के बाल्यकाल में गुजरे जीवन से सम्बन्धित अन्य गुरुद्वारों में कई जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई. जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह के मुताबिक श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है. गुरुपर्व के अवसर पर आवासन, परिवहन, यातायात प्रबंधन, विधि-व्यवस्था संधारण तथा भीड़ प्रबंधन की उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी. डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि इस वर्ष भी पावन प्रकाश गुरुपर्व में पटना नगर निगम द्वारा कचरा का बेस्ट मैनेजमेंट किया जाएगा.

**पटना-राजगीर के बीच बस सेवा :** पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पटना एवं राजगीर के बीच नियमित तौर पर उत्कृष्ट बसों का परिचालन किया जाएगा. श्रद्धालु एवं संगत पटना से राजगीर तथा राजगीर से पटना के बीच तीर्थ स्थानों का भ्रमण सुविधानुसार कर सकते हैं.

**होगी सड़कों की रिपेयरिंग :** डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पटना साहिब क्षेत्र एवं आस-पास के क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पथ की मरम्मति करायी जाएगी. पटना साहिब रेलवे स्टेशन, गुरुद्वारा, कंगन घाट एवं इसका एप्रोच, गुरु का बाग, बाल लीला गुरुद्वारा से पटनदेवी जाने का मार्ग, सड़कों, गलियों एवं अन्य स्थलों से अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा.

**ट्रैफिक व्यवस्था :** ट्रैफिक प्लान के अनुसार यातायात प्रबंधन किया जाएगा. ट्रैफिक पोस्ट की व्यवस्था की जाएगी. पार्किंग की समुचित सुविधा रहेगी. आकस्मिकता से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी रहेगी.

**नहीं बन पाया झारखंड भवन :** तख्त श्रीहरिमन्दिरजी प्रबंदक कमिटी में झारखंड का भी प्रतिनिधित्व होता है. इसके विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में एक झारखंड भी है. कुछ वर्ष पूर्व झारखंड के प्रतिनिधि जमशेदपुर के सरदार शैलेन्द्र सिंह ने तख्त साहब कैम्पस में भव्य झारखंड भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा था जिस पर आम सहमति भी बनी थी. क्षेत्र के उदारमना सिखों ने यथोचित राशि देने की बात कही थी.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# 12वीं के बाद पॉलिटेक्निक खोलता है कॅरियर का रास्ता



**एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद**

पॉलिटेक्निक, एक टेक्निकल कोर्स है, जो डिप्लोमा कोर्स होता है. यह काफी पॉपुलर कोर्स है, जिसे 10वीं या 12वीं पास करने के बाद में कर सकते हैं. पॉलिटेक्निक का मतलब ही होता है इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा. इस कोर्स के अंतर्गत कई ब्रांच की पढ़ाई कराई जाती है. यह जूनियर लेवल इंजीनियर को तैयार करने का एक तरीका है. बीटेक करने वाले लोग डिग्री हासिल करते हैं. वहीं पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को डिप्लोमा का सर्टिफिकेट दिया जाता है. जिसके बाद उन्हें जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्त करके नौकरी दी जाती है. पॉलिटेक्निक का कोर्स 12 वीं पास करने के बाद भी कर सकते हैं, लेकिन सबसे लाभदायक होगा कि पॉलिटेक्निक कोर्स कक्षा 10वीं के बाद ही किया जाए क्योंकि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में कक्षा 10वीं स्तर के प्रश्न पूछे जाते हैं. पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं के बाद पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के फॉर्म भर सकते हैं. हर राज्य में पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा फॉर्म हर साल निकाला जाता है. यदि पॉलिटेक्निक कोर्स की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ पास करने के बाद आप कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं. इसलिए अच्छे अंकों के साथ इसे पास करना आवश्यक हो जाता है.

### पॉलिटेक्निक के लाभ

- इसे करने के बाद आपको एक टेक्निकल सर्टिफिकेट हासिल होता है.
- **पॉलिटेक्निक के आधार पर आपको तुरंत जॉब भी मिल जाती है.**
- इसके बाद आप जूनियर इंजीनियर बन जाते हैं और जूनियर इंजीनियर के पद के लिए अप्लाई कर सकते हैं. इसके अलावा, लोको पायलट टेक्निकल असिस्टेंट, और बहुत सारे सरकारी पदों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं.
- **यह इंटरमीडिएट के बराबर की मान्यता प्राप्त होता है.**
- अगर आप डिप्लोमा की पढ़ाई अच्छे ढंग से करते हैं, तो आपकी समझदारी इंटरमीडिएट किए हुए छात्र से ज्यादा होती है और इसके अलावा ज्ञान भी ज्यादा होता है.
- **साधारण रूप से इंटरमीडिएट करने वाले छात्र जिस सरकारी जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं उसी जॉब के लिए डिप्लोमा छात्र अप्लाई कर सकते हैं.**
- बीटेक करने के लिए जाते हैं तब से सीधे सेकेंड ईयर में एडमिशन मिल जाता है.
- **इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कामयाब होने के लिए एक सही रास्ता है.**
- जब आप डिप्लोमा करके इंजीनियरिंग करने के लिए जाते हैं तो आपको काफी आसान होता है.

### पॉलिटेक्निक कोर्स के प्रकार

तकनीकी डिप्लोमा प्रोग्राम

गैर-तकनीकी डिप्लोमा प्रोग्राम

## पॉलिटेक्निक में होती है ये पढ़ाई

### मार्केटिंग मैनेजमेंट में ग्रेजुएट सर्टिफिकेट

ये 1 वर्षीय स्नातक प्रमाणपत्र प्रोग्राम है जिसे उन छात्रों के लिए बनाया गया है, जो मार्केटिंग की दुनिया में गहराई तक उतरना चाहते हैं. इसका उदेश्य छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग में विशेषज्ञता हासिल करवाना है, जो आजकल हर बिज़नस की प्रमुख ज़रुरत बन गई है. प्रोग्राम में एसईओ, मार्केटिंग एनालिसिस और सोशल मीडिया मार्केटिंग के टूल्स और टेकनीक की सूक्ष्म दृष्टि देता है.

### डिप्लोमा इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

ये एक 2 वर्षीय अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम है जिसे पेट्रोलियम इंडस्ट्री में करियर बनाने की चाह रखने वालों के लिए बनाया गया है. इस कोर्स को करने के बाद आप विभिन्न ड्रिपिंग टेकनीक, तेल और गैस के प्रभावी उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जानेंगे. ये पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्पेशलाइज्ड कोर्स में से एक है, इसमें छात्रों को इस क्षेत्र के वास्तविक पहलुओं को समझने में मदद करने के लिए इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप जैसे इंडस्ट्री ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शामिल हैं.

### डिप्लोमा इन बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन

जो उभरते हुए उद्यमिता के क्षेत्र को पढ़ना चाहते हैं, ये उनके लिए बनी टॉप पॉलिटेक्निक कोर्सेज में शामिल है, ये 2 वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम छात्रों को बिज़नेस के डायनामिक्स के बारे में गहरी समझ देता है. आप बिज़नेस की दुनिया के बारे में एक उद्यमी के नजरिये से जानेंगे और ये प्रोग्राम आपको अपने स्टार्टअप को सफल बनाने में जो अपेक्षित स्किल की जरूरत होती है, उससे लैस करेगा.

### डिप्लोमा इन एस्टेट मैनेजमेंट

अगर आप मैनेजमेंट में स्पेशलाइज्ड पॉलिटेक्निक कोर्स ढूंढ़ रहे हैं तो आपको एस्टेट मैनेजमेंट में 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम को जरूर आजमाना चाहिए. कोर्स में रियल स्टेट इंडस्ट्री के लीगल, फाइनेंसियल, मैनेजरियल और टेक्निकल नॉलेज को एक साथ बताया गया है. अगर आपका सुझाव रियल स्टेट की तरफ होता है तो इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप रियल स्टेट मैनेजमेंट के स्नातक की डिग्री के द्वितीय वर्ष में प्रवेश पाने के योग्य हो जाएंगे.

### डिप्लोमा इन एनीमेशन आर्ट एंड डिज़ाइन

वो जो एनीमेशन और ग्राफ़िक्स की दुनिया के दीवाने हैं, उनके लिए विजुअल आर्ट्स के स्पेशलाइस्ड क्षेत्र में अनेकों पॉलिटेक्निक कोर्स मौजूद हैं. एनिमेशन आर्ट एंड डिज़ाइन में डिप्लोमा एक ऐसा प्रोग्राम है जो 7 तिमाहियों तक चलता है. छात्रों को ग्राफ़िक डिजाईन, डिजिटल आर्ट्स और इमेजिंग, 2डी और 3डी एनीमेशन और वेक्टर एनीमेशन सिखाने के लिए इस कोर्स को डिजाईन किया गया है. ये कोर्स व्यक्तियों को गेमिंग, फिल्म्स, ग्राफ़िक डिजाईन और विज्ञापन जैसे करियर क्षेत्रों में काम करने के लिए तैयार करता है.



### डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट

ये एक 18 महीने का कोर्स है जो हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में मैनेजरियल करियर बनाने के लिए जरूरी स्किल्स छात्रों को सिखाता है. छात्रों को, होटल मैनेजमेंट के सामान्य पहलुओं से लेकर बजट के खर्चों से निपटने के लिए जरूरी ज्ञान और ग्राहकों को कैसे संभाला जाता है, इन सबकी सूक्ष्म जानकारी देना, इस कोर्स में हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट की बहुमुखी विशेषताओं को शामिल किया गया है.

### डिप्लोमा ऑफ़ एकाउंटिंग

सर्वाधिक माँग वाले पॉलिटेक्निक कोर्सेज में से एक, डिप्लोमा इन अकाउंटिंग 6 महीने का कोर्स है, जिसमें बुक कीपिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के बारे में पढ़ाया जाता है. ये प्रोग्राम वित्तीय खातों के विश्लेषण, निगरानी और रिपोर्टिंग में सूक्ष्म दृष्टि देता है, इस डिप्लोमा को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर आप फर्म्स और संगठनों में एक असिस्टेंट अकाउंटेंट के प्रोफाइल के लिए आवेदन कर सकते है.



### डिप्लोमा ऑफ़ अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन

ये 18 महीने का डिप्लोमा एलेमेंट्री और प्राथमिक स्कूलों में शैक्षणिक प्रोग्राम की योजना बनाने और संचालन से जुड़े स्किल्स से छात्रों को लैस करता है. इस कोर्स का सिलेबस समान्यत: प्रारंभिक वर्षों के सीखने के फ्रेमवर्क को फॉलो करता है, जो नये शिक्षकों को प्रभावी प्रारंभिक शिक्षण का ज्ञान प्रदान करने और सीखने की प्रक्रिया को मजेदार अनुभव बनाने के लिए इस एडवांस्ड प्रैक्टिकल मेथड्स को डिज़ाइन किया गया है.


### विदेशी यूनिवर्सिटीज

- हंबर कॉलेज, टोरंटो, कनाडा
- कोनेस्टोगा कॉलेज, किचनर, कनाडा
- मैकगिल विश्वविद्यालय, मॉन्ट्रियल, कनाडा
-जॉर्ज ब्राउन कॉलेज, टोरंटो, कनाडा
- टीसाइड यूनिवर्सिटी, मिडिल्सब्रा, यूके
- एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी, टेम्पे, यूएसए
-मेलबर्न विश्वविद्यालय, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया
- सेंटेनियल कॉलेज, टोरंटो, कनाडा
- नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी, बोस्टन, यूएसए
- मैकमास्टर विश्वविद्यालय, हैमिल्टन, कनाडा
- नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर, सिंगापुर

### भारतीय यूनिवर्सिटीज

-गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, मुंबई
-एस एच जोंधले पॉलिटेक्निक, ठाणे
- वी.पी.एम. पॉलिटेक्निक, ठाणे
-विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी पॉलिटेक्निक, मुंबई
-आदेश पॉलिटेक्निक कॉलेज, मुक्तसर
-अंजुमन पॉलिटेक्निक, नागपुर
- एग्नेल पॉलिटेक्निक, नवी मुंबई
-छोटू राम पॉलिटेक्निक, रोहतक
- अधिपरशक्ति पॉलिटेक्निक कॉलेज, कांचीपुरम
- एमईआई पॉलिटेक्निक, बंगलुरु

## जॉब अलर्ट



**1. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने (पीसीएस) राज्य सेवा व वन सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2024 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है.**

भर्ती संगठन – मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
परीक्षा – राज्य व वन सेवा परीक्षा 2024
पद संख्या – 74
वेतन – 1,14,800
अधिसूचना – जारी
योग्यता – डिग्री
नौकरी का स्थान – मध्य प्रदेश
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 19 जनवरी 2024
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 18 फरवरी 2024
परीक्षा तिथि – 28 अप्रैल 2024
ऑफिसियल साईट – mppsc.mp.gov.in
एजुकेशन क्वालिफिकेशन –
राज्य सेवा परीक्षा – अभ्यर्थी केन्द्रीय व राज्य अधिनियम द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधीन समझे गये विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि धारक होना चाहिए.
आयु- 21 से 40 वर्ष

**2. आंध्रप्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) ने सरकारी डिग्री महाविद्यालयों के अंतर्गत कॉलेज शिक्षा सेवा में व्याख्याता के पदों के लिए रिक्तिया निकाली है.**

भर्ती संगठन का नाम – आंध्रप्रदेश प्रदेश लोक सेवा आयोग
पद नाम – व्याख्याता (लेक्चरर)
पद संख्या – 339
अधिसूचना – जारी
नौकरी का स्थान – आंध्रप्रदेश
आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 24 जनवरी 2024
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 13 फरवरी 2023
ऑफिसियल साईट – https://psc.ap.gov.in
शैक्षणिक योग्यता– उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त संस्था से इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी बैचलर और मास्टर डिग्री/ पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए.
आयु सीमा –18 से 42

**3. ओडिशा लोक सेवा आयोग ( ओपीएससी) ने स्कूल व मदरसा शिक्षा विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर पीजीटी टीचर के पदों पर रिक्तियां निकाली हैं.**

भर्ती संगठन – ओडिशा लोक सेवा आयोग
पद नाम – पोस्ट ग्रेजुएट टीचर
पद नाम – 1375
अधिसूचना – जारी
नौकरी का स्थान – ओडिशा
आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 31 जनवरी 2024
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 2 मार्च 2024
आयु सीमा 21 से 38 वर्ष
ऑफिसियल साईट – https://opsc.gov.in

### इन विषयों पर ये हैं रिक्तियां

| | |
|---|---|
| एंथ्रोपोलॉजी | 05 |
| बॉटनी | 50 |
| कॉमर्स | 48 |
| केमिस्ट्री | 69 |
| शिक्षा | 28 |
| अंग्रेजी | 193 |
| अर्थशास्त्र | 51 |
| भूगोल | 07 |
| जियोलॉजी | 02 |
| हिंदी | 14 |
| इतिहास | 141 |
| गृह विज्ञान | 16 |
| लॉजिक फिलोसोफी | 51 |
| गणित | 40 |
| ओडिया | 223 |
| फिजिक्स | 63 |
| राजनीति विज्ञान | 142 |
| साइकोलॉजी | 16 |
| संस्कृत | 21 |
| सोशियोलॉजी | 35 |
| सांख्यिकी | 09 |
| जूलॉजी | 50 |
| उर्दू | 01 |

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)